संस्करण : प्रयागराज
वर्ष : 15
अंक : 193
पृष्ठ : 6
मूल्य : 2.0
मंगलवार 15 सितम्बर 2026

राष्ट्रीय हिन्दी दैनिक
www.pratahkalexpress.in
# प्रातःकाल एक्सप्रेस
सच से रुबरु

प्रयागराज से प्रकाशित एवं कौशाम्बी, प्रतापगढ़, अयोध्या, लखनऊ, वाराणसी, मिर्जापुर, सोनभद्र, झांसी, बिजनौर में प्रसारित




**लोक आयुक्त संगठन के स्थापना दिवस का सीएम योगी ने किया शुभारंभ**

## लोक सेवक जनता के प्रति जवाबदेह : सीएम योगी



लखनऊ, संवाददाता। उत्तर प्रदेश लोक आयुक्त संगठन अपनी स्थापना के 50 वर्ष पूरे होने पर लखनऊ में स्वर्ण जयंती समारोह आयोजित कर रहा है। गोमतीनगर स्थित लोक आयुक्त कार्यालय में आयोजित कार्यक्रम में मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ मुख्य अतिथि के रूप में शामिल हुए। समारोह की अध्यक्षता लोक आयुक्त न्यायमूर्ति संजय मिश्र कर रहे हैं। कार्यक्रम की शुरुआत दीप प्रज्वलन के साथ हुई। लोक आयुक्त संजय मिश्र ने पौधा भेंट कर मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ का स्वागत किया। स्वर्ण जयंती समारोह के दौरान मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ लोक आयुक्त प्रशासन की स्मारिका और सूचना पुस्तिका का विमोचन करेंगे। कार्यक्रम में लोक आयुक्त संगठन से जुड़े अधिकारी और अन्य गणमान्य लोग भी मौजूद हैं। समारोह में संगठन के पांच दशकों के सफर, कार्यप्रणाली और उपलब्धियों को प्रदर्शित करने के लिए विशेष प्रदर्शनी भी लगाई गई है। उत्तर प्रदेश लोक आयुक्त संगठन भ्रष्टाचार से संबंधित शिकायतों की स्वतंत्र, निष्पक्ष और कानून के अनुरूप जांच करने में महत्वपूर्ण भूमिका निभाता है। स्थापना से अब तक संगठन ने किस तरह काम किया और उसकी कार्यप्रणाली में समय के साथ क्या बदलाव आए, इसकी जानकारी प्रदर्शनी में दी जा रही है। प्रदर्शनी के माध्यम से संगठन के गठन से लेकर अब तक के महत्वपूर्ण पड़ावों और प्रमुख उपलब्धियों को क्रमवार प्रस्तुत किया जाएगा। स्वर्ण जयंती समारोह की विशेष प्रदर्शनी में लोक आयुक्त संगठन की पांच दशक की यात्रा को दर्शाया गया है। इसमें संगठन के गठन, शिकायतों की जांच की प्रक्रिया, कार्यप्रणाली और समय–समय पर किए गए महत्वपूर्ण कार्यों की जानकारी शामिल है। इस आयोजन के जरिए लोक आयुक्त संगठन के 50 वर्षों के सफर और भ्रष्टाचार से जुड़ी शिकायतों के निस्तारण में उसकी भूमिका को सामने रखा जा रहा है। मुख्यमंत्री ने कहा कि लोक सेवक जनता के प्रति जवाबदेह होते हैं। कई बार किसी व्यक्ति को ताकत मिलने के बाद उसके व्यवहार में अहंकार आ जाता है। सीएम योगी ने कहा, प्रभुता पाई काहि मद नाहीं यानी सत्ता या अधिकार मिलने के बाद व्यक्ति के व्यवहार में अहंकार नहीं आना चाहिए। लोकायुक्त जैसी संस्थाएं लोक सेवकों को उनकी जिम्मेदारी, जवाबदेही और नैतिक दायित्व का एहसास कराने में महत्वपूर्ण भूमिका निभा सकती हैं। मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ ने कहा कि लोक सेवकों को जनता के प्रति जवाबदेह बनाए रखने के लिए लोकायुक्त जैसी संस्थाओं का मजबूत होना जरूरी है। ताकत मिलने के बाद कोई लोक सेवक उच्छृंखल और उद्दंड न हो, इसके लिए ऐसी व्यवस्था जरूरी है, जो उसे उसकी जिम्मेदारी और मर्यादा का एहसास कराए।

## भारतीय भाषाओं के बीच संवाद और राष्ट्रीय एकता की महत्वपूर्ण कड़ी है हिन्दी : अमित शाह



नयी दिल्ली,एजेंसी। केंद्रीय गृह मंत्री अमित शाह ने कहा है कि हिन्दी किसी भाषा की प्रतिस्पर्धी नहीं, बल्कि भारतीय भाषाओं के बीच आत्मीय संवाद और राष्ट्रीय एकता की महत्वपूर्ण कड़ी है। श्री शाह ने हिन्दी दिवस पर अपने संदेश में सोमवार को कहा कि हिंदी का विकास तभी सार्थक है, जब वह सभी भारतीय भाषाओं के सम्मान, संरक्षण और संवर्धन के साथ आगे बढ़े। उन्होंने कहा कि भारत की भाषाई विविधता उसकी कमजोरी नहीं, बल्कि सबसे बड़ी ताकत है। हर भाषा अपने साथ इतिहास, लोकपरंपरा और जीवन–दृष्टि लेकर चलती है। हिंदी ने इसी विविधता के बीच संवाद, संपर्क और समन्वय की भाषा के रूप में देश के विभिन्न वर्गों और समुदायों को जोड़ने में महत्वपूर्ण भूमिका निभाई है। गृह मंत्री ने कहा कि स्वतंत्रता आंदोलन के दौरान स्वराज, स्वदेशी और स्वभाषा के विचारों ने राष्ट्रीय चेतना को नई ऊर्जा दी। स्वतंत्रता के बाद भी भारतीय भाषाएं राष्ट्र निर्माण, प्रशासन और विकास को जन–जन तक पहुंचाने का माध्यम बनीं। संविधान सभा ने 14 सितंबर, 1949 को हिंदी को भारतीय संघ की राजभाषा के रूप में स्वीकार किया। उन्होंने कहा कि नई शिक्षा नीति मातृभाषा को शिक्षा के केंद्र में रखती है। अब इंजीनियरिंग और चिकित्सा की पढ़ाई भारतीय भाषाओं में हो रही है और प्रतियोगी परीक्षाएं भी अनेक भारतीय भाषाओं में आयोजित की जा रही हैं। श्री शाह ने कहा कि तकनीक के युग में हिंदी सहित सभी भारतीय भाषाएं तकनीकी विकास का स्वर्णिम युग देख रही हैं। राजभाषा विभाग का कृत्रिम मेधा (एआई) आधारित श्भारतीश टूल भारतीय भाषाओं के बीच संवाद को सहज बना रहा है। वहीं, 8.27 लाख से अधिक प्रविष्टियों वाला हिंदी शब्द सिंधु डिजिटल शब्दकोश ज्ञान–साझा करने का माध्यम बन चुका है।

### राजस्थान: परबतसर में भाजपा प्रत्याशी झंपसीं बेंदक को मिला सिर्फ एक वोट

जयपुर, एजेंसी। राजस्थान के नगर निकाय चुनावों में सत्तारूढ़ भारतीय जनता पार्टी (भाजपा) के एक उम्मीदवार को सोमवार को अजीब स्थिति का सामना करना पड़ा जब उन्हें एक ही वोट मिला। प्रत्याशी को मिला वोट भी उनका खुद का नहीं है। यह वाकया डीडवाना–कुचामन जिले की परबतसर नगरपालिका के वार्ड संख्या–13 में सामने आया। इस वार्ड से भाजपा के उम्मीदवार कैलाशचंद को सिर्फ एक मत मिला। राज्य निर्वाचन आयोग की वेबसाइट के अनुसार कांग्रेस उम्मीदवार हिना खानम ने 376 वोट लेकर चुनाव जीता। इस वार्ड में निर्दलीय उम्मीदवार राशिद खान को 195 वोट मिले। कैलाशचंद ने 'पीटीआई–भाषा' को बताया कि वह वार्ड संख्या– 12 के मतदाता हैं लेकिन पार्टी ने उन्हें नजदीकी वार्ड संख्या–13 से उम्मीदवार बनाया था। उन्होंने कहा, मुझे एक मत मिला। मेरा मत वार्ड संख्या– 12 में है। मुझे वार्ड संख्या–13 से उम्मीदवार बनाया गया था। उस वार्ड के किसी एक व्यक्ति ने मुझे वोट दिया है। परबतसर नगरपालिका में 25 वार्ड हैं। कांग्रेस ने 13 वार्ड जीतकर बहुमत हासिल किया जबकि 12 वार्ड में भाजपा के उम्मीदवार जीते। राज्य में 309 नगर निकायों के लिए संपन्न चुनाव के लिए सोमवार को मतगणना हुई। इस दौरान इस वार्ड के चुनाव परिणाम लोगों में चर्चा का विषय बना रहा।

### सागर शराब कांड का असर: टीकमगढ़ में महिलाओं ने शराब दुकान में की तोड़फोड़, 25 लाख का माल नष्ट

सागर,एजेंसी। मध्यप्रदेश के सागर में जहरीली शराब से हुयी मौत के बाद गुस्साई महिलाओं ने टीकमगढ़ जिले के एक लाइसेंसी शराब दुकान पर हमला कर दिया और करीब 25 लाख रुपये की देसी एवं भारत में निर्मित विदेशी शराब नष्ट कर दी। पुलिस ने सोमवार को यह जानकारी दी। शराब विरोधी नारे लगाते हुए और शोक संतप्त परिवारों के लिए न्याय



की मांग करते हुए प्रदर्शनकारियों ने रविवार को जिले के बम्होरी गांव में एक दुकान पर धावा बोला। जिला आबकारी अधिकारी नरेश प्रताप सिंह ने बताया कि जिला मुख्यालय से करीब 35 किलोमीटर दूर जतारा उपमंडल के बम्होरी में यह घटना हुई। उन्होंने बताया कि महिलाओं के एक दल ने मां गहौली वाइन द्वारा संचालित एक दुकान को निशाना बनाया और इस दौरान 25 लाख रुपये मूल्य की देसी और भारत में निर्मित विदेशी शराब (आईएमएफएल) नष्ट कर दी। टीकमगढ़ और सागर मध्यप्रदेश के आर्थिक रूप से पिछड़े बुंदेलखंड क्षेत्र के जिलों में से हैं, जो उत्तर प्रदेश की सीमा से सटा हुआ है। आबकारी अधिकारी ने आरोप लगाया कि बम्होरी गांव के सरपंच ने शराब की दुकान के खिलाफ माहौल बनाने के लिए सागर त्रासदी का इस्तेमाल किया और अपने स्थानीय राजनीतिक प्रभाव को मजबूत करने के प्रयास में लोगों को लामबंद किया। डिगोडा पुलिस थाने के अंतर्गत बम्होरी बीट पर तैनात एक पुलिसकर्मी ने कहा कि दुकान के एक कर्मचारी ने एक आवेदन देकर अज्ञात लोगों के खिलाफ प्राथमिकी दर्ज करने की मांग की है। पुलिस ने हाल ही में हुये सागर जहरीली शराब त्रासदी मामले में अब तक 19 लोगों को गिरफ्तार किया है। इनमें दो आरोपियों को मुठभेड़ के बाद गिरफ्तार किया गया।

## सुप्रीम कोर्ट से याचिका खारिज होने के बाद 3 मुख्य आरोपियों ने किया सरेंडर



मुंबई,एजेंसी। गोवा के नाइटक्लब 'बर्च बाय रोमियो लेन' अग्निकांड के मामले में जमानत रद्द किए जाने के खिलाफ दायर याचिकाएं उच्चतम न्यायालय द्वारा खारिज किए जाने के दो सप्ताह बाद तीन मुख्य आरोपियों ने सोमवार को गोवा की एक अदालत के समक्ष आत्मसमर्पण कर दिया। शीर्ष अदालत के निर्देश के बाद नाइटक्लब के मालिक सौरभ लूथरा और गौरव लूथरा तथा उनके कारोबारी साझेदार अजय गुप्ता ने मापुसा की अपर जिला एवं सत्र अदालत के समक्ष आत्मसमर्पण किया। उत्तरी गोवा के अरपोरा स्थित 'बर्च बाय रोमियो लेन' नाइटक्लब में छह दिसंबर 2025 को लगी भीषण आग में 25 लोगों की मौत हो गई थी और कई अन्य घायल हो गए थे। आरोपियों की ओर से पैरवी कर रहीं अधिवक्ता सौम्या ड्रागो ने पुष्टि की कि अदालत ने उनके मुवक्किलों का आत्मसमर्पण स्वीकार कर लिया और आवश्यक हिरासत संबंधी आदेश जारी किए। मुंबई उच्च न्यायालय ने आरोपियों की जमानत रद्द कर उन्हें दो सप्ताह के भीतर आत्मसमर्पण करने का निर्देश दिया था। इसके विरोध में आरोपियों ने अपील की थीं। उच्चतम न्यायालय ने आरोपियों की याचिकाओं को 31 अगस्त को खारिज कर दिया था। शीर्ष अदालत ने अधीनस्थ अदालत को मामले की सुनवाई में तेजी लाने का भी निर्देश दिया था। ड्रागो ने संवाददाताओं से कहा कि उनके मुवक्किलों के चिकित्सा संबंधी दस्तावेजों और चिकित्सकों की सलाह के आधार पर अदालत में एक आवेदन दायर कर कुछ चिकित्सा सुविधाएं उपलब्ध कराने का अनुरोध किया गया है। उन्होंने बताया कि अदालत ने दवाओं और गद्दे से संबंधित अनुरोध स्वीकार कर लिए, लेकिन विशेष जूतों की मांग पर कोई फैसला नहीं किया और इस संबंध में जांच अधिकारी से जवाब मांगा है। उन्होंने कहा कि अदालत अगले कार्य दिवस पर इस अनुरोध पर विचार कर सकती है। मुंबई उच्च न्यायालय ने मामले की गंभीरता और कानूनी कार्यवाही की आवश्यकता का हवाला देते हुए तीनों आरोपियों को दी गई जमानत 18 अगस्त को रद्द कर दी थी। इसके बाद तीनों ने उच्चतम न्यायालय का रुख किया था, लेकिन शीर्ष अदालत ने उच्च न्यायालय के आदेश में हस्तक्षेप करने से इनकार कर दिया।

### स्वर्ण पदक जीतने वाले पहले भारतीय बने धीरज बोम्मादेवरा, सीएम नायडू ने दी बधाई

अमरावती,एजेंसी। आंध्र प्रदेश के मुख्यमंत्री एन. चंद्रबाबू नायडू ने तीरंदाजी विश्व कप फाइनल में स्वर्ण पदक जीतकर इतिहास रचने वाले पहले भारतीय पुरुष रिकर्व तीरंदाज धीरज बोम्मादेवरा को सोमवार को बधाई दी। बोम्मादेवरा ने रोमांचक खिताबी मुकाबले में रविवार को जापान के जुन्या नाकानिशी को हराया था। मुख्यमंत्री ने 'एक्स' पर एक पोस्ट में कहा, ''तीरंदाजी विश्व कप फाइनल में स्वर्ण पदक जीतने वाले पहले भारतीय पुरुष तीरंदाज बनने पर बोम्मादेवरा को बहुत–बहुत बधाई।'' उन्होंने कहा कि आंध्र प्रदेश और पूरा देश गौरवान्वित है क्योंकि बोम्मादेवरा ने प्रतिष्ठित खिताब जीतकर भारतीय पुरुष रिकर्व तीरंदाजी का 16 साल का इंतजार भी खत्म कर दिया। ायडू ने कहा, ''धीरज, आपने दुनिया को दिखा दिया है कि लगातार मेहनत, लगन और पक्के इरादे से क्या कुछ नहीं हासिल किया जा सकता। आप हमारे राज्य के बहुत सारे प्रतिभाशाली लोगों के लिए प्रेरणा हैं। ऐसे ही सटीक निशाने लगाते रहें!''

### दिशा सालियान केसः बॉम्बे हाई कोर्ट के आदेश के बाद सीबीआई ने दर्ज की एफआईआर

नयी दिल्ली,एजेंसी। केंद्रीय अन्वेषण ब्यूरो (सीबीआई) ने दिवंगत अभिनेता सुशांत सिंह राजपूत की पूर्व मैनेजर दिशा सालियान की मौत के मामले में प्राथमिकी दर्ज की है। अधिकारियों ने सोमवार को यह जानकारी दी। इस महीने की शुरुआत में बंबई उच्च न्यायालय ने सालियान की मौत की जांच सीबीआई से कराने का आदेश दिया था और छह साल तक प्राथमिकी दर्ज नहीं करने के



लिए मुंबई पुलिस को फटकार लगाते हुए कहा था कि उसकी जांच से ''जवाब मिलने के बजाय और सवाल खड़े होते हैं।'' पीठ ने छह साल तक मामले को केवल दुर्घटनावश मौत के रूप में देखने के लिए पुलिस की आलोचना की थी और जांच में ''स्पष्ट विसंगतियों'' की ओर इशारा किया था। राजपूत की मैनेजर के रूप में कुछ समय काम कर चुकीं सालियान की आठ जून 2020 को मुंबई के मलाड इलाके में एक आवासीय इमारत की 12वीं मंजिल से गिरने के बाद मौत हो गई थी। मुंबई पुलिस ने मामले में दुर्घटनावश मौत की रिपोर्ट (एडीआर) दर्ज की थी। राजपूत एक सप्ताह बाद 14 जून 2020 को अपने अपार्टमेंट में मृत पाए गए थे, जिसके बाद दोनों की मौत की घटनाओं के बीच संभावित संबंध को लेकर अटकलें लगने लगी थीं। राजपूत की मौत के बाद मचे हंगामे के बीच महाराष्ट्र सरकार ने मामले की सीबीआई जांच का आदेश दिया था।

### रेप मामले में तरुण तेजपाल ने किया सरेंडर, एससी ने दी थी तीन हफ्ते की मोहलत

नई दिल्ली,एजेंसी। मशहूर न्यूज़ मैगज़ीन 'तहलका' के जाने–माने पूर्व एडिटर–इन–चीफ़ तरुण तेजपाल ने सोमवार को गोवा की मापुसा कोर्ट में सरेंडर कर दिया। यह 2013 के रेप केस से जुड़ा मामला है, जिसमें सुप्रीम कोर्ट ने उन्हें सरेंडर करने का निर्देश दिया था। सुप्रीम कोर्ट ने 63 साल के पूर्व एडिटर को सज़ा के ख़िलाफ़ उनकी अपील पर सुनवाई शुरू होने से पहले सरेंडर करने के लिए तीन हफ़्ते का समय दिया था। तीन हफ़्ते की यह समय–सीमा कल खत्म हो रही है। बॉम्बे हाई कोर्ट की गोवा बेंच ने 6 अगस्त को तेजपाल को दोषी ठहराया और 2013 में अपनी एक पूर्व सहयोगी के साथ रेप करने के आरोप में 10 साल की जेल की सज़ा सुनाई। कोर्ट ने इस मामले में 2021 में उन्हें बरी किए जाने के



फ़ैसले को पलट दिया था। तेजपाल का कहना है कि वह खुद पीड़ित हैं। पिछले महीने, सुप्रीम कोर्ट ने तेजपाल की उस अर्ज़ी को खारिज कर दिया था जिसमें उन्होंने बॉम्बे हाई कोर्ट के दोषी ठहराने वाले फ़ैसले के ख़िलाफ़ सुप्रीम कोर्ट में अपनी अपील लिस्ट होने तक सरेंडर से छूट मांगी थी। तेजपाल ने सरेंडर करने से छूट की मांग की थी, उनका तर्क था कि सुप्रीम कोर्ट को पहले उनकी अपील को लिस्ट करना चाहिए और उस पर सुनवाई करनी चाहिए।

## पीएम मोदी के जन्मदिन पर 'आशीर्वाद का दीया' जलाएं : नितिन नवीन





नयी दिल्ली,एजेंसी। भारतीय जनता पार्टी (भाजपा) के राष्ट्रीय अध्यक्ष नितिन नवीन ने सोमवार को लोगों से अपील की कि वे 17 सितंबर को प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी के जन्मदिन पर अपने घरों में 'आशीर्वाद का दीया' जलाएं और उनके लंबे एवं स्वस्थ जीवन के लिए प्रार्थना करें। भाजपा ने मोदी के सार्वजनिक जीवन के 25 वर्ष पूरे होने के उपलक्ष्य में 17 सितंबर से 17 अक्टूबर तक 'सेवा संकल्प अभियान' चलाने की घोषणा की है जिसके तहत जनभागीदारी, कल्याणकारी योजनाओं की पहुंच बढ़ाने और युवाओं की भागीदारी पर केंद्रित कई कार्यक्रम आयोजित किए जाएंगे। पार्टी मोदी के जन्मदिन को 'सेवा दिवस' के रूप में मनाएगी और इस अवसर पर देशभर में 'आशीर्वाद का दीया' कार्यक्रम एवं रक्तदान शिविर आयोजित करने की योजना है। नवीन ने सोशल मीडिया मंच 'एक्स' पर साझा किए गए एक वीडियो संदेश में कहा कि ''जनसेवा से देशसेवा'' प्रधानमंत्री मोदी के जीवन का मूल ध्येय रहा है और उनके नेतृत्व में भारत 'विकसित भारत' के लक्ष्य की ओर आगे बढ़ रहा है। उन्होंने लोगों से प्रधानमंत्री के जन्मदिन पर शाम छह बजे से सात बजे के बीच अपने–अपने घरों में 'आशीर्वाद का दीया' जलाने की अपील की। नवीन ने कहा, ''मैं 'आशीर्वाद का दीया' जलाऊंगा तथा अपने देशवासियों से भी अपील करता हूं कि आप भी 'आशीर्वाद का दीया' जलाएं और हमारे प्रधानमंत्री की दीर्घायु एवं उनकी निरंतर सफलता के लिए प्रार्थना करें।'' उन्होंने कहा कि देश का नेतृत्व संभालने के बाद मोदी ने ''बेहद कठिन परिस्थितियों'' का सामना किया और नयी नीतियां बनाईं, नए कार्यक्रम शुरू किए तथा कई ऐसी योजनाएं लागू कीं, जिनसे आम लोगों के जीवन में बदलाव आया। नवीन ने कोविड महामारी के दौरान मोदी के नेतृत्व की सराहना करते हुए कहा कि प्रधानमंत्री ने लोगों में यह विश्वास पैदा किया कि देश आगे बढ़ सकता है और ''चुनौतियों को अवसरों में बदल सकता है।'' उन्होंने कहा कि कोरोना वायरस महामारी के दौरान भारत के टीकाकरण अभियान ने दुनिया को यह संदेश दिया कि देश ''आत्मनिर्भर भारत'' की दिशा में आगे बढ़ रहा है।

संपादकीय

# नस्लभेदी अमेरिका

यूं तो ट्रंप प्रशासन भारतीयों को नस्लीय आधार पर निशाना बनाने का मौका कभी नहीं छोड़ता, लेकिन हाल ही में अमेरिकी डिपार्टमेंट ऑफ होमलैंड सिक्योरिटी यानी डीएचएस द्वारा जारी एक विवादित विज्ञापन ने उसकी संकीर्ण सोच को ही उजागर किया है। हालांकि, अमेरिका के हिंदू,सिख संगठनों और डेमोक्रेट नेताओं द्वारा पुरजोर विरोध करने के बाद सोशल मीडिया पर पोस्ट किया गया वह विज्ञापन हटा लिया गया, जिसमें 'मिस्टर सिंह' को निशाना बनाया गया था। निश्चित रूप से इस अप्रिय घटना को सिर्फ एक पोस्ट हटाने के बावजूद नजरअंदाज नहीं किया जा सकता। दूसरे अर्थों में यह अमेरिका में भारतीयों को लगातार निशाना बनाने की लगातार की जा रही कोशिशों का ही हिस्सा भर है। दरअसल, अमेरिका में बिना लाइसेंस वाले कमर्शियल ड्राइवरों के खिलाफ चलाये जा रहे अभियान के तहत जारी इस विज्ञापन में एआई के जरिये बनाई गई, एक दाढ़ी वाले गेहुंआ रंग के व्यक्ति की तस्वीर का इस्तेमाल किया गया था। इसके साथ अभद्र भाषा के साथ चेतावनी वाला संदेश भी लिखा गया था– 'हमारी सड़कों से हट जाओ, तुम्हें गाड़ी चलाना नहीं आता, मिस्टर सिंह।' उसके बाद धमकी दी गई थी, 'खुद देश छोड़कर चले जाओ या अंजाम भुगतो।' दशकों से पूरी दुनिया की सरकारों को मानवता, धर्मनिरपेक्षता, मौलिक अधिकार, समरसता जैसे भारी–भरकम शब्दों के जरिये अस्थिर करने के प्रयासों में लगा अमेरिका अपनी इस कवायद से बेनकाब होता नजर आया है। स्वाभाविक रूप से इस विज्ञापन के सामने आने के बाद भारतीय–अमेरिकियों और सिख संगठनों के साथ–साथ डेमोक्रेट नेताओं ने भी इस पोस्ट को नस्लवादी और भेदभावपूर्ण बताकर घोर निंदा की है। इसमें दो राय नहीं कि आप्रवासन कानून को लागू करने या खतरनाक तरीके से गाड़ी चलाने वालों के खिलाफ कार्रवाई करने में कुछ भी गलत नहीं है। असल में, जब लापरवाही या आपराधिक व्यवहार के कारण मौतें होती हैं, तो सरकारों का यह भी कर्तव्य होता है कि वह कार्रवाई करें। लेकिन कानून का पालन व्यक्ति के व्यवहार के आधार पर होना चाहिए न कि उसकी जाति, रूप–रंग, धर्म या उपनाम के आध ार पर किया जाए। इसमें दो राय नहीं है कि भारतीय व अन्य प्रवासियों ने अपने खून–पसीने से अमेरिका की समृद्धि को सींचा है। उनकी समृद्धि अथक प्रयासों व कड़ी मेहनत का फल है जो आज गोरे अमेरिकनों को रास नहीं आता। अब तक भारतवंशियों का विरोध अमेरिका में गुपचुप ढंग से होता था, ट्रंप के शासनकाल में वह खुलकर सामने आने लगा है। अमेरिका की एक जिम्मेदार फेडरल एजेंसी डीएचएस जब इस तरह का कृत्य करती है तो यह शर्मनाक ही कहा जाएगा। उसके विज्ञापन में भारत में आदर से लिये जाने वाले 'सिंह' उपनाम का दुर्भावना से प्रयोग किया जाना विशेषकर चिंता की बात है। यह उपनाम सिखों में आम है और कुछ हिंदू भी इसका प्रयोग करते हैं। इस शब्द को गैर–कानूनी आप्रवासन या खतरनाक ड्राइविंग से जोड़ने से एक आम सांस्कृतिक पहचान को एक मजाक में बदले जाने का खतरा पैदा होता है। यह दुर्भाग्यपूर्ण ही है कि सिख समुदाय को 9ध11 के हमलों के बाद लगातार नफरत प्रेरित अपराधों का सामना करना पड़ा था। उनकी पहचान को अज्ञानतावश हमलावरों से जोड़ कर देखा जा रहा था। इस समुदाय के लिये यह दंश झेलना बेहद कष्टकारी रहा है। डीएचएस यह दलील दे सकता है कि इस अभियान का मकसद गंभीर अपराधों के आरोपी विदेशी नागरिकों से जुड़े कुछ खास मामलों को उजागर करना था। यदि ऐसा है तो इन मामलों की जांच होनी चाहिए। साथ ही जहां जरूरी हो, वहां कानूनी कार्रवाई भी करनी चाहिए। लेकिन किसी व्यक्ति विशेष की गलत हरकत को पूरे समुदाय पर शक करने की वजह नहीं बनाया जा सकता। निस्संदेह, सरकारों को लोगों की सुरक्षा को बढ़ावा देना चाहिए और कानूनी तौर पर होने वाले आव्रजन में मदद करनी चाहिए– न कि पूरे समुदाय का मजाक उड़ाकर बदनाम करना चाहिए। अमेरिका को चाहिए कि वह अपने कानूनों को निष्पक्ष रूप से लागू करे। सभी नागरिकों पर एक ही नियम–कानून लागू होने चाहिए। अब चाहे उनका सरनेम, धर्म, त्वचा का रंग या मूल नागरिकता किसी भी देश की हो।

# हिंदी दिवस : आखिर 14 सितंबर का औचित्य क्या रह गया है?

राजीव कुमार
(सामाजिक कार्यकर्ता एवं स्तंभकार)
प्रातःकाल एक्सप्रेस



हर वर्ष 14 सितंबर को हम हिंदी दिवस मनाते हैं। विद्यालयों, सरकारी कार्यालयों और विभिन्न संस्थानों में कार्यक्रम होते हैं, भाषण दिए जाते हैं और हिंदी के सम्मान की बातें होती हैं। लेकिन आज सबसे बड़ा प्रश्न यह है कि हिंदी दिवस मनाने के बाद हम हिंदी के लिए वास्तव में क्या करते हैं? क्या हिंदी केवल एक दिन के आयोजन, भाषण और औपचारिक शुभकामनाओं तक सीमित रह गई है?

इस प्रश्न पर आज गंभीरता से विचार करने की आवश्यकता है।

भारत की भाषाई और सांस्कृतिक विरासत अत्यंत समृद्ध रही है। हमारी शिक्षा व्यवस्था कभी गुरुकुल परंपरा पर आधारित थी, जिसमें ज्ञान, संस्कार, चरित्र और जीवन–मूल्यों को समान महत्व दिया जाता था। समय के साथ हमने औपनिवेशिक शिक्षा व्यवस्था को स्वीकार किया। अंग्रेजी शिक्षा और अंग्रेजी भाषा हमारे जीवन में इस तरह प्रवेश करती गई कि धीरे–धीरे हमने अपनी ही भाषाओं और परंपराओं को कमतर समझना शुरू कर दिया।

यहां यह समझना भी जरूरी है कि अंग्रेजी सीखना या उसका उपयोग करना गलत नहीं है। आज वैश्विक दुनिया में अंग्रेजी सहित दूसरी भाषाओं का ज्ञान आवश्यक और उपयोगी है। समस्या तब पैदा होती है जब दूसरी भाषा का ज्ञान हमारी अपनी भाषा के प्रति हीन भावना में बदल जाता है।

अपनी भाषा में आगे बढ़ना पिछड़ापन नहीं

दुनिया के अनेक विकसित देशों ने अपनी मातृभाषाओं को शिक्षा, विज्ञान, प्रशासन, तकनीक और सामाजिक जीवन का आधार बनाया। उन्होंने विदेशी भाषाओं को आवश्यकता के अनुसार अपनाया, लेकिन अपनी भाषाओं को पीछे नहीं छोड़ा।

भारत में स्थिति कुछ अलग दिखाई देती है। यहां कई बार अंग्रेजी बोलना सामाजिक प्रतिष्ठा का प्रतीक मान लिया जाता है और हिंदी या भारतीय भाषाओं में बात करने वाले व्यक्ति को कमतर समझने की मानसिकता दिखाई देती है।

यह मानसिकता बदलनी होगी।

किसी व्यक्ति की योग्यता उसकी भाषा से नहीं, उसके ज्ञान, विचार और कर्म से तय होनी चाहिए।

आज भी हम देखते हैं कि अनेक भारतीय विदेशों में जाकर अपनी प्रतिभा से बड़ी–बड़ी उपलब्धियां हासिल कर रहे हैं। यह निश्चित रूप से गर्व का विषय है। लेकिन साथ ही हमें यह भी सोचना होगा कि हमारे देश में ऐसी शिक्षा, अनुसंधान और रोजगार की व्यवस्था क्यों न बने कि प्रतिभाशाली युवाओं को अपने ही देश में विश्वस्तरीय अवसर मिल सकें और वे भारत के विकास में अपनी विशेषज्ञता का उपयोग कर सकें।

हिंदी का सम्मान, सभी भारतीय भाषाओं का सम्मान

हिंदी का सम्मान करने का अर्थ किसी दूसरी भारतीय भाषा का विरोध करना नहीं है। भारत की सुंदरता ही उसकी भाषाई विविधता में है। मराठी, गुजराती, बंगाली, तमिल, तेलुगु, कन्नड़, मलयालम, पंजाबी, असमिया, मैथिली, भोजपुरी, मगही सहित देश की सभी भाषाएं हमारी सांस्कृतिक शक्ति हैं।

देवनागरी लिपि का व्यापक उपयोग भी भारतीय भाषाओं के बीच सांस्कृतिक निकटता का एक महत्वपूर्ण उदाहरण है। हिंदी के साथ संस्कृत और अनेक भारतीय भाषाओं की गहरी ऐतिहासिक एवं भाषाई कड़ियां हैं।

इसलिए हिंदी को आगे बढ़ाने की बात किसी भाषा को पीछे करने की बात नहीं होनी चाहिए। बल्कि हमारा लक्ष्य होना चाहिए कि भारत की सभी भारतीय भाषाएं मजबूत हों और उनके बीच संवाद की सेतु भाषा के रूप में हिंदी की भूमिका भी सशक्त हो।

बिहार और छठ ने दुनिया को दिखाई संस्कृति की ताकत

इस संदर्भ में बिहार और छठ पर्व का उदाहरण उल्लेखनीय है। कभी बिहार और बिहारी समाज को लेकर देश के कुछ हिस्सों में पूर्वाग्रह दिखाई देता था। लेकिन आज वही बिहार की संस्कृति, उसकी लोक परंपराएं और छठ पूजा देश ही नहीं, विदेशों में भी सम्मान और आकर्षण का विषय बन चुकी हैं।

छठ के गीतों ने मैथिली, भोजपुरी और मगही जैसी लोकभाषाओं को भी व्यापक पहचान दिलाई है। प्रवासी भारतीयों ने विदेशों में भी छठ मनाकर अपनी जड़ों से जुड़ाव बनाए रखा है।

यह इस बात का प्रमाण है कि जब कोई समाज अपनी भाषा, संस्कृति और विरासत को स्वयं सम्मान देता है, तो दुनिया भी उसका सम्मान करने लगती है।

हाल के वर्षों में प्रतियोगी परीक्षाओं और साक्षात्कारों से जुड़े कुछ उदाहरणों ने भी यह संदेश दिया है कि अपनी मातृभाषा और संस्कृति के प्रति आत्मविश्वास किसी व्यक्ति की प्रतिभा में बाधा नहीं, बल्कि उसकी पहचान और आत्मविश्वास का हिस्सा हो सकता है।

भाषा की लड़ाई नहीं, भाषा का सम्मान जरूरी

दुर्भाग्य से भाषा और क्षेत्र के नाम पर देश में कई बार ऐसी मानसिकताएं भी दिखाई देती हैं, जिनसे राष्ट्रीय एकता कमजोर होती है। कहीं किसी व्यक्ति से उसकी भाषा को लेकर सवाल किया जाता है, कहीं दूसरे प्रदेश की भाषा को लेकर श्रेष्ठता या हीनता का भाव पैदा किया जाता है।

भारत को इसकी जरूरत नहीं है।

हमें यह कहने की जरूरत नहीं कि "मेरी भाषा श्रेष्ठ है और दूसरी भाषा कमतर।" हमें कहना चाहिएकृ"मेरी भाषा मेरी पहचान है और आपकी भाषा आपकी पहचानय दोनों भारत की शक्ति हैं।"

क्षेत्रीय भाषाओं का सम्मान करते हुए राष्ट्र की साझा पहचान को भी मजबूत करना होगा। भारत की विविधता हमारी कमजोरी नहीं, हमारी सबसे बड़ी ताकत है।

घर से शुरू हो हिंदी और संस्कृति का सम्मान

भाषा केवल विद्यालय या सरकारी कार्यालय की चीज नहीं है। भाषा परिवार से जीवित रहती है। जिस दिन घरों में माता–पिता अपने बच्चों से अपनी मातृभाषा में संवाद करना छोड़ देंगे, उस दिन भाषा की जड़ें कमजोर होने लगेंगी।

आज अनेक परिवारों में बच्चों को अपनी भाषा बोलने पर सुधार दिया जाता है, लेकिन विदेशी भाषा बोलने पर गर्व महसूस किया जाता है। यह सोच बदलनी होगी।

बच्चों को अंग्रेजी, फ्रेंच, जर्मन, जापानी या कोई भी विदेशी भाषा सीखने देंकृलेकिन साथ ही उन्हें हिंदी, संस्कृत और अपनी क्षेत्रीय मातृभाषा से भी जोड़ें। उन्हें लोकगीत, लोककला, त्योहार, साहित्य और भारतीय इतिहास से परिचित कराएं।

आधुनिक बनना अपनी जड़ों को छोड़ना नहीं है।

विकसित भारत के लिए अपनी भाषा में ज्ञान जरूरी

यदि भारत को वास्तव में विकसित और आत्मनिर्भर राष्ट्र बनाना है, तो हमें अपनी शिक्षा व्यवस्था पर गंभीरता से विचार करना होगा। विज्ञान, चिकित्सा, इंजीनियरिंग, कानून, तकनीक और प्रशासन जैसे क्षेत्रों में भारतीय भाषाओं में उच्च गुणवत्ता की अध्ययन सामग्री और ज्ञान उपलब्ध होना चाहिए।

जिस देश का सामान्य नागरिक अपनी भाषा में उच्च शिक्षा और आधुनिक ज्ञान प्राप्त कर सके, उस देश की प्रतिभा का दायरा कहीं अधिक व्यापक हो जाता है।

हमें अंग्रेजी से लड़ना नहीं है। हमें अंग्रेजी के साथ अपनी भाषाओं को खड़ा करना है।

हमें ऐसी व्यवस्था चाहिए जहां कोई विद्यार्थी हिंदी में सोच सके, हिंदी में शोध कर सके, अपनी मातृभाषा में ज्ञान अर्जित कर सके और आवश्यकता पड़ने पर अंग्रेजी या अन्य विदेशी भाषाओं में भी दुनिया से संवाद कर सके।

हिंदी दिवस एक दिन नहीं, एक संकल्प बने

14 सितंबर केवल हिंदी दिवस मनाने का दिन नहीं होना चाहिए। यह आत्ममंथन का दिन होना चाहिए।

हमें स्वयं से पूछना चाहिएकृ

क्या हम अपने बच्चों को अपनी भाषा पर गर्व करना सिखा रहे हैं?

क्या हम अपनी संस्कृति और विरासत से उन्हें जोड़ रहे हैं?

क्या हमारी शिक्षा व्यवस्था भारतीय भाषाओं में आधुनिक ज्ञान उपलब्ध करा रही है?

क्या हम हिंदी और अन्य भारतीय भाषाओं को रोजगार, तकनीक और अनुसंधान से जोड़ रहे हैं?

और सबसे महत्वपूर्णकृक्या हम स्वयं अपनी भाषा का सम्मान करते हैं?

यदि इन प्रश्नों का उत्तर सकारात्मक नहीं है तो केवल हिंदी दिवस मनाने से कोई परिवर्तन नहीं आएगा।

हमें जहां आवश्यकता हो वहां अंग्रेजी और अन्य विदेशी भाषाओं का उपयोग अवश्य करना चाहिए, लेकिन अपनी भाषा बोलने में शर्म नहीं आनी चाहिए। किसी मंच पर हिंदी में बोलना पिछड़ापन नहीं, बल्कि आत्मविश्वास का प्रतीक होना चाहिए।

हमने अपनी भाषा को सम्मान दिया तो हमारी संस्कृति को सम्मान मिलेगा।

संस्कृति को सम्मान मिला तो हमारी विरासत जीवित रहेगी।

विरासत जीवित रही तो हमारी आने वाली पीढ़ियां अपनी जड़ों से जुड़ी रहेंगी।

भारत को विश्वगुरु बनाने का सपना केवल आर्थिक विकास से पूरा नहीं होगा। इसके लिए हमें अपनी शिक्षा, संस्कृति, भाषा, सामाजिक मूल्यों और राष्ट्रीय चेतना को भी मजबूत करना होगा।

इसलिए इस हिंदी दिवस पर केवल शुभकामना न दें। एक छोटा–सा संकल्प लेंकृ

जहां अपनी भाषा में संवाद संभव है, वहां अपनी भाषा बोलेंगे।

अपने बच्चों को अपनी मातृभाषा सिखाएंगे।

दूसरी भाषाओं का सम्मान करेंगे, लेकिन अपनी भाषा को कमतर नहीं समझेंगे।

और भारत की भाषाई एवं सांस्कृतिक विरासत को विश्व पटल पर सम्मान दिलाने में अपना योगदान देंगे।

क्योंकि हिंदी का सम्मान केवल हिंदी का सम्मान नहीं हैकृयह हमारी जड़ों, हमारी संस्कृति और हमारी भारतीय पहचान के सम्मान का प्रश्न है।

# जी-20 से ब्रिक्स तक, भारत के 'मानव-केंद्रित दृष्टिकोण' का महत्व

–डा. आमना मिर्जा

अंतर्राष्ट्रीय संबंध अध्ययन का एक महत्वपूर्ण क्षेत्र रहा है। पहले यह केवल कूटनीतिक इतिहास के अध्ययन तक सीमित था, लेकिन आज इसका प्रभाव कई अन्य विषयों पर भी है। इसने एक लंबा सफर तय किया है। इसका अध्ययन और प्रभाव केवल युद्धक्षेत्र तक ही सीमित नहीं है, बल्कि यह पर्यावरण, पारिस्थितिकी और अर्थव्यवस्था से भी जुड़ा है। पहले विश्व युद्ध से दूसरे विश्व युद्ध और फिर शीत युद्ध तक के इस सफर में, चिंता का एक अहम विषय कुछ विचारों का दबदबा और दूसरों की अनदेखी है। वैश्वीकरण शीत युद्ध के बाद के दौर की एक अहम पहचान बन गया। सोवियत संघ का विघटन, बर्लिन की दीवार का गिरना और नव–उदारवाद का उदय उस समय की महत्वपूर्ण विशेषताएं बन गईं। हालांकि, समय के साथ सुध ार लाने का अपना एक अनोखा तरीका होता है। वैश्विक शासन के मामले में भी ऐसा ही देखने को मिला। समय के साथ, वैश्वीकरण के विभिन्न पहलुओं में मानवीय पक्ष की कमी देखी गई। इसका मतलब यह नहीं है कि कोई आपस में जुड़ी हुई वैश्विक दुनिया नहीं चाहता। हालांकि, जब अर्थव्यवस्था, समाज, पर्यावरण और संस्कृति को सिर्फ मुनाफे के एजेंडे के हिसाब से ढाला जाता है, तो यह एक समस्या बन जाती है। यह समझना जरूरी है कि मुनाफा कमाना बुरी बात नहीं है, लेकिन यह शासन का एकमात्र पैमाना नहीं हो सकता। संयुक्त राष्ट्र की स्थापना के 75 साल पूरे होने से लेकर 2023 में जी–20 की अध्यक्षता और नई दिल्ली में 18वें ब्रिक्स शिखर सम्मेलन तक, भारत ने हमेशा वैश्विक शासन में सुधार का महत्वपूर्ण आह्वान किया है। जी–20 समिट में 'मानव–केंद्रित वैश्वीकरण' से लेकर ब्रिक्स शिखर सम्मेलन में 'प्रतिनिधित्व, जवाबदेही और नियम–निर्माण' पर ध्यान केंद्रित करने की बात तक, भारत ने ग्लोबल गवर्नेंस की गलतियों को सुधारने की अहम जरूरत पर बात की है। इसमें यह भी है कि ग्लोबल डिवेल्पमैंट के लिए किसी भी समस्या–समाधान के तरीके का आज के समय की वास्तविकताओं से जुड़ा होना जरूरी है। ब्रिक्स नई दिल्ली घोषणापत्र अंतर्राष्ट्रीय संबंधों के लिए एक सुधारात्मक दृष्टिकोण पेश करने की सार्थक कोशिश करता है। शांति और सुरक्षा, विश्व व्यापार संगठन, कूटनीति और बातचीत पर ध्यान, परमाणु सुरक्षा आदि इस घोषणापत्र के महत्वपूर्ण ड्क्षबदू हैं। ध्यान देने वाली बात यह है कि जी–20 से लेकर ब्रिक्स तक एक सक्रिय सदस्य होने के नाते, 'लोगों पर केंद्रित दृष्टिकोण' के विचार ने भारत को 'मल्टी–अलाइनमैंट' में ताकत और अहमियत दिलाई है। इंसान को केंद्र में रखने वाला नजरिया जरूरी है क्योंकि बदलाव और गतिशीलता ही विकास की सच्चाई है। इंसानी पहलू की समझदारी ही किसी भी प्रक्रिया को जमीनी स्तर से जुडने की क्षमता देती है। तकनीकी तरक्की और दूसरे विकास हमेशा से इंसानी इतिहास का हिस्सा रहे हैं। अंतर्राष्ट्रीय संबंधों में ज्ञान के प्रमुख ढांचों ने मानवीय पहलू को नजरअंदाज किया। दूसरे विश्व युद्ध के बाद से दुनिया बहुत बदल गई है। आज के दौर में वैश्विक दुनिया के मुद्दे गतिशील हैं। राष्ट्रीय हित और शक्ति बहुआयामी हैं। ऐसे हालात में, लोगों पर केंद्रित दृष्टिकोण आर्थिक लाभ हासिल करने की दिशा में काम करने के लिए बेहतर स्थिति प्रदान करता है।

# हिंदी भाषा को सियासी नहीं, जमीनी हकीकत के नजरिए से आंकिए

कमलेश पांडे

ारत में हिंदी भाषा को लेकर चलने वाली राजनीति और उसकी जमीनी हकीकत के बीच एक बड़ा अंतर है, जो लगातार गहराता चला गया। हालांकि अब इसे पाटने और इससे लेकर गाहे बगाहे




उत्पन्न होते रहने वाले मतभेदों को दूर करने की जरूरत है। एक तरफ जहां हिंदी को राजनीतिक ध्रुवीकरण और भाषाई अस्मिता के हथियार के रूप में इस्तेमाल किया जाता है, वहीं व्यावहारिक धरातल पर इसकी स्थिति बिल्कुल अलग नजर आती है। इसलिए जनसामान्य के नजरिए से ही इसका सम्यक समाधान अपेक्षित है। खासकर भारतीय अभिजात्य वर्ग यानी अंग्रेजी दां लोगों के इशारे पर दक्षिण–पश्चिम–पूर्वी भारतीय भाषाओं यथा तमिल, तेलुगु, कन्नड़ और मराठी भाषा–भाषियों में हिंदी के प्रति जो भाषाई सौतियाडाह दिखाई देती है, उससे स्थिति और जटिल हो जाती है। यदि तमिल, तेलुगु, कन्नड़ और मराठी भाषा–भाषी भी पंजाबी, बंग्ला और गुजराती भाषा–भाषियों की तरह हिंदी के प्रति सहज, सहनशील और जागरूक रहें तो भारत के हिंदी व प्रतिस्पर्धी भाषाई विवाद को न्यूनतम किया जा सकता है।

देश में हिंदी भाषा को लेकर जारी सियासत के कुछ मुख्य पहलू इस प्रकार हैं–

पहला, श्एक राष्ट्र, एक भाषाश का नैरेटिवरू केंद्र की राजनीति में अक्सर हिंदी को पूरे देश की संपर्क भाषा (स्पदा स्ंदहनंहम) या राष्ट्रीय पहचान के रूप में पेश करने की कोशिश की जाती है।

दूसरा, गैर–हिंदी राज्यों का विरोधरू तमिलनाडु, कर्नाटक, केरल, आंध्रप्रदेश, तेलंगाना और महाराष्ट्र जैसे राज्यों में हिंदी को श्थोप जानेश (भ्पदकप प्उचवेपजपवद) का मुद्दा बनाकर क्षेत्रीय दल अपनी राजनीति को मजबूत करते हैं।

तीसरा, वोट बैंक और ध्रुवीकरणः उत्तर भारत में हिंदी प्रेम का कार्ड खेलकर मतदातों को लुभाया जाता है, जबकि दक्षिण में हिंदी विरोध क्षेत्रीय पहचान और भाषाई स्वाभिमान को बचाने का बड़ा जरिया बन जाता है।

जहां तक संवैधानिक और व्यावहारिक हकीकत की बात है तो इसके विभिन्न आयामों और उनकी वैधानिक व व्यावहारिक स्थिति पर गौर करना लाजिमी है–

पहली, राष्ट्रीय भाषा (छंजपवदंस स्ंदहनंहम) रू भारतीय संविधान में हिंदी को श्राजभाषाश (व्ििबपंस स्ंदहनंहम) का दर्जा प्राप्त है (अनुच्छेद 343), श्राष्ट्रभाषाश का नहीं। भारत की 22 आधिकारिक भाषाएं समान हैं।

दूसरी, जनसंख्या और पहुंच रू 2011 की जनगणना के अनुसार लगभग 43.6ः भारतीयों की मातृभाषा हिंदी (और उसकी बोलियां) है। यह देश की सबसे बड़ी बोली जाने वाली भाषा है।

तीसरी, बाजार की हकीकत रू राजनीति भले ही विरोध करे, लेकिन बॉलीवुड, ओटीटी (व्ज्ज) प्लेटफॉर्म, डिजिटल मीडिया और कॉर्पोरेट विज्ञापन दक्षिण और पूर्व के राज्यों में भी हिंदी में ही फल–फूल रहे हैं।

चौथी, रोजगार की चुनौती रू हिंदी भाषी राज्यों के युवा उच्च शिक्षा, विज्ञान और कॉर्पोरेट नौकरियों के लिए आज भी अंग्रेजी पर ही निर्भर हैं। हिंदी पट्टी में शिक्षा की गुणवत्ता का अभाव एक बड़ी चुनौती है।

हिंदी भाषा से जुड़ी मुख्य जमीनी सच्चाई इस प्रकार है जिन्हें नजरअंदाज करने से नीतिगत उलझने बढ़ेंगी

एक, भाषा थोपने से जुड़ा डररू गैर–हिंदी भाषी राज्यों की मुख्य चिंता यह है कि यदि केंद्रीय परीक्षाओं और नौकरियों में हिंदी को प्राथमिकता दी गई, तो उनके युवाओं के अवसर सीमित हो जाएंगे।

# हाईकोर्ट बार एसोसिएशन, इलाहाबाद ने मुख्यमंत्री का किया भव्य स्वागत

**सक्रिय अधिवक्ताओं को पांच लाख रुपये तक कैशलेस उपचार का मिला तोहफा**

**मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ ने प्रयागराज में अधिवक्ता हित में की महत्वपूर्ण घोषणाएं**





### महासचिव अखिलेश शर्मा का वक्तव्य

महासचिव अखिलेश शर्मा ने कार्यक्रम के सफल आयोजन के लिए सभी अतिथियों एवं अधिवक्ताओं के प्रति आभार व्यक्त किया तथा अधिवक्ता हित में की गई घोषणाओं का स्वागत किया।

### मुख्य न्यायमूर्ति का वक्तव्य

इलाहाबाद हाईकोर्ट के मुख्य न्यायमूर्ति अरुण भंसाली ने अधिवक्ताओं के लिए उपलब्ध कराई गई सुविधाओं एवं शासन की पहल के लिए मुख्यमंत्री का आभार व्यक्त किया। उन्होंने युवा अधिवक्ताओं का आह्वान किया कि वे न्यायिक परंपराओं एवं विधि व्यवसाय की गरिमा को बनाए रखते हुए बार तथा उच्च न्यायालय को नई ऊंचाइयों तक ले जाने में योगदान दें।

### वरिष्ठ न्यायमूर्ति का वक्तव्य

वरिष्ठ न्यायमूर्ति अरिंदम सिन्हा ने बार को उच्च न्यायालय का अभिन्न अंग बताते हुए अधिवक्ताओं के लिए बेहतर कार्यपरिसर एवं सुविधाएं उपलब्ध कराने की दिशा में प्रदेश सरकार के प्रयासों की सराहना की।

### उपमुख्यमंत्री का वक्तव्य

उपमुख्यमंत्री केशव प्रसाद मौर्य ने कहा कि सरकार द्वारा ईज ऑफ जस्टिस को प्रभावी बनाने की दिशा में कार्य किया जा रहा है। उन्होंने कहा कि प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के नेतृत्व में पुराने औपनिवेशिक कानूनों में आवश्यक परिवर्तन किए गए हैं और आम नागरिक का कानून एवं न्याय व्यवस्था के प्रति विश्वास मजबूत हुआ है।



### राकेश पांडेय 'बबुआ', अध्यक्ष

हाईकोर्ट बार एसोसिएशन, इलाहाबाद के अध्यक्ष वरिष्ठ अधिवक्ता राकेश पांडेय 'बबुआ' ने मुख्यमंत्री एवं प्रदेश सरकार द्वारा अधिवक्ता हित में की गई घोषणाओं के प्रति आभार व्यक्त किया। उन्होंने कहा कि अधिवक्ताओं के कल्याण एवं न्यायिक आधारभूत संरचना के विकास से विधि व्यवसाय को और सुदृढ़ आधार मिलेगा।



वरिष्ठ संवाददाता/ प्रातःकाल एक्सप्रेस

प्रयागराज। मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ ने सोमवार को हाई कोर्ट बार एसोसिएशन, इलाहाबाद के सम्मान समारोह में प्रदेश के सक्रिय अधिवक्ताओं के कल्याण से संबंधित कई महत्वपूर्ण घोषणाएं कीं। उन्होंने कहा कि हाईकोर्ट एवं जिला न्यायालयों में सक्रिय रूप से प्रैक्टिस कर रहे अधिवक्ताओं को अब प्रतिवर्ष पांच लाख रुपये तक कैशलेस चिकित्सा सुविधा उपलब्ध कराने की व्यवस्था की जाएगी। इस योजना से प्रदेश के लगभग ढाई लाख अधिवक्ताओं को लाभ मिलने की संभावना है।

मुख्यमंत्री ने हाईकोर्ट बार एसोसिएशन, इलाहाबाद के कार्यालय, अधिवक्ता चैम्बर एवं अधिवक्ता भवन की सांकेतिक चाबी बार एसोसिएशन के पदाधिकारियों को सौंपी। उन्होंने कहा कि चैंबरों में फर्नीचर एवं आवश्यक उपकरण उपलब्ध कराने के संबंध में मुख्य न्यायमूर्ति के माध्यम से प्रस्ताव प्राप्त होने पर शासन स्तर से आवश्यक सहयोग प्रदान किया जाएगा।

मुख्यमंत्री ने कहा कि न्याय व्यवस्था में बार एवं बेंच की भूमिका अत्यंत महत्वपूर्ण है। दोनों न्यायिक संस्थाओं के मध्य पारस्परिक सम्मान, शिष्टाचार, संवाद, समन्वय एवं सहयोग की भावना निरंतर बनी रहनी चाहिए। उन्होंने कहा कि मुख्य न्यायमूर्ति के साथ होने वाली बैठकों में न्यायिक विषयों के साथ–साथ अधिवक्ताओं की समस्याओं पर भी विमर्श कर उनके समाधान का मार्ग प्रशस्त किया जाता है।

उन्होंने बताया कि 10 हजार से अधिक अधिवक्ताओं की आवश्यकताओं को ध्यान में रखते हुए चैंबर, मल्टीलेवल पार्किंग, डाइनिंग हॉल, कॉमन रूम एवं लाइब्रेरी जैसी सुविधाओं का विकास कराया गया है। अधिवक्ता कल्याण निधि की सहायता राशि को डेढ़ लाख रुपये से बढ़ाकर पांच लाख रुपये किया गया है। अधिवक्ता की मृत्यु की स्थिति में उनके आश्रितों को मिलने वाली आर्थिक सहायता के लिए आयु सीमा भी 60 वर्ष से बढ़ाकर 70 वर्ष की गई है।

मुख्यमंत्री ने बताया कि कौशांबी, लखनऊ, कासगंज, श्रावस्ती सहित लगभग एक दर्जन जनपदों में अधिवक्ता चैंबरों के निर्माण के लिए पृथक धनराशि उपलब्ध कराई गई है। वहीं, लगभग 400 राज्य विधि अधिकारियों को आधुनिक तकनीक से जोड़ने के लिए टैबलेट उपलब्ध कराए जाएंगे।

उन्होंने स्वतंत्रता आंदोलन एवं संविधान निर्माण में अधिवक्ताओं के योगदान का उल्लेख करते हुए पं. मोतीलाल नेहरू, महामना पं. मदन मोहन मालवीय, सरदार वल्लभभाई पटेल, डॉ. भीमराव आंबेडकर एवं डॉ. राजेंद्र प्रसाद जैसे विधिवेत्ताओं का स्मरण किया। उन्होंने कहा कि राष्ट्र निर्माण, संवैधानिक व्यवस्था तथा लोकतांत्रिक संस्थाओं को सुदृढ़ करने में अधिवक्ता समुदाय की ऐतिहासिक भूमिका रही है।

मुख्यमंत्री ने कहा कि वर्ष 2017 से प्रदेश में न्यायिक आधारभूत संरचना को सुदृढ़ करने की दिशा में निरंतर कार्य किया जा रहा है। जिन 10 जनपदों में जिला न्यायालय किराये के भवनों में संचालित हो रहे थे, वहां इंटीग्रेटेड कोर्ट कॉम्प्लेक्स के निर्माण की प्रक्रिया तेजी से आगे बढ़ाई जा रही है।

त्वरित न्याय एवं वादों के शीघ्र निस्तारण के उद्देश्य से प्रथम चरण में जिला स्तर पर 900 न्यायालयों के गठन को मंजूरी दी गई है। जिला न्यायालय, उच्च न्यायालय एवं उच्चतम न्यायालय में प्रदेश का प्रतिनिधित्व करने वाले विधि अधिकारियों की फीस में भी 50 प्रतिशत से अधिक की वृद्धि की गई है।

कार्यक्रम में न्यायमूर्ति, अधिवक्ता, बार एसोसिएशन के पदाधिकारी एवं न्यायिक क्षेत्र से जुड़े अन्य गणमान्य लोग उपस्थित रहे। कार्यक्रम का संचालन महासचिव अखिलेश शर्मा ने किया।

## मंडलीय विद्यालय वॉलीबॉल प्रतियोगिता आज, डीआईओएस होगे मुख्य अतिथि

प्रातःकाल एक्सप्रेस

प्रयागराज। मंडलीय विद्यालय वॉलीबॉल प्रतियोगिता (बालक एवं बालिका वर्ग) का भव्य शुभारंभ केपी इंटर कॉलेज, प्रयागराज में मंगलवार 15 सितंबर प्रातः 10रू30 बजे से किया जाएगा। प्रतियोगिता के मुख्य अतिथि डीआईओएस डॉ. संतोष कुमार राय है, जबकि कार्यक्रम की अध्यक्षता पूर्व महापौर एवं कार्यवाहक अध्यक्ष, केपी ट्रस्ट, प्रयागराज चौधरी जितेंद्र नाथ सिंह करेंगे।प्रतियोगिता में प्रयागराज मंडल के विभिन्न जनपदों से बालक एवं बालिका वर्ग की टीमें प्रतिभाग करेंगी। आयोजन की समस्त तैयारियाँ पूर्ण कर ली गई हैं तथा खिलाड़ियों एवं अतिथियों के स्वागत की व्यापक व्यवस्था की गई है। संयोजक एवं प्रधानाचार्य, केपी इंटर कॉलेज, प्रयागराज डॉ. योगेंद्र सिंह ने बताया कि इस प्रतियोगिता का उद्देश्य विद्यालयी स्तर पर खेल प्रतिभाओं को प्रोत्साहित करना तथा खिलाड़ियों में खेल भावना, अनुशासन एवं स्वस्थ प्रतिस्पर्धा का विकास करना है। उन्होंने सभी खेल प्रेमियों, शिक्षकों एवं नागरिकों से प्रतियोगिता में उपस्थित होकर खिलाड़ियों का उत्साहवर्धन करने की अपील की है।



## 373 बच्चों का दिव्यांग उपकरण के लिए हुआ परीक्षण

**बीएसए अनिल कुमार की पहल पर एलिम्को कानपुर के सहयोग से होगा वितरण**

प्रातःकाल एक्सप्रेस

प्रयागराज। प्रयागराज बीएसए अनिल कुमार के निर्देशन में आज समग्र शिक्षा के अंतर्गत समेकित शिक्षा की ओर से एलिम्को कानपुर के सहयोग से दिव्यांग बच्चों को सहायक उपकरण एवं उपकर उपलब्ध कराए जाने के लिए मापन शिविर का आयोजन श्री बृजमंगल सिंह इंटर कॉलेज रामपुर करछना मे आज आयोजित किया गया। कैंप में कुल 373 बच्चों का परीक्षण किया गया। कैंप में लगभग 369 दिव्यांग बच्चों को उपकरण ६ उपकर चिन्हित किए गए जिनमें पीएम श्री योजना अंतर्गत 40 बच्चों को उपकरण एवं उपकर चिन्हित किया गया। कैंप में विकास पाण्डेय जिला समन्वयक समेकित शिक्षा, एलिम्को कानपुर पुनर्वास विशेषज्ञ आदर्श द्विवेदी, प्राची कुशवाहा, ऑडियोलॉजिस्ट सजीव कुमार, अशू शुक्ला, ओम जी द्विवेदी कंप्यूटर डाटा मैन, बीईओ शैलपति यादव, मनीष कुमार तिवारी प्रधानाचार्य श्री बृज मंगल सिंह इंटर कॉलेज, अनुराग कटियार लेखाकार, मुकेश सैनी सोल्स आर्क, बृजेश कुमार सिह, शरद कुमार पाण्डेय,समस्त स्पेशल एजुकेटर , आलोक वीरेन्द पाल नीलम , अरविन्द कुमार मिश्रा, राजेश कुमार मिश्रा, राजेन्द्र यादव (फिजियोथेरेपिस्ट) एवं श्री बृज मंगल सिंह इंटर कॉलेज रामपुर करछना के समस्त स्टाफ ने अपना विशेष सहयोग प्रदान किया। विकास पाण्डेय, जिला समन्वयक (समेकित शिक्षा) ने ब्लॉकों से आए हुए दिव्यांग बच्चों एवं कैंप में सहयोग के लिए सभी कर्मियों को धन्यवाद ज्ञापित किया।



## शिलांग में हिंदी दिवस कार्यक्रम में विशिष्ट अतिथि होगें बीईओ डॉ. प्रभाशंकर पाण्डेय, दी बधाई

प्रातःकाल एक्सप्रेस

प्रयागराज। केंद्रीय हिंदी संस्थान, क्षेत्रीय केंद्र शिलांग एवं राजभवन, शिलांग की ओर से 16 सितंबर बुधवार को हिंदी दिवस ६ हिंदी पखवाड़े के अवसर पर राजभाषा हिंदी पर कार्यशाला एवं पूर्वोत्तर की सांस्कृतिक झांकी कार्यक्रम का आयोजन किया जा रहा है। कार्यक्रम में प्रयागराज के खण्ड शिक्षाधिकारी (बीईओ) हण्डिया डॉ. प्रभाशंकर पाण्डेय को विशिष्ट अतिथि के रूप में आमंत्रित किया गया है। केंद्रीय हिंदी संस्थान, क्षेत्रीय केंद्र शिलांग के क्षेत्रीय निदेशक प्रो. पार्थ सारथी पाण्डेय द्वारा भेजे गए आमंत्रण पत्र में बीईओ डॉ. प्रभाशंकर पाण्डेय से कार्यक्रम में गरिमामयी उपस्थिति प्रदान कर संगोष्ठी को सफल बनाने का अनुरोध किया गया है। कार्यक्रम 16 सितंबर को प्रातः 10रू30 बजे राजदरबार हॉल, राजभवन, शिलांग में आयोजित होगा। बीईओ डॉ. प्रभाशंकर पाण्डेय को इस महत्वपूर्ण कार्यक्रम में विशिष्ट अतिथि के रूप में आमंत्रित किए जाने पर उनके शुभचिंतकों एवं सहयोगियों ने हर्ष व्यक्त करते हुए बधाई एवं शुभकामनाएं प्रेषित कीं।



प्रयागराज के हण्डिया बीईओ डॉ. प्रभाशंकर पाण्डेय को

बधाई देने वालों में बसंत लाल यादव, कमल गुप्ता, कमलेश त्रिपाठी, उमा शंकर यादव, अफरोज अहमद, शिवाकांत चतुर्वेदी, प्रमोद मौर्य, राम पूजन पटेल,सचिव, अभिषेक एवं अनिल कपूर सहित अन्य लोगों ने कहा कि यह प्रयागराज और शिक्षा जगत के लिए गौरव का विषय है।

## हर्ष , अक्षय , भाव्यांश, शशांक ने मारी बाजी

**विद्यालय में धूमधाम से हुआ हिन्दी परववाड़े का शुभारम्भ**

प्रातःकाल एक्सप्रेस

प्रयागराज। ज्वाला देवी सवि मं इ का सिविल लाइन्स प्रयागराज में हिन्दी पखवाड़े का उद्घाटन समारोह विद्यालय के विशाल सभागार में आज हुआ। कार्यक्रम का शुभारम्भ सरस्वती वन्दना, दीपार्चन एवं पुष्पार्चन से हुआ। कार्यक्रम में मुख्य अतिथि इविवि के हिन्दी विभाग की ऐसो प्रो (डॉ) अमृता तथा विद्यालय के प्रधानाचार्य डॉ राकेश कुमार सिंह थे। सरस्वती वन्दना के पश्चात् विद्यालय के हिन्दी विभाग प्रमुख हरेकृष्ण त्रिपाठी ने मुख्य अतिथि का परिचय व सम्मान कराया। कार्यक्रम की प्रस्ताविकी हिन्दी विषय के आचार्य सरोज कुमार दुबे ने रखी। हर्ष त्रिपाठी एवं आन्या द्वारा हिन्दी भाषा पर अपने विचार रखें

हिन्दी पखवारें के प्रथम दिवस पर विभिन्न प्रकार की प्रतियोगिताएॅ आयोजित की गई जिसमें प्रथम स्थान हर्ष त्रिपाठी (तात्कालिक भाषण), अक्षय त्रिपाठी एवं भाव्यांश अग्रवाल (भाषण प्रतियोगिता), शशांक तिवारी (सुलेख प्रतियोगिता) और अनुज्ञा मिश्रा (वाद विवाद प्रतियोगिता) प्राप्त किया। हिन्दी पखवाड़े के अन्तर्गत काव्य गायन, निबन्ध लेखन, सुलेख, वाद विवाद जैसी विभिन्न प्रकार की प्रतियोगिताएं आयोजित होगी।





मुख्य अतिथि इविवि के हिन्दी विभाग की ऐसो प्रो (डॉ) अमृता ने कहा कि भारत विविधताओं का देश है यहॉ लोगो की बोलचाल, खान–पान, पहनावें में काफी अन्तर है लेकिन सभी भारतीय एक है और हिन्दी के प्रति उनका एक अलग लगाव है यही नही हिन्दी भाषा देश भक्ति की भावना लोगो में जगाती है। प्रधानाचार्य डॉ राकेश कुमार सिंह जी ने हिन्दी की महत्ता पर प्रकाश डालते हुये कहा कि हिन्दी भाषा हिन्दुस्तान की जननी है, इस भाषा को भारतवर्ष के निवासी मातृभाषा का दर्जा देते हैं। कार्यक्रम में दीपक यादव, सन्तोष दुबे, गणेश जी द्विवेदी, रामानन्द वैश्य, रामचन्द्र सोनी, संजय राय, दिनेश तिवारी , सन्दीप गुप्ता, विजय यादव एवं अन्य लोग उपस्थित रहें।

## इफको फूलपुर संयंत्र में हिंदी दिवस मनाया गया

**हिंदी कार्य संस्कृति का हिस्सा बने, कार्यालयीन कार्यो में बढ़े प्रयोग : पी.के. पटेल**

प्रातःकाल एक्सप्रेस

फूलपुर, प्रयागराज। इफको फूलपुर संयंत्र के नवीन तकनीकी भवन में हिंदी दिवस समारोहपूर्वक मनाया गया। कार्यक्रम का शुभारंभ विशिष्ट अतिथियों एवं अधिकारियों द्वारा दीप प्रज्ज्वलित कर किया गया। इस अवसर पर हिंदी भाषा के महत्व तथा कार्यालयीन





कार्यों में इसके अधिकाधिक प्रयोग पर जोर दिया गया। महाप्रबंधक (अनुरक्षण) पी.के. पटेल ने कहा कि हिंदी का किसी अन्य भाषा के साथ कोई द्वंद्व नहीं है, बल्कि हिंदी विभिन्न भाषाओं के साथ जुड़ने और संवाद स्थापित करने का सशक्त माध्यम है। उन्होंने इफको फूलपुर में आयोजित होने वाले हिंदी सप्ताह के शुभारंभ की औपचारिक घोषणा की। हिंदी कार्य समिति के संयोजक अनिल कुमार गुप्त ने कहा कि हिंदी को राजभाषा का दर्जा प्राप्त है और प्रशासनिक कार्यों तथा जनसंवाद को अधिक प्रभावशाली बनाने में हिंदी की महत्वपूर्ण भूमिका है। उन्होंने कहा कि हिंदी को हमारी कार्य संस्कृति का अभिन्न हिस्सा बनाया जाना चाहिए तथा कार्यालयीन कार्यों में अधिकाधिक हिंदी का प्रयोग किया जाना चाहिए। उन्होंने हिंदी सप्ताह के दौरान आयोजित होने वाली विभिन्न प्रतियोगिताओं एवं कार्यक्रमों की जानकारी दी। इफको के अधिकारियों एवं कर्मचारियों के लिए हिंदी भाषा, साहित्य एवं इतिहास पर आधारित प्रश्नोत्तरी प्रतियोगिता तथा 'युद्ध से कराहती मानवता' विषय पर निबंध प्रतियोगिता आयोजित की गई, जिसमें बड़ी संख्या में अधिकारियों एवं कर्मचारियों ने उत्साहपूर्वक सहभागिता की। कार्यक्रम का संचालन हेमलता सिजोरिया ने किया, जबकि धन्यवाद ज्ञापन इफको ऑफिसर्स एसोसिएशन के महामंत्री स्वयं प्रकाश ने किया। इस अवसर पर महाप्रबंधक रत्नेश कुमार, डॉ. अनीता मिश्र एवं अरुण कुमार, विभागाध्यक्ष (मानव संसाधन) शंभू शेखर, इफको ऑफिसर्स एसोसिएशन के अध्यक्ष अनुराग तिवारी, संयुक्त महाप्रबंधक एस.के. सिंह, आर.पी. यादव, संदीप गोयल, पी.के. त्रिपाठी, विनय विक्की, शैलेश शेरकर, संजय कुमार एवं आशीष कुमार सहित बड़ी संख्या में अधिकारी एवं कर्मचारी उपस्थित रहे।

## नर्सिंग छात्र-छात्राओं ने ली मानव सेवा की शपथ करमा नर्सिंग एण्ड पैरामेडिकल कश्वलेज दादूपुर

प्रातःकाल एक्सप्रेस

घूरपुर प्रयागराज ।प्रयागराज में लैम्प लाइटिंग एवं शपथ ग्रहण समारोह का भव्य आयोजन किया गया। समारोह में कॉलेज की प्राचार्या, डॉ. विपिना कुमारी भंडारी ने छात्र–छात्राओं को मानव सेवा की शपथ दिलायी। नर्सिंग छात्र–छात्राओं ने दीप प्रज्ज्वलित कर नर्सिंग सेवा के प्रति अपनी प्रतिबद्धता व्यक्त की तथा मानव सेवा, मरीजों की देखभाल, करुणा, अनुशासन और ईमानदारी के साथ अपने कर्तव्यों का निर्वहन करने की शपथ ली। मुख्य अतिथि डॉ. डी. के. सिंह, अस्सिटेंट प्रोफेसर, मोतीलाल नेहरू मेडिकल कॉलेज ने अपने सम्बोधन में कहा कि नर्स के लिए मरीज की सेवा सर्वोच्च प्राथमिकता होनी चाहिए। कॉलेज के निदेशक डॉ. एम. आई. खान ने अपने सम्बोधन में कहा कि मानव सेवा की शपथ लेते ही ये नर्स की श्रेणी में आ जाते हैं। प्रशासक एडवोकेट एहतेशाम खान ने कहा कि दीपक लेकर जो मानव सेवा की शपथ लिया गया ये हमारे नर्सिंग विद्यार्थियों के जीवन में एक नई जिम्मेदारी और नई यात्रा की शुरुआत है।

# बाढ़ प्रभावित क्षेत्रों में पहुंचे विधायक, डीएम और एसपी, राहत शिविर का लिया जायजा

**ट्रैक्टर पर सवार होकर प्रभावित इलाकों का किया निरीक्षण, ग्रामीणों से जानी समस्याएं**

**स्वास्थ्य, शिक्षा, पेयजल और पशु चारे की व्यवस्था के दिए निर्देश**

प्रातःकाल एक्सप्रेस

फतेहपुर। गंगा नदी के लगातार बढ़ते जलस्तर को देखते हुए प्रशासन ने बाढ़ प्रभावित क्षेत्रों में निगरानी और राहत व्यवस्था तेज कर दी है। जहानाबाद विधायक राजेंद्र सिंह पटेल, जिलाधिकारी निधि गुप्ता वत्स और पुलिस अधीक्षक अभिमन्यु मांगलिक ने बिंदकी तहसील क्षेत्र के बाढ़ प्रभावित ग्राम अभयपुर–आशापुर के मजरा महुआ घाटी तथा बिंदकी फार्म पहुंचकर स्थिति का स्थलीय जायजा लिया। अधिकारियों ने ट्रैक्टर पर सवार होकर प्रभावित क्षेत्रों का निरीक्षण किया और ग्रामीणों से सीधे बातचीत कर बाढ़ से उत्पन्न समस्याओं की जानकारी ली।

निरीक्षण के दौरान ग्रामीणों ने आवागमन, पेयजल और राहत सामग्री से जुड़ी समस्याओं से अधिकारियों को अवगत कराया। अधिकारियों ने संबंधित विभागों के कर्मचारियों को प्रभावित लोगों तक आवश्यक राहत सामग्री समय से पहुंचाने, पेयजल की समुचित व्यवस्था करने तथा आवागमन में किसी तरह की परेशानी न होने देने के निर्देश दिए। प्रशासन ने बाढ़ की स्थिति पर लगातार नजर बनाए रखने और जरूरत के अनुसार राहत एवं बचाव कार्य संचालित करने की बात कही। महुआ घाटी में स्थापित बाढ़ राहत शिविर पहुंचकर विधायक, डीएम और एसपी ने वहां रह रहे प्रभावित परिवारों से बातचीत की और उपलब्ध सुविधाओं की जानकारी ली। अधिकारियों ने राहत एवं बचाव कार्य में लगे कर्मचारियों से भोजन, पेयजल, साफ–सफाई, सुरक्षा समेत अन्य व्यवस्थाओं की जानकारी ली। जिलाधिकारी ने बेसिक शिक्षा अधिकारी को निर्देश दिए कि राहत शिविर में रह रहे बच्चों की पढ़ाई प्रभावित न हो, इसके लिए शिक्षक–शिक्षिका को नामित कर नियमित पठन–पाठन की व्यवस्था सुनिश्चित की जाए। प्रशासन का उद्देश्य बाढ़ के कारण विस्थापित परिवारों के बच्चों की शिक्षा को बाधित होने से बचाना है। स्वास्थ्य सेवाओं को लेकर जिलाधिकारी ने मुख्य चिकित्सा अधिकारी को राहत शिविर में स्वास्थ्य शिविर लगाने के निर्देश दिए। विशेष रूप से गर्भवती महिलाओं और बच्चों का स्वास्थ्य परीक्षण कराने तथा आवश्यकता के अनुसार उन्हें दवाएं उपलब्ध कराने को कहा गया। अधिकारियों ने शिविर में स्वास्थ्य संबंधी किसी भी आपात स्थिति से निपटने के लिए आवश्यक व्यवस्थाएं बनाए रखने के निर्देश दिए। वहीं, पशुओं को लेकर मुख्य पशु चिकित्साधिकारी को चारे की उपलब्धता और पशुओं के टीकाकरण की व्यवस्था सुनिश्चित करने को कहा गया, ताकि बाढ़ प्रभावित ग्रामीणों को पशुधन के संबंध में किसी तरह की परेशानी न हो।



महुआ घाटी और बिंदकी फार्म के निरीक्षण के बाद अधिकारियों ने औंग और मलवा थाना क्षेत्र के अंतर्गत आने वाले कटरी गांवों का भी दौरा किया। यहां बाढ़ की स्थिति और ग्रामीणों की परिस्थितियों का जायजा लेते हुए संबंधित विभागों के अधिकारियों तथा पुलिस टीमों को सतर्क रहने के निर्देश दिए गए। अधिकारियों ने ग्रामीणों से अपील की कि वे बाढ़ की स्थिति को देखते हुए सतर्क रहें और प्रशासन की ओर से जारी निर्देशों का पालन करें। आवश्यकता पड़ने पर राहत शिविरों में पहुंचकर सुरक्षित स्थान पर रहने को प्राथमिकता दें। निरीक्षण के दौरान उप जिलाधिकारी बिंदकी, अधिशासी अभियंता सिंचाई, आपदा विशेषज्ञ, खंड विकास अधिकारी समेत संबंधित विभागों के अधिकारी और कर्मचारी मौजूद रहे।

## हिन्दी भारतीय भाषाओं की सिरमौर–अपर जिला जज

**राष्ट्रभाषा उन्नयन संगोष्ठी में साहित्यकारों व विचारकों ने हिन्दी के उन्नयन पर दिया जोर**

प्रातःकाल एक्सप्रेस

प्रतापगढ़। स्थानीय दीवानी अदालत स्थित सभागार में सोमवार को राष्ट्रभाषा हिन्दी उन्नयन संगोष्ठी का आयोजन किया गया। अपर जिला जज रघुवीर सिंह राठौर तथा सिविल जज अशोक कुमार व असिस्टेंट प्रोफेसर डा. मोहिनी राठौर ने संयुक्त रूप से मां सरस्वती के चित्र पर मार्ल्यापण कर कार्यक्रम का शुभारम्भ किया। कार्यक्रम में साहित्यकारों द्वारा राष्ट्रभाषा हिन्दी की गौरव गारिमा को लेकर काव्य पाठ भी हुआ। मुख्य अतिथि अपर जिला जज रघुवीर सिंह राठौर ने कहा कि हिन्दी भारतीय भाषाओं की सिरमौर भाषा है। उन्होंने कहा कि मातृ भाषा के प्रति अभिरुचि समय की सबसे बड़ी आवश्यकता है। विशिष्ट अतिथि सिविल जज अशोक कुमार ने राष्ट्रभाषा हिन्दी को व्यवहारिक क्षेत्र में सुदृढ़ बनाये जाने की आवश्यकता पर प्रकाश डाला। मुख्यवक्ता आगरा के दयाल बाग विश्वविद्यालय की असिस्टेंट प्रोफेसर मोहिनी अग्रवाल ने वर्तमान समय में राष्ट्रभाषा की दिशा और दशा को लेकर सार्थक विचार रखे। उन्होंने कहा कि हिन्दी को गर्व के साथ अंगीकृत करने की चेतना जागृति होना आवश्यक है। कार्यक्रम के संयोजक संयुक्त अधिवक्ता संघ के वरिष्ठ उपाध्यक्ष अबरार अहमद खान ने संगोष्ठी में विषय प्रवर्तन किया। कार्यक्रम में वरिष्ठ कवि डा. अंजनी अमोघ, आचार्य अनीश देहाती, रामलगन यादव आशीष व अनूप पाण्डेय ने हिन्दी की महानता पर कविता के जरिये उन्नयन का घोष किया। कार्यक्रम की अध्यक्षता संयुक्त अधिवक्ता संघ के अध्यक्ष राजेशचन्द्र तिवारी व संचालन हिन्दी मित्र संघ के जिला संयोजक ज्ञानप्रकाश शुक्ल ने किया। संगोष्ठी में शिखा तिवारी, संघ के उपाध्यक्ष नामवर सिंह, आय व्यय निरीक्षक संतोष तिवारी, रामसजीवन पटेल ने भी अपने विचार रखे। इस मौके पर विभूति शुक्ला, सचिन पाण्डेय, शिवप्रसाद यादव, अखिलेश श्रीवास्तव, रोशन शुक्ला आदि अधिवक्ता रहे।



## ब्लॉक स्तरीय श्रुतिलेख प्रतियोगिता में आदित्य ने मारी बाजी

प्रातःकाल एक्सप्रेस

प्रतापगढ।गत वर्ष की भाँति इस वर्ष भी हिन्दी दिवस के अवसर पर ब्लॉक स्तरीय श्रुतिलेख प्रतियोगिता का आयोजन खण्ड शिक्षा अधिकारी के मार्गदर्शन में किया गया।

विकासखण्ड बाबागंज में परिषदीय उच्च प्राथमिक विद्यालयों के बच्चों में हिन्दी के प्रति जागरुकता एवं समझ के विकास के उद्देश्य से प्रत्येक वर्ष 14 सितम्बर को हिन्दी दिवस के इस अवसर पर श्रुति लेख प्रतियोगिता का आयोजन किया गया। खण्ड शिक्षा अधिकारी आशीष मिश्र के प्रतिनिधित्व एवं एकेडमिक रिसोर्स पर्सन बबलू सोनी, राहुल मौर्य एवं सन्तोष कुमार के मार्गदर्शन में इस प्रतियोगिता का आयोजन आज ब्लॉक संसाधन केन्द्र बाबागंज सभागार में हुआ।

प्रतियोगिता में विकासक्षेत्र के विभिन्न उच्च प्राथमिक एवं कम्पोजिट विद्यालयों के बच्चों ने प्रतिभाग किया। निर्धारित प्रोटोकॉल के तहत बच्चों का रजिस्ट्रेशन करते हुए उनको उत्तर पुस्तिकाएँ प्रदान की गई और श्रुतिलेख परीक्षा का आयोजन किया गया।

जांचोपरान्त टॉप 10 बच्चों को प्रमाणपत्र एवं स्टेशनरी के साथ जमेट्री बॉक्स आदि देकर सम्मानित किया गया। इसके अलावा समस्त आये हुए बच्चों को स्टेशनरी प्रदान कर उन्हें भी प्रोत्साहित किया गया।

प्रतियोगिता में– प्रथम स्थान पर यूपीएस जयचन्दपुर के आदित्य, द्वितीय नित्या सरोज लोकापुर, तृतीय प्रतिज्ञा सीएस0 लालू पट्टी, चतुर्थ अर्पित पटेल बे सराय खान देव, पंचम साक्षी नचे ऐधा, षष्ठ दरक्षा नचे गुजवर, सप्तम उज्ज्वल नचे रमईपुर, अष्टम अंशुका झलठट, नवम अमित बे चेती राम व दशवें स्थान पर द्रीप्ति बे किशुनी रहे।

इस अवसर पर खण्ड शिक्षा अधिकारी आशीष मिश्र सहित, ए आर पी बबलू सोनी, राहुल मौर्य, सन्तोष कुमार एवं पत्रकार साथी पन्नालाल व शिक्षक सौरभ सिंह, रामानन्द, राम किशोर, अम्बेष्कर, सन्दीप कुमार, सुरजीत कुमार, राजेश कुमार, नागेन्द्र कुमार, सन्तलाल, सजन लाल, अशोक कुमार, रोशन लाल सहित कई अभिभावक मौजूद रहे।

## हिंदी विश्व शांति और सौहार्द की भाषा : दीपनारायण

**हिंदी दिवस पर रामपुर धमावां विद्यालय में विद्यार्थियों ने तैयार किए आकर्षक व जानकारीपरक चार्ट**

प्रातःकाल एक्सप्रेस

कौशाम्बी। सिराथू विकासखंड के उच्च प्राथमिक विद्यालय रामपुर धमावां में सोमवार को हिंदी दिवस मनाया गया। हरितालिका तीज के महिला अवकाश के कारण विद्यालय संचालन की जिम्मेदारी प्राथमिक विद्यालय के सहायक अध्यापक दीपनारायण मिश्र ने संभाली। हिंदी दिवस के अवसर पर विद्यार्थियों ने उनके मार्गदर्शन में हिंदी भाषा से जुड़ी रोचक और जानकारीपरक सामग्री के आकर्षक चार्ट तैयार किए।

कक्षा आठ की भाषा की पुस्तक स्प्रंझाश में शामिल श्हिंदी विश्व शांति की भाषा हैश पाठ का वाचन कर विद्यार्थियों को हिंदी के वैश्विक महत्व की जानकारी दी गई। बताया गया कि जापान में भी हिंदी भाषा के प्रति लोगों में विशेष रुचि है। कई जापानी नागरिक हिंदी भाषा सीखने के साथ ही हिंदी में पुस्तकों का लेखन भी कर चुके हैं।

हिंदी दिवस विषयक चार्ट तैयार करने में छात्राओं शिल्पा, शिवानी और आरुषा गुप्ता ने विशेष योगदान दिया। इस दौरान सहायक अध्यापक दीपनारायण मिश्र ने कहा कि हिंदी ने देश की एकता, सामाजिक सौहार्द और आपसी भाईचारे को मजबूत करने में महत्वपूर्ण भूमिका निभाई है। हिंदी केवल संवाद का माध्यम नहीं, बल्कि विभिन्न भाषाओं और संस्कृतियों को जोड़ने वाली भाषा है। ऐसे में हिंदी को विश्व शांति और सौहार्द की भाषा कहना अतिशयोक्ति नहीं होगी।

## चांदपुर में विराट बजरंग दंगल का आयोजन, पहलवानों ने दिखाए दांव–पेच

प्रातःकाल एक्सप्रेस

फतेहपुर। ग्राम व पोस्ट चांदपुर में विराट बजरंग दंगल का आयोजन किया गया। दंगल में स्थानीय समेत दूर–दराज क्षेत्रों से पहुंचे पहलवानों ने कुश्ती के विभिन्न दांव–पेच दिखाकर दर्शकों का मनोरंजन किया। रोमांचक मुकाबलों के दौरान पहलवानों का उत्साह बढ़ाने के लिए दर्शकों ने तालियों से उनका हौसला बढ़ाया। कार्यक्रम में मुख्य अतिथि सुप्रीम कोर्ट के अधिवक्ता अमित कुमार शुक्ला और अनामिका शुक्ला ने पहुंचकर पहलवानों का उत्साहवर्धन किया। दंगल का आयोजन ग्राम प्रधान शिवशंकर सिंह की ओर से कराया गया। उन्होंने कहा कि ग्रामीण क्षेत्रों में ऐसे आयोजनों से युवाओं में खेल भावना विकसित होती है और पारंपरिक कुश्ती को बढ़ावा मिलता है। आयोजन में नारायणी सेना की टीम ने सक्रिय भूमिका निभाते हुए व्यवस्थाएं संभालीं। इस दौरान रामदेव निषाद, रामकृपाल सोनकर, नयन सिंह, अविनाश पाण्डे, मनोज सोनकर, राजू निषाद, अयूब खान, अनीश खान, राहुल मिश्रा, अल्केंद्र उत्तम और विकाश मिश्रा समेत कई लोग मौजूद रहे। दंगल के समापन पर विजेता पहलवानों को अतिथियों और ग्राम प्रधान ने पुरस्कार देकर सम्मानित किया।



## लाखों की आनलाइन ठगी, अज्ञात के खिलाफ केस

प्रातःकाल एक्सप्रेस

प्रतापगढ़। नौकरी के नाम पर झांसा देकर आरोपियों द्वारा पीड़ित के साथ आनलाइन ठगी को लेकर लालगंज पुलिस ने केस दर्ज किया है। कोतवाली के शीतलमऊ निवासी अनुराग सिंह पुत्र अशोक सिंह ने दी गयी तहरीर में कहा है कि उसके द्वारा एक आनलाइन आवेदन पोर्टल के माध्यम से नौकरी के लिए किया गया था। इसे लेकर अज्ञात आरोपियों द्वारा पिछले ग्यारह अगस्त से उसे झांसा देकर कई बार आनलाइन ठगी की गयी। पीड़ित ने बैंक खाते से साइबर ठगों को दो लाख सतहत्तर हजार चार सौ रुपये आनलाइन भुगतान कर दिया। शिकायत के आधार पर कोतवाली पुलिस ने अज्ञात आरोपियों के खिलाफ साइबर धोखाधड़ी का केस दर्ज किया है।

## किसानों में जोश भर गए पूर्व विधायक राजेन्द्र यादव

प्रातःकाल एक्सप्रेस

फतेहपुर। हथगाम विकासखंड की दंदवा ग्राम पंचायत में उत्तर प्रदेश किसान सभा की पंचायत आयोजित की गई। पंचायत की अध्यक्षता किसान सभा के जिलाध्यक्ष राधे रमन पाण्डेय ने की। मुख्य अतिथि उत्तर प्रदेश किसान सभा के प्रदेश सचिव एवं पूर्व विधायक राजेंद्र यादव ने किसानों को संबोधित करते हुए अपने हक और अधिकारों के लिए एकजुट होकर संघर्ष करने का आह्वान किया। पूर्व विधायक राजेंद्र यादव ने कहा कि किसानों की समस्याओं और उनके अधिकारों को लेकर किसान सभा लगातार संघर्ष कर रही है। किसानों की मांगों को लेकर आंदोलन आगे भी जारी रहेगा। उन्होंने आगामी 7 अक्टूबर को लखनऊ में प्रस्तावित विधानसभा मार्च में जिले के अधिक से अधिक किसानों की भागीदारी सुनिश्चित करने की अपील की। उन्होंने कहा कि किसानों की आवाज को मजबूती से उठाने के लिए संगठन की एकजुटता जरूरी है। पंचायत में मौजूद किसानों से उन्होंने विधानसभा मार्च को सफल बनाने के लिए अभी से तैयारी में जुटने का आह्वान किया। किसान सभा के जिलाध्यक्ष राधे रमन पाण्डेय ने भी संगठन को मजबूत करने और किसानों की समस्याओं को लेकर संघर्ष तेज करने की बात कही। उन्होंने किसानों से बड़ी संख्या में लखनऊ पहुंचकर विधानसभा मार्च को सफल बनाने की अपील की। इस मौके पर किसान नेता राम चंद्र सरस, मदन पटेल, हरि शंकर पाण्डेय, सुरेश यादव, बाबू लाल यादव, उमाशंकर शास्त्री, सालिक राम पाण्डेय, सुमन सिंह चौहान, रामप्रकाश (जिला सचिव, भाकपा), मुन्ना मिश्रा, राम सिंह, लवकुश, राम सूरत पाण्डेय, जगदीश सिंह, राम विलास पाण्डेय, राजा महाराज सहित सैकड़ों किसान एवं कार्यकर्ता मौजूद रहे।

## राजकीय महाविद्यालय सिराथू में मनाया गया हिंदी दिवस

प्रातःकाल एक्सप्रेस

कड़ा कौशांबी। राजकीय महाविद्यालय सिराथू में सोमवार को हिंदी दिवस समारोह का आयोजन किया गया, समारोह का उद्घाटन महाविद्यालय के प्राचार्य प्रोफेसर संजय प्रसाद शर्मा ने सरस्वती प्रतिमा के पूजन के साथ किया। कार्यक्रम में महाविद्यालय के सभी बच्चों ने उत्साह के साथ हिस्सा लिया। इस दौरान बच्चों को हिंदी भाषा के महत्व और उसके इतिहास के बारे में जानकारी दी गई। अपने अध्यक्षीय भाषण में उन्होंने बच्चों को हिंदी दिवस मनाए जाने के कारण और इसके महत्व के बारे में विस्तार से बताया। उन्होंने कहा कि हिंदी देश की प्रमुख भाषाओं में से एक है और लोगों को आपस में जोड़ने में इसकी महत्वपूर्ण भूमिका है। उन्होंने बच्चों से हिंदी भाषा का अधिक से अधिक प्रयोग करने और अपनी भाषा के प्रति सम्मान बनाए रखने की अपील की। कार्यक्रम में प्रोफेसर मीरा पाल ने हिंदी भाषा के ऐतिहासिक विकास के बारे में जानकारी दी। डॉक्टर विकास चंद्र ने हिंदी के संवैधानिक विकास के बारे में जानकारी दी। डॉ नमन कृष्ण ने हिंदी भाषा के व्यावसायिक महत्व का विवेचन किया। इस दौरान कार्यक्रम के दौरान छात्र–छात्राओं ने उत्साहपूर्वक भागीदारी की और हिंदी के प्रति अपनी रुचि दिखाई व विचार व्यक्त किया। महाविद्यालय में आयोजित कार्यक्रम में प्रो. स्मिता पाल, एसोसिएट प्रो. संदीप कुमार, डॉ विकास चंद्र ,डॉ धर्मेंद्र सिंह, डॉ चंद्र प्रकाश, डॉ विपुल सिंह आदि उपस्थित रहे।

## विद्यालय को मिली घड़ी की सौगात

प्रातःकाल एक्सप्रेस

प्रतापगढ़। सोमवार को राजकीय उमावि सराय आनादेव प्रतापगढ़ संस्था के लिए पीटीए अध्यक्ष केदार सिंह की प्रेरणा से बजाज लाइफ इंश्योरेंस प्राइवेट लिमिटेड प्रतापगढ़ के बीपीएम धीरज सिंह द्वारा प्रबंधक धीरेंद्र प्रताप सिंह के निर्देशन में एक दीवाल घड़ी प्रधानाचार्य डॉ विंध्याचल सिंह को भेंट किया. दीवाल घड़ी पर स्मृति स्वरूप प्रधानाचार्य डॉ विंध्याचल सिंह की फोटो लगी है. इस अवसर पर प्रधानाचार्य डॉ विंध्याचल सिंह ने बजाज लाइफ इंश्योरेंस प्राइवेट लिमिटेड प्रतापगढ़ के प्रबंधक धीरेंद्र प्रताप सिंह और बीपीएम धीरज सिंह का धन्यवाद दिया तथा कहा कि बजाज लाइफ इंश्योरेंस प्राइवेट लिमिटेड प्रतापगढ़ के प्रयास से संस्था के संसाधन में वृद्धि हुई है.विद्यालय परिवार इस कार्य के लिए आभारी रहेगा. इस अवसर पर पीटीए अध्यक्ष केदार सिंह, अनिल कुमार,प्रवीण कुमार सिंह, संतोष कुमार शुक्ला, डॉ नेम चंद्र, विजय कुमार,शुभम शुक्ला आदि उपस्थित रहे।

## रास्ते के विवाद में दो पक्षों में मारपीट, कई लोग घायल

**लाठी–डंडों से हमला करने का आरोप, पुलिस ने मुकदमा दर्ज कर शुरू की जांच**

प्रातःकाल एक्सप्रेस

संग्रामगढ़। थाना क्षेत्र के किधौली मजरे बुध का पुरवा गांव में रास्ते के विवाद को लेकर दो पक्षों में जमकर मारपीट हो गई। घटना में महिला समेत कई लोगों के घायल होने की बात सामने आई है। पीड़िता की तहरीर पर संग्रामगढ़ पुलिस ने मुकदमा दर्ज कर जांच शुरू कर दी है। पुलिस को दी गई तहरीर के अनुसार गांव निवासी सुशीला देवी पत्नी सुरेंद्र का पति रोजी–रोटी के सिलसिले में काम पर गया था। आरोप है कि रविवार दोपहर करीब एक बजे रास्ते के विवाद को लेकर करण सरोज, धर्मराज, संजय, निखिल, विकास, अमित सहित कई नामजद व 10–12 अज्ञात लोग एक राय होकर लाठी–डंडे लेकर पहुंचे और गाली–गलौज करते हुए मारपीट शुरू कर दी।

## श्रीरामकथा को लेकर निकली भव्य कलश यात्रा, हुआ जयघोष

प्रातःकाल एक्सप्रेस

प्रतापगढ़। कैथौला बाजार में नौ दिवसीय सामूहिक श्रीरामकथा को लेकर सोमवार को भव्य कलश यात्रा निकाली गयी। कलश यात्रा में भगवान श्रीराम के जयघोष के साथ श्रद्धालुओं ने सिर पर कलश धारण कर रखा था। गणेश पूजा पाण्डाल से निकाली कलश यात्रा कथा व्यास डा. अम्बिकेश त्रिपाठी के संयोजन में निकली कलश यात्रा बाजार से हरिशंकरिन धाम होते हुए विभिन्न मार्गों से वापस कथा स्थली पहुंची। कलश यात्रा में यज्ञाचार्य सदानंद महाराज, पवन तिवारी महराज, संगीताचार्य गुड्डू शुक्ला, शिवपूजन जायसवाल, शैलेन्द्र सिंह, पिंटू सिंह, सतीश त्रिपाठी, निक्के सिंह, दल बहादुर सिंह, संदीप नापित, वासुदेव जायसवाल आदि रहे। आयोजन को लेकर आज मंगलवार से मानस रत्न डा. अम्बिकेश त्रिपाठी गणेश पाण्डाल में सायं सात बजे से श्रद्धालुओं को कथा सुनायेंगे।

## हिन्दी भारतीय भाषाओं की सिरमौर–अपर जिला जज

**राष्ट्रभाषा उन्नयन संगोष्ठी में साहित्यकारों व विचारकों ने हिन्दी के उन्नयन पर दिया जोर**

प्रातःकाल एक्सप्रेस

प्रतापगढ़। स्थानीय दीवानी अदालत स्थित सभागार में सोमवार को राष्ट्रभाषा हिन्दी उन्नयन संगोष्ठी का आयोजन किया गया। अपर जिला जज रघुवीर सिंह राठौर तथा सिविल जज अशोक कुमार व असिस्टेंट प्रोफेसर डा. मोहिनी राठौर ने संयुक्त रूप से मां सरस्वती के चित्र पर मार्ल्यापण कर कार्यक्रम का शुभारम्भ किया। कार्यक्रम में साहित्यकारों द्वारा राष्ट्रभाषा हिन्दी की गौरव गारिमा को लेकर काव्य पाठ भी हुआ। मुख्य अतिथि अपर जिला जज रघुवीर सिंह राठौर ने कहा कि हिन्दी भारतीय भाषाओं की सिरमौर भाषा है। उन्होंने कहा कि मातृ भाषा के प्रति अभिरुचि समय की सबसे बड़ी आवश्यकता है।

## हिंदी दिवस पर पोस्टर, निबंध व कविता पाठ प्रतियोगिता में दिखी प्रतिभा

**कक्षा छह से आठ तक के विद्यार्थियों ने प्रतियोगिताओं में किया प्रतिभाग, विजेताओं को किया गया पुरस्कृत**

प्रातःकाल एक्सप्रेस

कौशाम्बी। सिराथू के उच्च प्राथमिक विद्यालय नौगीरा में सोमवार को हिंदी दिवस हर्षोल्लास के साथ मनाया गया। इस अवसर पर विद्यार्थियों के लिए पोस्टर, निबंध और कविता पाठ



प्रतियोगिता आयोजित की गई। प्रतियोगिताओं में कक्षा छह, सात और आठ के छात्र–छात्राओं ने उत्साहपूर्वक प्रतिभाग किया। विद्यार्थियों ने हिंदी भाषा के प्रति अपनी समझ, रचनात्मकता और अभिव्यक्ति क्षमता का प्रदर्शन किया।

प्रतियोगिता में छात्रा वर्ग में छवि कुशवाहा, खुशी अग्रहरी, रानू, आशु देवी, मोनी देवी, रितु और प्रियांशी ने बेहतर प्रदर्शन कर स्थान प्राप्त किया। वहीं छात्र वर्ग में अंश कुमार, गोपाल कुमार और शुभम विजेता रहे। विद्यालय की ओर से सभी विजेता छात्र–छात्राओं को पुरस्कृत कर उनका उत्साहवर्धन किया गया।

प्रधानाध्यापक विकास कुमार ने कहा कि हिंदी हमारी मातृभाषा होने के साथ ही हमारी संस्कृति और भावनाओं की अभिव्यक्ति का सशक्त माध्यम है। विद्यार्थियों में हिंदी के प्रति रुचि बढ़ाने और उनकी प्रतिभा को मंच देने के लिए इस तरह की गतिविधियां महत्वपूर्ण हैं। उन्होंने बच्चों को हिंदी भाषा के नियमित अध्ययन और इसके अधिकाधिक प्रयोग के लिए प्रेरित किया।

## डीआईजी पूनम और एसपी अपर्णा रजत कौशिक ने सुनी शिकायतें, त्वरित निस्तारण के निर्देश

प्रातःकाल एक्सप्रेस

मीरजापुर। आम जनता की शिकायतों के त्वरित और गुणवत्तापूर्ण निस्तारण के उद्देश्य से मिर्जापुर पुलिस द्वारा नियमित रूप से जनता दर्शन एवं जनसुनवाई कार्यक्रम आयोजित किए जा रहे हैं।



इसी क्रम में सोमवार को दो स्थानों पर जनसुनवाई का आयोजन किया गया। विंध्याचल परिक्षेत्रीय कार्यालय में पुलिस उपमहानिरीक्षक (डीआईजी) पूनम द्वारा जनसुनवाई की गई। इस दौरान मिर्जापुर, भदोही और सोनभद्र जिलों से आए फरियादियों की शिकायतें सुनी गईं। डीआईजी ने संबंधित अधिकारियों को शिकायतों का शीघ्र एवं गुणवत्तापूर्ण निस्तारण सुनिश्चित करने के निर्देश दिए।

इसके साथ ही पुलिस अधीक्षक (एसपी) अपर्णा रजत कौशिक ने पुलिस कार्यालय में जनता दर्शन कार्यक्रम के अंतर्गत जनसुनवाई की। एसपी ने फरियादियों की समस्याओं को गंभीरता से सुनते हुए उनके समयबद्ध और गुणवत्तापूर्ण निस्तारण हेतु संबंधित अधिकारियों को आवश्यक आदेश व निर्देश जारी किए।

एसपी कार्यालय में आयोजित जनसुनवाई में जमीन संबंधी विवाद, पारिवारिक विवाद, मारपीट तथा अन्य शिकायतों को लेकर बड़ी संख्या में लोग पहुंचे। पुलिस अधिकारियों ने बताया कि जनसुनवाई का मुख्य उद्देश्य जनता और पुलिस के बीच सीधा संवाद स्थापित कर पीड़ितों को त्वरित न्याय दिलाना है।

## जिला जेल से संभावित टीबी मरीज की सूचना पर तत्काल पहुंची क्षय विभाग की टीम

प्रातःकाल एक्सप्रेस

मीरजापुर। जिला कारागार अस्पताल से निरुद्ध बन्दी के संभावित टीबी लक्षण की सूचना पर सोमवार को टीबी रोगियों के प्रति संवेदनशीलता निभाने वाले क्षय विभाग के डिस्ट्रिक्ट कोऑर्डिनेटर



सतीश शंकर यादव द्वारा तत्काल अपने विभागीय टीम के साथ जिला कारागार पहुंचकर संबंधित बंदी का जांच हेतु बलगम लिया, साथ ही सतीश यादव द्वारा जेल में निरुद्ध अन्य बंदियों को भी टीबी के संपूर्ण लक्षणों एवं दी जा रही समस्त निःशुल्क सरकारी सुविधाओं की विस्तृत जानकारी देते हुए उन्हें जागरूक किया गया। यादव द्वारा जेल अस्पताल में भर्ती टीबी के इलाज पर चल रहे अन्य दो बंदियों से भी संपर्क कर उनके खान पान एवं उनके पास उपलब्ध दवा आदि की जानकारी ली गई। उक्त कार्यक्रम को सफल बनाने में जेल अधीक्षक आर के मिश्रा, डॉक्टर प्रदीप कुमार, एक्स–रे टेक्निशियन श्यामनाथ, जेल राइटर जगपाल के साथ साथ क्षय विभाग के टीबीएचवी अवध बिहारी कुशवाहा, अंशुमान द्विवेदी ने अपने स्तर से सराहनीय सहयोग दिया।

## न्यायालय परिसर मीरजापुर में मनाया गया हिंदी दिवस

प्रातःकाल एक्सप्रेस

मीरजापुर। सोमवार को न्यायालय परिसर, मीरजापुर में हिंदी दिवस के अवसर पर विशेष कार्यक्रम का आयोजन किया गया। कार्यक्रम का उद्देश्य न्यायिक कार्यों में हिंदी भाषा के अधिकाधिक प्रयोग को प्रोत्साहित करना तथा हिंदी भाषा के प्रति सम्मान, गौरव एवं आत्मीयता की भावना को सुदृढ़ करना रहा।



कार्यक्रम के दौरान जनपद न्यायाधीश अनुपम कुमार, प्रधान न्यायाधीश परिवार न्यायालय संजय कुमार शुक्ला, मुख्य न्यायिक मजिस्ट्रेट राहुल कुमार सिंह, सचिव, जिला विधिक सेवा प्राधिकरण आनन्द कुमार–प्प सहित समस्त सम्मानित न्यायिक अधिकारीगण द्वारा हिंदी भाषा से संबंधित कविताएँ, विचार, संस्मरण, वक्तव्य एवं अपनी पसंद की संक्षिप्त प्रस्तुतियाँ दी गईं। इस अवसर पर प्रस्तुत कविताओं एवं विचारों के माध्यम से हिंदी भाषा की समृद्ध साहित्यिक परंपरा, उसकी सरलता, सहजता तथा जनसामान्य से उसके गहरे जुड़ाव को रेखांकित किया गया। विभिन्न न्यायिक अधिकारीगण द्वारा हिंदी भाषा के प्रति अपने अनुभव एवं संस्मरण भी साझा किए गए, जिससे कार्यक्रम में आत्मीयता, सौहार्द एवं जीवंतता का वातावरण बना रहा। कार्यक्रम के माध्यम से यह संदेश दिया गया कि हिंदी केवल संवाद का माध्यम नहीं, बल्कि हमारी संस्कृति, संवेदना, विचार एवं सामाजिक जुड़ाव की सशक्त अभिव्यक्ति है। न्याय के क्षेत्र में सरल, सहज एवं जनसुलभ भाषा का विशेष महत्व है तथा न्यायिक कार्यों में हिंदी का अधिकाधिक प्रयोग न्याय को आमजन के और अधिक निकट लाने में सहायक सिद्ध हो सकता है। कार्यक्रम का संचालन सिविल जज (जू0डि0)/एफ0टी0सी0 अभिषेक सिंह द्वारा किया गया।

# भाजपा कार्यालय पर प्रदेश उपाध्यक्ष एवं काशी क्षेत्र प्रभारी रमेश सिंह का हुआ भव्य स्वागत

प्रातःकाल एक्सप्रेस

मीरजापुर। भारतीय जनता पार्टी, मीरजापुर द्वारा सोमवार को कार्यकर्ता संवाद एवं परिचयात्मक बैठक का आयोजन किया गया। कार्यक्रम में मुख्य अतिथि के रूप में भाजपा प्रदेश उपाध्यक्ष एवं काशी क्षेत्र प्रभारी रमेश सिंह का पार्टी पदाधिकारियों एवं कार्यकर्ताओं द्वारा हार्दिक स्वागत एवं अभिनंदन किया गया। कार्यक्रम का आयोजन भाजपा जिलाध्यक्ष लाल बहादुर सरोज के नेतृत्व में किया गया। कार्यक्रम का संचालन जिला महामंत्री स्वामीनाथ सिंह ने किया। इस अवसर पर मुख्य अतिथि रमेश सिंह ने उपस्थित पदाधिकारियों एवं कार्यकर्ताओं से संवाद करते हुए संगठन को और अधिक मजबूत एवं प्रभावी बनाने, कार्यकर्ताओं के बीच बेहतर समन्वय स्थापित करने तथा पार्टी की नीतियों एवं कार्यक्रमों को जन–जन तक पहुंचाने पर जोर दिया।



कार्यक्रम में प्रमुख रूप से काशी क्षेत्रीय महामंत्री विद्याधर तिवारी, नगर विधायक रत्नाकर मिश्रा, चुनार विधायक अनुराग सिंह, मझवां विधायक शुचिस्मिता मौर्य, विधान परिषद सदस्य श्याम नारायण सिंह, पिछड़ा वर्ग आयोग के उपाध्यक्ष सोहन श्रीमाली, नगर पालिका अध्यक्ष श्याम सुंदर केसरी, जिला सहकारी बैंक अध्यक्ष जगदीश सिंह पटेल, पूर्व जिलाध्यक्ष मनोज जायसवाल, उत्तर कुमार मौर्य, दिनेश तिवारी, बालेंदुमणि त्रिपाठी, अनिल सिंह, जिला उपाध्यक्ष शरदिन्दुमणि त्रिपाठी हेमन्त, गौरव ऊमर, चिंतामणि मौर्या, सुनीता शर्मा, इंद्र कुमार सिंह, बैजनाथ प्रजापति, उदयभान तिवारी, जिला महामंत्री पं. रविशंकर पांडेय, डॉ. सी. एल. बिन्द, जिलामंत्री संध्या पटेल, वीरेंद्र कुमार कोल, रोहित त्रिपाठी, वीरेंद्र प्रताप यादव, आलोक सिंह, पूनम चौरसिया, जिला कोषाध्यक्ष चंद्रांशु गोयल, जिला मीडिया प्रभारी पं. भावेश शर्मा, जिला कार्यालय मंत्री मनोज दुबे, जिला आईटी संयोजक अमित सिंह, जिला सह मीडिया प्रभारी विजय शक्ति दुबे, रतन कुमार सिंह, शुभम जायसवाल सहित जिला मोर्चा अध्यक्ष, मंडल अध्यक्ष एवं मंडल प्रभारीगण उपस्थित रहे। उक्त जानकारी जिला मीडिया प्रभारी पं0 भावेश शर्मा ने दिया।

## सेमफोर्ड विद्यालय नटवा में हर्षोल्लास से मनाया गया ग्रैंडपेरेंट्स डे

प्रातःकाल एक्सप्रेस

मीरजापुर। रविवार को सेमफोर्ड विद्यालय नटवा में हर्षोल्लास ग्रैंडपेरेंट्स डे (दादा–दादी एवं नाना–नानी दिवस) का आयोजन बड़े हर्षोल्लास एवं उत्साह के साथ किया गया। यह कार्यक्रम दादा–दादी एवं नाना–नानी के प्रति प्रेम, सम्मान और कृतज्ञता व्यक्त करने तथा बच्चों और उनके बीच के आत्मीय संबंध को और मजबूत करने के उद्देश्य से आयोजित किया गया। कार्यक्रम का शुभारंभ दीप प्रज्वलन के साथ हुआ। विद्यालय के निदेशक विवेक बरनवाल, निदेशिका शिप्रा बरनवाल एवं प्रधानाचार्या श्वेता मेहरोत्रा खत्री ने संयुक्त रूप से दीप प्रज्वलित कर कार्यक्रम का विधिवत शुभारंभ किया। इसके पश्चात माँ सरस्वती की प्रतिमा पर माल्यार्पण कर उनका आशीर्वाद प्राप्त किया गया।

विद्यालय की प्रधानाचार्या श्वेता मेहरोत्रा ने आए हुए अतिथियों का स्वागत करते हुए कहा कि ग्रैंडपेरेंट्स डे केवल एक उत्सव नहीं बल्कि बच्चों को परिवार के बुजुर्गों के महत्व उनके अनुभव और संस्कारों से जोड़ने का एक सुंदर अवसर है। उन्होंने सभी से परिवार में बुजुर्गों को प्रेम सम्मान देने का आग्रह किया।

सांस्कृतिक कार्यक्रम की शुरुआत मंगलमय गणेश वंदना से हुई। इसके बाद दादा–दादी एवं नाना–नानी के स्वागत के लिए बच्चों द्वारा मनमोहक स्वागत गीत प्रस्तुत किया गया। नन्हे–मुन्ने बच्चों ने अपने दादा–दादी एवं नाना–नानी के प्रति प्रेम और सम्मान को दर्शाते हुए विभिन्न रंगारंग नृत्य प्रस्तुत किए, जिन्हें उपस्थित अतिथियों एवं अभिभावकों ने खूब सराहा। इस अवसर पर विद्यालय के निदेशक विवेक बरनवाल ने अपने संबोधन में बच्चों और




शिक्षकों के प्रयासों की सराहना की। उन्होंने कहा कि दादा–दादी और नाना–नानी परिवार की वह मजबूत नींव हैं, जिनसे बच्चों को प्रेम, संस्कार, अनुभव और जीवन–मूल्यों की सीख मिलती है। उन्होंने बच्चों को अपने बुजुर्गों का सम्मान करने, उनकी भावनाओं को समझने तथा उनके साथ समय बिताने के लिए प्रेरित किया।

कार्यक्रम के अंत में कोऑर्डिनेटर मंजरी खरे ने सभी अतिथियों, दादा–दादी एवं नाना–नानी, अभिभावकों, शिक्षकों और विद्यार्थियों के प्रति आभार एवं धन्यवाद ज्ञापित किया। समारोह का समापन हर्ष, उल्लास एवं भावनाओं से परिपूर्ण वातावरण में हुआ। इस अवसर पर विद्यालय के सभी शिक्षक गण उपस्थित रहे।

## रिहंदनगर में गणेश पूजा का भव्य आयोजन, तीन दिन चलेगा उत्सव

प्रातःकाल एक्सप्रेस

बीजपुर, सोनभद्र। रिहंदनगर, एनटीपीसी परिसर स्थित कर्मचारी कल्याण केंद्र (संगम) में गणेश चतुर्थी के अवसर पर भव्य गणेश पूजा का आयोजन किया गया। गणेश प्रतिमा की विधिवत स्थापना के साथ शुरू हुए इस धार्मिक अनुष्ठान में एनटीपीसी के अधिकारी, कर्मचारी एवं स्थानीय श्रद्धालुओं तथा उनके परिजन श्रद्धा, समर्पण एवं उत्साह के साथ शामिल हुए। परियोजना प्रमुख सह कार्यकारी निदेशक संजय असाटी एवं महिला मंडल की अध्यक्षा नीलू असाटी ने भगवान गणेश की विधि–विधान से पूजा–अर्चना की। आज के पूजन कार्यक्रम में यजमान की भूमिका महाप्रबंधक (ओएंडएम) प्रणय कुमार नायक एवं उनकी धर्मपत्नी वर्तिका महिला मंडल की उपाध्यक्षा रश्मि मोहंती ने बड़े ही भक्ति भाव से निभाया। विद्वान पंडित रामजी द्विवेदी ने मंत्रोच्चार से संपूर्ण वातावरण को भक्तिमय बना दिया। तदुपरांत आरती में महाप्रबंधक (मेंटिनेंस) हेमेश कुमार वार्ष्णेय, पूजा समिति के अध्यक्ष अपर महाप्रबंधक एन. एस.कोरंगा, महासचिव अपर महाप्रबंधक (प्रोजेक्ट) विजेंद्र कुमार मीना, मानव संसाधन प्रमुख राजेश बोईपाई, अपर महाप्रबंधक सिद्धार्थ, अनिल कुमार, सहित अनेकानेक विशिष्टजनों के साथ सैकड़ों श्रद्धालुओं ने सहभागिता की। पूजा के दौरान परिसर में भक्तिमय वातावरण बना रहा।



श्रद्धालुओं ने प्रथम पूज्य विघ्नहर्ता भगवान गणेशजी से परिवार, संस्थान एवं क्षेत्र की सुख,शांति, समृद्धि एवं उन्नति के लिए प्रार्थना की। इसी के साथ श्रद्धालुओं के बीच प्रसाद वितरित किया गया। मंदिर समिति के उपाध्यक्ष जी सी साहु ने बताया कि यह आयोजन तीन दिनों तक चलेगा। इस दौरान पूजन–अर्चन, आरती एवं स्थानीय कलाकार उदय उपाध्याय, मिथिलेश शर्मा, पंकज कश्यप आदि के द्वारा आधुनिक वाद्ययंत्रों के साथ भजन–कीर्तन चलता रहेगा।16 सितंबर 2026 की शाम को गणपति महाराज की प्रतिमा का विधि–विधान एवं ढोल नगाड़ों के साथ श्रद्धाभाव से विसर्जन किया जाएगा। आयोजन को लेकर कर्मचारियों एवं स्थानीय श्रद्धालुओं में खासा उत्साह है।

## भदोही पुलिस ने मिशन शक्ति के तहत महिलाओं को जागरूक किया

### सुरक्षा सशक्तिकरण, कानूनी अधिकारों और हेल्पलाइन नंबरों की जानकारी दी

प्रातःकाल एक्सप्रेस

भदोही। भदोही पुलिस ने मिशन शक्ति फेज–5 के दूसरे चरण में महिलाओं और बालिकाओं को जागरूक किया। पुलिस अधीक्षक अभिनव त्यागी और अपर पुलिस अधीक्षक शुभम अग्रवाल के निर्देश पर यह अभियान चलाया गया। जिला पुलिस ने बाजारों, सार्वजनिक स्थानों, ग्रामीण और शहरी इलाकों में जागरूकता कार्यक्रम किए। इस अभियान में सैकड़ों महिलाओं और बालिकाओं को महिला सुरक्षा, सशक्तिकरण और कानूनी अधिकारों की जानकारी दी गई। उन्हें अपराधों से बचाव के उपाय भी बताए गए।

पुलिस ने कई महत्वपूर्ण हेल्पलाइन नंबरों की जानकारी भी दी। इनमें 181 (महिला हेल्पलाइन), 1090 (महिला शक्ति लाइन), 1098 (चाइल्ड हेल्पलाइन), 112 (इमरजेंसी हेल्पलाइन) और 1076 (पुलिस कंट्रोल रूम) शामिल हैं। इसके अलावा, यूपीसीओपी ऐप के जरिए पुलिस सेवाओं का तुरंत लाभ उठाने का तरीका बताया गया। सोशल मीडिया पर होने वाले साइबर अपराधों जैसे फिशिंग, साइबर स्टॉकिंग और फर्जी प्रोफाइल से होने वाली धोखाधड़ी से बचाव की भी जानकारी दी गई। महिलाओं को उनके कानूनी अधिकारों के बारे में भी बताया गया। इसमें



च्वैब्ट एक्ट (बाल यौन शोषण से संरक्षण), दहेज निषेध अधिनियम, घरेलू हिंसा से महिलाओं का संरक्षण अधिनियम और साइबर अपराधों से संबंधित सूचना प्रौद्योगिकी अधिनियम शामिल हैं। उत्तर प्रदेश पुलिस द्वारा मिशन शक्ति 5.0 के तहत महिलाओं और बालिकाओं की सुरक्षा, सम्मान और स्वावलंबन सुनिश्चित करने के लिए यह अभियान लगातार चलाया जा रहा है। इसका मुख्य उद्देश्य समाज में महिलाओं को सशक्त और सुरक्षित महसूस कराना है।

भदोही पुलिस ने सभी महिलाओं और बालिकाओं से अपील की है कि किसी भी तरह की असुरक्षा या अपराध की स्थिति में तुरंत नजदीकी पुलिस थाने या ऊपर बताए गए हेल्पलाइन नंबरों पर संपर्क करें।

## स्व. निर्मला सिंह के निधन पर अनुप्रिया पटेल ने जताया शोक

प्रातःकाल एक्सप्रेस

मीरजापुर। अपना दल (एस) की राष्ट्रीय अध्यक्ष एवं केंद्रीय स्वास्थ्य एवं परिवार कल्याण तथा रसायन एवं उर्वरक राज्यमंत्री अनुप्रिया पटेल ने निबी गहरवार निवासी नगर विधानसभा मीडिया प्रभारी सतीश सिंह के आवास पहुंचकर उनकी पूज्य माता स्वर्गीय निर्मला सिंह के निधन पर शोक व्यक्त किया।



उन्होंने शोकाकुल परिजनों से मुलाकात कर उन्हें ढांढस बंधाया और दिवंगत निर्मला सिंह के चित्र पर पुष्प अर्पित कर श्रद्धांजलि दी। इस दौरान उन्होंने परिवार को इस कठिन घड़ी में धैर्य बनाए रखने की सांत्वना दी तथा दिवंगत आत्मा की शांति के लिए प्रार्थना की। राज्यमंत्री अनुप्रिया पटेल ने कहा कि माता का निधन परिवार के लिए अपूरणीय क्षति है। दुख की इस घड़ी में पूरा समाज शोकाकुल परिवार के साथ खड़ा है। इस अवसर पर राम लोटन,उदय पटेल, कुमार सिंह,वीरेंद्र तिवारी,राजिंदर पाठक,अजीत सिंह,विकास सिंह,आनंद सिंह सहित काफी संख्या में लोग मौजूद रहे।

## आम आदमी पार्टी ने मिर्जापुर के विपिन कुमार पाठक को बनाया नेशनल सोशल मीडिया कमेटी का सदस्य

प्रातःकाल एक्सप्रेस

मीरजापुर। आम आदमी पार्टी के संगठन विस्तार एवं डिजिटल विंग को और अधिक सुदृढ़ व आक्रामक बनाने के क्रम में पार्टी ने मिर्जापुर निवासी आम आदमी पार्टी के युवा, ऊर्जावान व निष्ठावान साथी विपिन कुमार पाठक को श्आम आदमी पार्टी उत्तर प्रदेशश् का प्रदेश सोशल मीडिया कोऑर्डिनेटर नियुक्त किया है। आम आदमी पार्टी के उत्तर प्रदेश प्रभारी व राज्यसभा सांसद संजय सिंह ने सोमवार को सोशल मीडिया पर इस महत्वपूर्ण जिम्मेदारी की घोषणा करते हुए राष्ट्रीय सोशल मीडिया टीम के सदस्य व छोटे भाई विपिन कुमार पाठक को नई जिम्मेदारी के लिए हार्दिक बधाई एवं शुभकामनाएं दीं। इस घोषणा के बाद से ही पार्टी कार्यकर्ताओं और युवाओं में भारी उत्साह की लहर है। इस अवसर पर आम आदमी पार्टी, मिर्जापुर के वरिष्ठ प्रदेश उपाध्यक्ष सुनील पांडेय ने विपिन पाठक को हार्दिक बधाई देते हुए कहा कि विपिन ने संगठन के हर निर्देश को हमेशा पूरी शिद्दत और समर्पण के साथ निभाया है। उनका तकनीकी कौशल और सांगठनिक जुड़ाव पार्टी की बहुत बड़ी पूंजी है। उनके नेतृत्व में उत्तर प्रदेश की सोशल मीडिया टीम जनमुद्दों को धार देकर सरकार को कटघरे में खड़ा करने में सबसे अग्रणी भूमिका निभाएगी।



## भदोही के दो नेताओं को मिली बड़ी जिम्मेदारी

### कमल तिवारी बने कार्यक्रम कोष संग्रह प्रभारी, धनंजय दुबे को कार्यक्रम प्रभारी की जिम्मेदारी

प्रातःकाल एक्सप्रेस

भदोही। लोक जनशक्ति पार्टी (रामविलास) की ओर से आगामी 27 सितंबर 2026 को परेड ग्राउंड, प्रयागराज में "यूथ बोलो तो" कार्यक्रम का आयोजन किया जा रहा है। कार्यक्रम में पार्टी के राष्ट्रीय अध्यक्ष एवं केंद्रीय मंत्री चिराग पासवान मुख्य



अतिथि के रूप में शामिल होंगे। कार्यक्रम को सफल बनाने के लिए पार्टी नेतृत्व की ओर से विभिन्न पदाधिकारियों को महत्वपूर्ण जिम्मेदारियां सौंपी गई हैं। इसी क्रम में भदोही निवासी प्रदेश महासचिव कमल तिवारी को कार्यक्रम कोष संग्रह प्रभारी तथा प्रदेश संगठन महामंत्री धनंजय दुबे को कार्यक्रम प्रभारी नियुक्त किया गया है। वहीं अवनीश तिवारी को जिला छात्रावास संपर्क प्रभारी की जिम्मेदारी सौंपी गई है। इतने बड़े आयोजन में महत्वपूर्ण जिम्मेदारी मिलने पर कमल तिवारी और धनंजय दुबे ने प्रसन्नता व्यक्त करते हुए पार्टी के उत्तर प्रदेश प्रभारी एवं जमुई सांसद अरुण भारती तथा प्रदेश अध्यक्ष राजीव पासी के प्रति आभार व्यक्त किया। दोनों नेताओं ने कहा कि पार्टी नेतृत्व ने जिस विश्वास के साथ उन्हें यह जिम्मेदारी सौंपी है, उसे पूरी निष्ठा और ईमानदारी के साथ निभाया जाएगा। उन्होंने कहा कि "यूथ बोलो तो" कार्यक्रम को सफल और ऐतिहासिक बनाने के लिए पूरी टीम के साथ जी–जान से कार्य करेंगे तथा नेतृत्व के भरोसे को कायम रखने में कोई कसर नहीं छोड़ेंगे, भदोही के कार्यकर्ताओं ने खुशी जाहिर की।

स्वामी, मुद्रक एवं प्रकाशक फिरदौस फातिमा द्वारा 79–ए–मोतीलाल नेहरू रोड, जिला–प्रयागराज –211002, (उ.प्र.) से मुद्रित एवं 79–ए–मोतीलाल नेहरू रोड, जिला–प्रयागराज –211002, (उ.प्र.) से प्रकाशित।
सम्पादक
फिरदौस फातिमा
मो.9451721210
UPHIN/2015/61843

इस अंक में प्रकाशित समस्त समाचारों के चयन एवं सम्पादन हेतु पी.आर.बी. एक्ट के अंतर्गत उत्तरदायी तथा इससे उत्पन्न समस्त विवाद जनपद न्यायालय इलाहाबाद, जिला प्रयागराज के अधीन होंगे।

# योगी का जनता दर्शन, अधिकारियों को दिए निर्देश, 'शिकायतों के निस्तारण में हीलाहवाली बर्दाश्त नहीं'

लखनऊ, संवाददाता। मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ ने सोमवार को जनता दर्शन में प्रदेश के विभिन्न जिलों से आए लोगों की समस्याएं सुनीं और अधिकारियों को शिकायतों के त्वरित एवं संतुष्टिपरक निस्तारण के निर्देश दिए। मुख्यमंत्री ने कहा कि सरकार प्रत्येक पीड़ित की उचित समस्या का समाधान कराने के लिए प्रतिबद्ध है। अधिकारियों को आमजन की शिकायतों के निस्तारण में संवेदनशीलता और तत्परता बरतनी होगी। जनता दर्शन के दौरान मुख्यमंत्री स्वयं कुर्सियों पर बैठे प्रत्येक फरियादी के पास पहुंचे और उनकी समस्याओं को गंभीरता से सुना। उन्होंने लोगों के प्रार्थना पत्र संबंधित अधिकारियों को भेजते हुए उनके शीघ्र समाधान के निर्देश दिए। मुख्यमंत्री ने भरोसा दिलाया कि प्रत्येक पात्र व्यक्ति को शासन की जनकल्याणकारी योजनाओं का लाभ दिलाया जाएगा। उन्होंने अधिकारियों को जरूरतमंद लोगों के समुचित इलाज की व्यवस्था सुनिश्चित करने के साथ ही भूमि विवाद और अवैध कब्जे से जुड़े मामलों में प्रभावी कार्रवाई के निर्देश दिए। जमीन पर कब्जा करने वाले भू–माफिया और दबंगों के खिलाफ कठोर कार्रवाई करने को कहा। जनता दर्शन में कुछ लोगों ने पुलिस से संबंधित शिकायतें भी मुख्यमंत्री के सामने रखीं। इस पर मुख्यमंत्री ने अधिकारियों को स्पष्ट निर्देश दिए कि थाना, चौकी और बीट स्तर पर किसी भी प्रकार की लापरवाही बर्दाश्त नहीं की जाएगी। उन्होंने पुलिस आयुक्त, एडीजी, आईजी, डीआईजी और एसएसपी स्तर के अधिकारियों को ऐसे मामलों पर विशेष ध्यान देने के निर्देश दिए। मुख्यमंत्री ने कहा कि प्रत्येक मामले में दोषियों के खिलाफ नियमसंगत कार्रवाई सुनिश्चित की जाए। उन्होंने राजस्व और कानून–व्यवस्था से जुड़े मामलों का भी प्राथमिकता के आधार पर शीघ्र निस्तारण कराने को कहा। जनता दर्शन में अभिभावकों के साथ पहुंचे बच्चों से भी मुख्यमंत्री ने बातचीत की। उन्होंने बच्चों का हालचाल जाना और उनकी पढ़ाई तथा रुचियों के बारे में पूछा। मुख्यमंत्री ने बच्चों को मन लगाकर पढ़ाई करने के साथ खेल, संगीत और कला जैसी अन्य गतिविधियों में भी भाग लेने के लिए प्रेरित किया। मुख्यमंत्री ने बच्चों को चॉकलेट दी और उनके उज्ज्वल भविष्य के लिए आशीर्वाद दिया।



## योगी की प्रदेशवासियों को पाती, गणेश चतुर्थी और विश्वकर्मा पूजा पर बोले, 'वोकल फॉर लोकल' को बनाएं जीवन का हिस्सा

लखनऊ, संवाददाता। मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ ने गणेश चतुर्थी और 17 सितंबर को होने वाले भगवान विश्वकर्मा पूजन उत्सव के अवसर पर प्रदेशवासियों के नाम संदेश जारी किया है। मुख्यमंत्री ने अपने संदेश में सामाजिक एकता को मजबूत करने और 'विकसित उत्तर प्रदेश' के संकल्प को आगे बढ़ाने का आह्वान किया। उन्होंने कहा कि गणेशोत्सव से जुड़े ज्ञान, विवेक




और कर्म के भाव भगवान विश्वकर्मा की पूजा में भी दिखाई देते हैं। 17 सितंबर को सृष्टि के प्रथम शिल्पकार भगवान विश्वकर्मा की आराधना का अवसर प्रदेश को कौशल और तकनीक के जरिए विकास की नई ऊंचाइयों तक ले जाने की प्रेरणा देता है। मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ ने प्रदेशवासियों से प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के 'वोकल फॉर लोकल' विजन को केवल विचार तक सीमित नहीं रखने की अपील की। उन्होंने कहा कि स्थानीय उत्पादों, कारीगरों और हस्तशिल्प को प्रोत्साहन देने की आदत को दैनिक जीवन का हिस्सा बनाया जाना चाहिए। सीएम ने कहा कि स्थानीय हुनर और कारीगरों को बढ़ावा मिलने से प्रदेश के युवाओं के लिए रोजगार के नए अवसर पैदा होंगे। वहीं, स्थानीय सामर्थ्य पर भरोसा बढ़ने से उत्तर प्रदेश की अर्थव्यवस्था को भी नई दिशा मिल सकती है। मुख्यमंत्री ने कहा कि प्रकृति के प्रति जिम्मेदारी निभाने और स्थानीय क्षमताओं का बेहतर इस्तेमाल करने के साथ ही आत्मनिर्भर और विकसित उत्तर प्रदेश का निर्माण संभव है। उन्होंने विश्वास जताया कि ज्ञान, तकनीक और आत्मनिर्भरता का यह संगम उत्तर प्रदेश को विकास की नई मिसाल कायम करने में मदद करेगा।

## जनसंख्या नियंत्रण कानून लागू करने की मांग को लेकर प्रदर्शन आज

लखनऊ, संवाददाता। देश में तेजी से बढ़ती जनसंख्या के नियंत्रण के लिये जनसंख्या नियंत्रण कानून लागू करने की मांग को लेकर योगी सेना (भारत) कल 15 सितम्बर को अपराह्न दो बजे हजरतगंज में धरना प्रदर्शन करने जा रही है। आज यहां सेना के उपाध्यक्ष मोहित मिश्रा ने बताया कि देश के विकास में बाधक बन रही जनसंख्या के नियंत्रण के लिये कानून की बेहद जरूरत है, और इसे लागू करने की मांग को लेकर योगी सेना (भारत) 15 सितम्बर मंगलवार को अपराह्न दो बजे पटेल प्रतिमा के निकट योगी सेना भारत के कार्यकर्ता एकत्र होकर विरोध प्रदर्शन करेंगे और गांधी प्रतिमा जीपीओ पहुंचकर शान्तिपूर्ण ढंग से धरना देंगे। होने जा रहे इस धरना प्रदर्शन को लेकर योगी सेना भारत के उपाध्यक्ष मोहित मिश्रा ने कहा कि देश में जनसंख्या नियंत्रण कानून लागू करना अत्यंत जरूरी हो गया है, क्योकि भारत में जनसंख्या की यह निरंतर वृद्धि गरीबी, भुखमरी और कुपोषण, प्राकृतिक संसाधनों के दोहन या अतिउपयोग आदि जैसी अधिकांश समस्याओं की जड़ है। जनसंख्या नियंत्रण करना समय की मांग है।

## घर में घुसे युवक ने तीसरी मंजिल से लगाई छलांग, मौत

लखनऊ, संवाददाता। राजधानी के राजाजीपुरम में सोमवार सुबह एक युवक अचानक एक मकान में घुस गया। लोगों के देख लेने पर वह छत के रास्ते दूसरे मकान की छत पर पहुंच गया। आसपास के लोगों ने उसे रोकने और समझाने का प्रयास किया, लेकिन युवक रेलिंग पर खड़ा होकर नीचे कूद गया। गंभीर हालत में उसे रानी लक्ष्मीबाई अस्पताल ले जाया गया, जहां डॉक्टर ने मृत घोषित कर दिया। मृतक की पहचान सेक्टर–6 सपना कॉलोनी राजाजीपुरम तालकटोरा निवासी मनीष कुमार श्रीवास्तव (31) पुत्र इन्द्रजीत बहादुर श्रीवास्तव के रूप में हुई है। परिजनों ने पुलिस को बताया कि मनीष सोमवार सुबह करीब 6 बजे घर से निकला था। परिवार के अनुसार उसकी मानसिक स्थिति कुछ समय से ठीक नहीं चल रही थी। स्थानीय लोगों के अनुसार युवक मकान संख्या ई–1287 के गेट से घर में दाखिल हुआ और छत के रास्ते मकान संख्या ई–1291 की छत पर पहुंच गया। लोगों की नजर पड़ने पर शोर मचा तो वह ई–1291 की रेलिंग पर जाकर खड़ा हो गया। मौके पर मौजूद लोगों ने उसे नीचे न कूदने के लिए काफी देर तक समझाया, लेकिन वह नहीं माना और रेलिंग से नीचे छलांग लगा दी। पुलिस के मुताबिक सोमवार को सूचना मिली कि एक अज्ञात व्यक्ति मकान में घुस आया है और लोगों के देख लेने पर छत से नीचे कूद गया है। पुलिस मौके पर पहुंची और घायल युवक को एंबुलेंस से रानी लक्ष्मीबाई अस्पताल राजाजीपुरम भेजा।

# बिना इंटरव्यू कैसे चुने गए राम मंदिर के सीईओ, अमिताभ ठाकुर ने दी कोर्ट जाने की चेतावनी, मचा हड़कंप





लखनऊ, संवाददाता। राम जन्मभूमि तीर्थ क्षेत्र के पहले मुख्य कार्यकारी अधिकारी के चयन को लेकर पूर्व आईपीएस अधिकारी एवं आजाद अधिकार सेना के राष्ट्रीय अध्यक्ष अमिताभ ठाकुर ने एक बार फिर सवाल उठाए हैं। ठाकुर स्वयं भी सीईओ पद के आवेदकों में शामिल रहे हैं। राम जन्मभूमि तीर्थ क्षेत्र ट्रस्ट को भेजे पत्र में अमिताभ ठाकुर ने पूर्व आईपीएस अधिकारी राजेश पांडेय के हालिया सार्वजनिक पॉडकास्ट में दिए कथित बयान का हवाला दिया है। अमिताभ ठाकुर के अनुसार, राजेश पांडेय ने कहा है कि सेवानिवृत्त एयर मार्शल जितेन्द्र मिश्रा अंतिम चरण के 16 उम्मीदवारों में शामिल नहीं थे और उन्होंने साक्षात्कार में हिस्सा नहीं लिया था। पांडेय ने यह भी कहा कि एक समय उन्हें अपना चयन लगभग निश्चित लग रहा था, लेकिन बाद में निर्णय बदल गया। ठाकुर का कहना है कि यदि राजेश पांडेय का यह बयान सही है तो इससे केवल अंतिम नियुक्ति ही नहीं, बल्कि पूरी चयन प्रक्रिया पर गंभीर सवाल खड़े होते हैं। उनका मुख्य सवाल है कि यदि जितेन्द्र मिश्रा निर्धारित अंतिम चरण में शामिल नहीं हुए थे, तो उनका नाम अंतिम 3 उम्मीदवारों में किस आधार पर शामिल किया गया और उनके चयन का आधार क्या था। उन्होंने ट्रस्ट से चयन प्रक्रिया से संबंधित तथ्यों और निर्णय का स्पष्ट एवं संतोषजनक स्पष्टीकरण देने की मांग की है। साथ ही, यदि निर्धारित प्रक्रिया से किसी प्रकार का विचलन हुआ हो तो आवश्यक सुधारात्मक कार्रवाई करने को कहा है। उन्होंने चेतावनी दी है कि यदि ट्रस्ट की ओर से संतोषजनक जवाब और आवश्यक कार्रवाई नहीं की जाती है तो वह चयन प्रक्रिया और नियुक्ति को उचित न्यायिक अथवा वैधानिक मंच के समक्ष चुनौती देने समेत उपलब्ध सभी कानूनी उपाय अपनाएंगे। अमिताभ ठाकुर ने कहा कि इस मामले में चयन प्रक्रिया की पारदर्शिता और निर्धारित नियमों के पालन को स्पष्ट किया जाना जरूरी है।

# एलयू में सिक्योरिटी गार्ड्स हटाने पर छात्रों का प्रदर्शन, धरने पर बैठे





लखनऊ, संवाददाता। लखनऊ विश्वविद्यालय एलयू में सिक्योरिटी गार्ड्स को हटाए जाने के विरोध में सोमवार को छात्रों ने प्रदर्शन किया। गेट नंबर–1 पर कई छात्र संगठनों से जुड़े छात्र जुटे। एनएसयूआई और युवजन सभा के कार्यकर्ताओं ने नारेबाजी की। प्रदर्शन में नौकरी से हटाए गए सिक्योरिटी गार्ड भी शामिल हुए। छात्रों ने गार्ड्स को दोबारा काम पर रखने की मांग की। इस दौरान गेट नंबर–1 पर काफी देर तक नारेबाजी होती रही। छात्रों का कहना है कि लंबे समय से विश्वविद्यालय की सुरक्षा व्यवस्था संभाल रहे कर्मचारियों के हितों का भी ध्यान रखा जाना चाहिए। इस बीच गार्डों ने कुलसचिव को पत्र देकर हिंद सिक्योरिटी फोर्स पर मनमानी का आरोप लगाया था। गार्डों का कहना है कि बिना कुलसचिव की अनुमति किसी कर्मचारी को हटाने का आदेश नहीं है। इसके बावजूद एजेंसी ने अब तक कई गार्डों को हटा दिया है और करीब 60: गार्डों को हटाने की तैयारी है। गार्डों ने पत्र में बताया कि वे करीब 12 साल से विश्वविद्यालय में सेवा दे रहे हैं। इस दौरान उनके खिलाफ कोई शिकायत नहीं हुई। एजेंसी की ओर से कहा जा रहा है कि तय मानक पूरा नहीं करने वाले गार्डों को हटाया जाएगा। गार्डों का कहना है कि वे सभी मानक पूरा करने के लिए तैयार हैं। विश्वविद्यालय में चौकीदार और अन्य पद भी खाली पड़े हैं। ऐसे में उन्हें उनकी योग्यता के अनुसार दूसरे पदों पर समायोजित किया जाए। गार्डों ने कहा कि अचानक नौकरी जाने से उनके परिवार के सामने रोजी–रोटी का संकट खड़ा हो जाएगा। उन्होंने कुलसचिव से सभी गार्डों के हितों की रक्षा करने और नौकरी से न हटाने की गुहार लगाई है।

# युवक की गला रेतकर हत्या, सड़क किनारे मिला शव

लखनऊ, संवाददाता। राजधानी के कृष्णानगर में सोमवार सुबह 32 साल के युवक की गला रेतकर हत्या कर दी गई। उसका शव सड़क किनारे मौरंग के ढेर पर मिला। घटना सुबह करीब 6.30 बजे की बताई जा रही है। स्थानीय लोगों ने शव देखकर पुलिस को सूचना दी। मौके पर स्थानीय पुलिस के साथ एसीपी और भारी पुलिस बल पहुंचा। फॉरेंसिक टीम ने भी घटनास्थल की जांच कर साक्ष्य जुटाए। पुलिस हत्या की वजह और वारदात में शामिल आरोपियों का पता लगाने में जुटी है। मृतक की पहचान 32 वर्षीय रामबाबू मौर्या के रूप में हुई है। वह काकोरी के गोलाकुआं गांव का रहने वाला था और मजदूरी करता था। सोमवार सुबह उसका शव सड़क किनारे मौरंग के ढेर पर मिला। पुलिस ने शव को पोस्टमॉर्टम के लिए भेज दिया है। हत्या की सूचना मिलते ही रामबाबू के परिजन मौके पर पहुंच गए। शव देखकर परिवार में चीख–पुकार मच गई। परिजनों का रो–रोकर बुरा हाल है। रामबाबू के परिवार में पिता गोविंद प्रसाद, मां राजकुमारी और भाई लवकुश व श्याम बाबू हैं। उसकी पत्नी का नाम पुष्पा है। उसकी दो बेटियां लाडू और समीक्षा हैं। मृतक की बहन दीपिका ने बताया कि कल रात करीब 9 बजे भाई ने मां से फोन पर बात की थी। उसने बताया था कि वह अभी घर नहीं पहुंचा है। आज सुबह परिवार को फोन आया कि कृष्णानगर इलाके में एक युवक का गला कटा शव मिला है। परिजन मौके पर पहुंचे तो शव की पहचान उनके भाई के रूप में हुई। दीपिका ने बताया कि तीन भाई हैं और रामबाबू मंझले भाई थे। परिवार काकोरी के धौला कुआं इलाके में रहता है। एडीसीपी साउथ बसंत कुमार ने बताया कि सुबह करीब 6.30 बजे कृष्णानगर में एक व्यक्ति का शव पड़े होने की सूचना मिली थी। पुलिस मौके पर पहुंची और जांच की। मृतक के गले पर धारदार हथियार से काटे जाने का निशान मिला है। शव को पोस्टमॉर्टम के लिए भेज दिया गया है।


राम बाबू मौर्य, मृतक

## संक्षिप्त

### पारा में अवैध भैंस डेयरियों पर नगर निगम की कार्रवाई,30 भैंसें पकड़ीं

लखनऊ, संवाददाता। राजधानी के पारा थाना क्षेत्र की पारा सागर विहार कॉलोनी में सोमवार को नगर निगम की टीम ने अवैध भैंस डेयरियों के खिलाफ अभियान चलाया। कार्रवाई पांच बंदर मंदिर के पास हुई। पुलिस बल की मौजूदगी में कार्रवाई से डेयरी संचालकों में खलबली मच गई। टीम ने करीब 30 भैंसों को पकड़ा और कांजी हाउस भेज दिया। नगर निगम की टीम पुलिस बल के साथ मौके पर पहुंची। टीम ने क्षेत्र में चल रही डेयरियों का निरीक्षण किया। इस दौरान डेयरियों में मौजूद भैंसों को पकड़ा गया। सभी पशुओं को नगर निगम के कांजी हाउस भेज दिया गया। कार्रवाई के दौरान काफी देर तक मौके पर गहमागहमी रही। स्थानीय लोगों के अनुसार, पारा सागर विहार कॉलोनी और आसपास के रिहायशी इलाकों में लंबे समय से कई जगह भैंस डेयरियां चल रही हैं। लोगों का आरोप है कि डेयरियों से निकलने वाले गोबर और गंदगी से सफाई व्यवस्था प्रभावित हो रही है। स्थानीय लोगों का कहना है कि कई जगह गोबर नालियों में बहा दिया जाता है। इससे पानी की निकासी प्रभावित होती है। इसके अलावादुर्गंध के कारण आसपास रहने वाले लोगों को परेशानी होती है। नगर निगम की कार्रवाई की जानकारी मिलते ही आसपास के अन्य डेयरी संचालकों में भी खलबली मच गई। टीम ने मौके पर अवैध रूप से चल रही डेयरियों के खिलाफ जरूरी कार्रवाई की। पुलिस की मौजूदगी में अभियान शांतिपूर्ण तरीके से पूरा हुआ। स्थानीय लोगों ने नगर निगम की कार्रवाई का स्वागत किया। उन्होंने मांग की कि अवैध डेयरियों के खिलाफ लगातार अभियान चलाया जाए। लोगों का कहना है कि एक दिन की कार्रवाई से समस्या का स्थायी समाधान नहीं होगा। रिहायशी इलाकों में नियमों के खिलाफ चल रही डेयरियों पर नियमित कार्रवाई से गंदगी, दुर्गंध और जल निकासी जैसी समस्याओं से लोगों को राहत मिल सकती है।

### न्याय नहीं मिलने से नाराज युवक पानी की टंकी पर चढ़ा, पुलिस ने समझाकर उतारा

लखनऊ, संवाददाता। राजधानी के पारा थाना क्षेत्र की नई काशीराम कॉलोनी में सोमवार दोपहर हड़कंप मच गया। यहां एक युवक पानी की टंकी पर चढ़ गया। युवक के टंकी पर चढ़ने की खबर मिलते ही आसपास के लोग जमा हो गए परिजन और पुलिस उसे काफी देर तक समझाकर नीचे उतारने की कोशिश करते रहे। बाद में पुलिस ने युवक को समझा–बुझाकर सुरक्षित नीचे उतार लिया। युवक के टंकी पर चढ़ने की खबर मिलते ही उसकी पत्नी मौके पर पहुंची और काफी देर तक उसे नीचे उतरने के लिए समझाती रही। स्थानीय लोगों ने भी युवक से नीचे आने की अपील की। खबर मिलने पर 112 पुलिस भी मौके पर पहुंची और युवक को समझाने की कोशिश की। काफी कोशिशों के बाद पुलिस उसे सुरक्षित नीचे उतारने में कामयाब रही। जानकारी के मुताबिक, नई काशीराम कॉलोनी के रहने वाले विनोद सोनकर का बीती रात अजीज अंसारी से किसी बात को लेकर विवाद हो गया था। दोनों पक्षों के बीच कहासुनी हुई और मामला बढ़ गया। युवक की पत्नी ने बताया कि विवाद के बाद उसे न्याय नहीं मिला, जिससे वह नाराज था। इसी बात से परेशान होकर विनोद सोमवार दोपहर करीब 12 बजे काशीराम कॉलोनी की पानी की टंकी पर चढ़ गया। पुलिस ने बताया कि दोनों पक्षों के बीच हुए विवाद के मामले में कार्रवाई की जा रही है। हंसखेड़ा चौकी प्रभारी मुन्नालाल ने बताया कि दोनों पक्षों में विवाद हुआ था। इस मामले में शांति भंग की कार्रवाई की जा रही है। पुलिस ने युवक को समझाकर पानी की टंकी से नीचे उतार लिया है। इस घटना के बाद कुछ देर तक कॉलोनी में हड़कंप का माहौल रहा।

### किराना स्टोर में लगी भीषण आग,टला बड़ा हादसा

लखनऊ, संवाददाता। राजधानी के चौक इलाके की बान वाली गली में रविवार देर रात करीब 2 बजे अग्रवाल किराना स्टोर में भीषण आग लग गई। आग इतनी विकराल थी कि पूरी गली धुएं से भर गई। सूचना पर पहुंची दमकल की टीम को संकरी गली के कारण फायर टेंडर बाहर ही खड़ा करना पड़ा। करीब एक घंटे की मशक्कत के बाद आग पर पूरी तरह काबू पाया जा सका। हादसे के समय दुकान बंद होने के कारण कोई जनहानि नहीं हुई। पुलिस के मुताबिक फायर स्टेशन चौक कंट्रोल रूम को रात करीब 11.38 बजे सूचना मिली कि बान वाली गली स्थित अग्रवाल किराना स्टोर में आग लगी है। सूचना पर एफएसएसओ चौक दो दमकल वाहनों के साथ मौके पर पहुंचे। दुकान के ग्राउंड फ्लोर में आग विकराल रूप ले चुकी थी। गली में धुआं भरा होने के कारण अंदर पहुंचना भी मुश्किल था। बान वाली गली बेहद संकरी होने के कारण फायर टेंडर अंदर नहीं जा सका। दमकल कर्मियों ने गली के बाहर गाड़ी खड़ी कर होज पाइप अंदर तक बिछाया और पानी की पंपिंग शुरू की। आग की गंभीरता को देखते हुए तीसरी दमकल गाड़ी भी मौके पर बुला ली गई। करीब एक घंटे की मशक्कत के बाद आग पूरी तरह बुझा दी गई। पुलिस के अनुसार दुकान चौक की बान वाली गली निवासी आकाश अग्रवाल की है। आग लगने के समय दुकान बंद थी, जिससे कोई व्यक्ति अंदर नहीं फंसा और जनहानि नहीं हुई। हालांकि दुकान में रखा अधिकांश सामान जल गया। समय रहते आग पर काबू नहीं पाया जाता तो आसपास की दुकानों तक भी आग फैलने का खतरा था। पुलिस के मुताबिक प्रथम दृष्टया आग शॉर्ट सर्किट से लगने की आशंका है। हालांकि आग का वास्तविक कारण जांच के बाद ही स्पष्ट होगा। दुकान में हुए नुकसान का आकलन कराया जा रहा है।

### जयकारों के बीच हुआ महा गणपति पूजन

लखनऊ, संवाददाता। गोमती नगर के विभूति खंड में क्रोमा एसीसी सीमेंट और अंबुजा सीमेंट की ओर से दिव्य एवं भव्य गणेश उत्सव पूजन का आयोजन किया गया। कार्यक्रम में श्रद्धालुओं और वरिष्ठजनों ने उत्साह के साथ भाग लिया। पूजा–अर्चना के दौरान भगवान गणेश का विधि–विधान से पूजन किया गया। कार्यक्रम में महा गणपति की पूजा–अर्चना कर सुख–समृद्धि और शांति की कामना की गई। पूजन के दौरान श्रद्धालुओं ने भगवान गणेश के जयकारे लगाए। 'जय गणेश' के जयघोष से पूरा परिसर भक्तिमय हो गया। आयोजन में कुमार आकाश समेत वरिष्ठ जनों ने शामिल होकर भगवान गणेश की पूजा की। श्रद्धालुओं ने विधि–विधान से पूजन कर भगवान गणेश का आशीर्वाद लिया। कार्यक्रम के दौरान लोगों में खासा उत्साह देखने को मिला।

# हिंदी दिवस पर कवि सम्मेलन का हुआ आयोजन




**कमाल खान/प्रातःकाल एक्सप्रेस**

बलरामपुर के एमएलके पीजी कॉलेज में सोमवार को राष्ट्रीय हिंदी दिवस मनाया गया। हिंदी विभाग ने इस मौके पर कई कार्यक्रम आयोजित किए। विभागाध्यक्ष प्रो. प्रकाश चंद गिरि के मार्गदर्शन में हुए इन कार्यक्रमों में छात्रों को हिंदी भाषा के महत्व, उपयोगिता और रोजगार के अवसरों के बारे में बताया गया।

कॉलेज के कमरा नंबर 29 में हिंदी विषय पर एक संगोष्ठी हुई। प्राचार्य प्रो. जेपी पांडेय ने छात्रों को हिंदी के महत्व और भाषा को बेहतर बनाने के लिए किए जा रहे प्रयासों की जानकारी दी। कार्यक्रम का संचालन प्रो. विमल प्रकाश वर्मा ने किया। उन्होंने हिंदी भाषा के महत्व और इससे जुड़े रोजगार के कई अवसरों पर बहुत काम की जानकारी दी। उन्होंने छात्रों को हिंदी को सिर्फ एक विषय नहीं, बल्कि करियर बनाने के मौके के तौर पर देखने के लिए प्रोत्साहित किया।

इसके बाद कॉलेज के सभागार में कवि सम्मेलन हुआ। इसकी अध्यक्षता प्राचार्य प्रो. जेपी पांडेय ने की और मंच संचालन श्री अनिल कुमार पांडेय ने किया। कवि सम्मेलन में पूर्व सांसद चंद्रभाल मणि तिवारी, कवि अवधेश सिंह 'समीर', दिलीप श्रीवास्तव, महमूदुल हक 'अज्म' और कार्यक्रम संयोजक कवि सुधांशु सौरभ ने अपनी कविताएं सुनाईं।

कवियों की रचनाओं ने वहां मौजूद सभी श्रोताओं का मन मोह लिया। कवि अवधेश सिंह 'समीर' की पंक्ति 'माथे की शोभा बिंदी है, भारत की शोभा हिंदी है' ने हिंदी के गौरव को बहुत अच्छे से बताया।

इस कार्यक्रम में प्रो. विमल प्रकाश वर्मा, डॉ. ओपी सिंह, डॉ. एके दीक्षित, डॉ. विनीत और हिंदी विभाग की कु. मनीषा तिवारी समेत कॉलेज के कई शिक्षक मौजूद थे। इस आयोजन से विद्यार्थियों में हिंदी के प्रति सम्मान और रुचि और मजबूत हुई।

# गोण्डा के विनोद साहनी के हत्या मामले मे न्ज पार्टी का मुख्यमंत्री पर आरोप



**प्रातः काल एक्सप्रेस**
**ब्यूरो कुशीनगर**

कुशीनगर जिले के न्ज पार्टी के जिलाध्यक्ष के नितृत्व मे गोण्डा जिले मे विनोद साहनी के हत्या के मामले मे आज न्ज पार्टी के जिलाध्यक्ष सौखी निषाद के नेतृत्व मे डीएम कार्यालय पर पार्टी के कार्यकर्ताओ ने जमकर प्रदर्शन कर मुख्यमंत्री को सम्बोधित डीएम के नाम मांग पत्र दिया है।बतादू कि कुशीनगर मे गोंडा निवासी विनोद साहनी की हत्या के मामले में विकासशील इंसान पार्टी (न्घ्इ) के कार्यकर्ताओं ने रविवार को जिलाधिकारी के माध्यम से मुख्यमंत्री को संबोधित ज्ञापन पत्र सौंपा ज्ञापन न्घ्इ पार्टी के जिलाध्यक्ष सौखी निषाद के नेतृत्व में दिया गया। ज्ञापन में कहा गया है कि कुछ दिन पूर्व गोंडा निवासी विनोद साहनी की हत्या कर दी गई थी। पार्टी ने इस मामले में तीन सूत्रीय मांग की है।

पार्टी की मांग है कि 1- हत्यारोपियों का एनकाउंटर व बुलडोजर की कार्रवाई की जाए, 2- मृतक परिवार को सरकारी नौकरी व उचित मुआवजा दिया जाए, 3- मृतक विनोद साहनी के परिवार को सुरक्षा मुहैया कराई जाए व आरोपियों पर ऍं की धारा लगाई जाए।

# आईटीआई में द्वितीय चरण की प्रवेश प्रक्रिया 12 से 17 सितंबर तक

**प्रातः काल एक्सप्रेस**
**ब्यूरो कुशीनगर**

कुशीनगर -ः प्रधानाचार्य राजकीय औद्योगिक प्रशिक्षण संस्थान, कुशीनगर आलोक कुमार मौर्य ने अवगत कराया है कि राज्य व्यावसायिक प्रशिक्षण परिषद, उत्तर प्रदेश, अलीगंज, लखनऊ द्वारा जनपद में संचालित राजकीय एवं निजी औद्योगिक प्रशिक्षण संस्थानों (आई0टी0आई0) में प्रशिक्षण सत्र 2026 के लिए निर्धारित प्रवेश प्रक्रिया के अंतर्गत द्वितीय चरण के चयन परिणाम के क्रम में दिनांक 12 सितंबर 2026 से 17 सितंबर 2026 तक (अवकाश सहित) प्रवेश प्रक्रिया संचालित की जाएगी।

द्वितीय चरण में चयनित अभ्यथिर्यों को अपने चयन परिणाम की जानकारी राज्य व्यावसायिक प्रशिक्षण परिषद की वेबसाइटँ.म्ल्ज.ग्ह अथवाँ.ल्ज्न्ुदन.ग्ह/ू पर प्राप्त की जा सकती है। चयनित अभ्यर्थी अपने बुलावा पत्र में अंकित विवरण के अनुसार संबंधित राजकीय अथवा निजी औद्योगिक प्रशिक्षण संस्थान में निर्धारित अवधि के भीतर उपस्थित होकर प्रवेश की कार्यवाही पूर्ण कराएं।

प्रवेश के समय अभ्यथिर्यों को अपग्रेडेशन प्रक्रिया में भाग लेने की स्थिति के अनुसार ईं(स्थिर) अथवा इर्थ्ड्ढ (स्थान परिवर्तन हेतु विकल्प) में से किसी एक विकल्प का चयन करना होगा तथा चयनित विकल्प के अनुसार प्रवेश प्रक्रिया पूर्ण करनी होगी।

प्रवेश से संबंधित विस्तृत जानकारी के लिए अभ्यर्थी अपने निकटतम राजकीय अथवा निजी औद्योगिक प्रशिक्षण संस्थान से संपर्क कर सकते हैं।

# पचपेड़वा के भगवानपुर खादर क्रय केंद्र से भी 82.240 मीट्रिक टन गेंहू गायब,रिपोर्ट दर्ज,जाँच शुरू

**कमाल खान/प्रातःकाल एक्सप्रेस**

बलरामपुर जिले में गेहूं खरीद के बाद सरकारी स्टॉक गायब होने की घटनाएं लगातार सामने आ रही हैं। तुलसीपुर क्षेत्र के नचौरा-नचौरी और कौवापुर क्रय केंद्रों के बाद अब पचपेड़वा क्षेत्र के भगवानपुर खादर गेहूं क्रय केंद्र पर भी 82.240 मीट्रिक टन गेहूं का स्टॉक गायब मिला है।

गायब हुए गेहूं की खरीद कीमत 21 लाख 42 हजार 352 रुपये बताई गई है। इस मामले में पीसीएफ के जिला प्रबंधक अश्वनी शुक्ला की शिकायत पर केंद्र प्रभारी आदर्श सिंह और प्रभारी सचिव प्रकाश सिंह के खिलाफ रिपोर्ट दर्ज हुई है।

यह मामला 12 सितंबर का है, जब पीसीएफ जिला प्रबंधक अश्वनी शुक्ला, जिला खाद्य विपणन अधिकारी गोविंद कुमार उपाध्याय, सहायक आयुक्त एवं सहायक निबंधक सहकारिता अजय कुमार मौर्य और अपर जिला सहकारी अधिकारी तुलसीपुर देवेंद्र प्रताप अग्रहरि की एक संयुक्त टीम ने भगवानपुर खादर स्थित सहकारी संघ के गेहूं क्रय केंद्र की जांच की। इस दौरान केंद्र प्रभारी और प्रभारी सचिव वहां नहीं मिले।

टीम ने ऑनलाइन रिकॉर्ड की जांच की तो पता चला कि खरीद वर्ष 2026-27 में केंद्र पर कुल 1294.500 मीट्रिक टन गेहूं खरीदा गया था। इसमें से 1212.260 मीट्रिक टन गेहूं भारतीय खाद्य निगम (एफसीआई) को भेजा जा चुका था। रिकॉर्ड में 82.240 मीट्रिक टन गेहूं एफसीआई को भेजा जाना बाकी दिखाया गया था।

इसके बाद टीम ने केंद्र के गोदाम में मौजूद गेहूं की गिनती की। जांच में रिकॉर्ड में दर्ज बाकी गेहूं का कोई स्टॉक मौके पर नहीं मिला। इसके बाद संयुक्त टीम ने अपनी रिपोर्ट अफसरों को दी।

पीसीएफ जिला प्रबंधक की शिकायत के आधार पर केंद्र प्रभारी और प्रभारी सचिव के खिलाफ सरकारी गेहूं के स्टॉक में गड़बड़ी के आरोप में रिपोर्ट दर्ज की गई है। पुलिस ने मामला दर्ज कर जांच शुरू कर दी है।

# भठही बुजुर्ग में जलभराव से राहगीर परेशान, जिला पंचायत की सड़क बनी तालाब



**प्रातः काल एक्सप्रेस**
**ब्यूरो कुशीनगर**

कुशीनगर-ः विकास खण्ड फाजिलनगर विधानसभा क्षेत्र के ग्राम भठही बुजुर्ग में जिला पंचायत की मुख्य सड़क पर लंबे समय से जलभराव होने से ग्रामीणों का चलना दूभर हो गया है। सड़क पर जमा पानी से लोगों को भारी परेशानी का सामना करना पड़ रहा है।

ग्रामीणों के अनुसार सड़क पर कई दिनों से पानी जमा है, जिससे पूरे रास्ते पर कीचड़ और गंदगी फैल गई है। स्कूली बच्चों, बुजुर्गों और महिलाओं को आवागमन में सबसे अधिक दिक्कत हो रही है। जलभराव से मच्छरों का प्रकोप बढ़ने से बीमारी फैलने का भी खतरा बना हुआ है।

स्थानीय लोगों का कहना है कि समस्या की जानकारी कई बार अधिकारियों को दी जा चुकी है, लेकिन न तो जलनिकासी की व्यवस्था की गई और न ही सड़क की मरम्मत कराई गई। नियमित साफ-सफाई न होने से स्थिति और बिगड़ती जा रही है।

ग्रामीणों ने जिला पंचायत से तत्काल जलनिकासी व साफ-सफाई कराकर सड़क की मरम्मत कराने की मांग की है। ग्रामीणों का कहना है कि यदि जल्द समाधान नहीं हुआ तो बड़ा हादसा हो सकता है।

# बढ़नी में अंडरपास निर्माण व ट्रेनों के ठहराव की उठी मांग, सलाहकार समिति सदस्य रोहित 'मीत' ने महाप्रबंधक के समक्ष उठाए जनहित के मुद्दे

**प्रातःकाल एक्सप्रेस**



बढ़नी, सिद्धार्थनगर : पूर्वोत्तर रेलवे सलाहकार समिति की बैठक में सदस्य रोहित कुमार 'मीत' ने बढ़नी क्षेत्र से जुड़ी रेल समस्याओं को महाप्रबंधक उदय बोरवणकर के समक्ष प्रमुखता से उठाया। उन्होंने बताया कि रेलवे फाटक लंबे समय तक बंद रहने से स्थानीय नागरिकों और राहगीरों को भारी जाम व आवागमन में दिक्कतों का सामना करना पड़ता है। इस समस्या के स्थायी समाधान के लिए उन्होंने स्थल का शीघ्र तकनीकी सर्वे कराकर अंडरपास निर्माण की प्रक्रिया शुरू करने का आग्रह किया।इसके साथ ही क्षेत्र में स्वास्थ्य सुविधाओं के अभाव को रेखांकित करते हुए उन्होंने ट्रेन संख्या 15069/15070 में एसी स्लीपर कोच जोड़ने की पुरजोर मांग रखी, जिससे लखनऊ और गोरखपुर इलाज के लिए जाने वाले गंभीर मरीजों और उनके तीमारदारों को सहूलियत मिल सके। भारत-नेपाल सीमा पर स्थित बढ़नी रेलवे स्टेशन के रणनीतिक महत्व को देखते हुए उन्होंने यहाँ अन्य प्रमुख ट्रेनों के ठहराव और यात्री सुविधाओं के विस्तार पर भी जोर दिया।

बैठक में दिव्यांग व दृष्टिबाधित यात्रियों के सुरक्षित और सुगम सफर के लिए स्टेशनों पर बुनियादी ढांचे को दुरुस्त करने पर भी विस्तार से चर्चा हुई। इस दौरान 'मीत वेलफेयर फाउंडेशन' द्वारा दृष्टिबाधित व दिव्यांगजनों के हित में किए जा रहे कार्यों की सराहना करते हुए महाप्रबंधक उदय बोरवणकर ने रोहित कुमार 'मीत' को अंगवस्त्र एवं स्मृति चिह्न प्रदान कर सम्मानित किया।

# अल्लाह ने शहजादी फातिमा ज़हरा को बहुत बड़ा मर्तबा दिया - मौलाना नज़र अब्बास

**प्रातः काल एक्सप्रेस**

इटावा। रिटायर्ड शिक्षिका स्व. लईक़ा ख़ातून निवासी घटिया अज़मत अली के चेहलुम की मजलिस का आयोजन जुबैर हुसैन रिज़वी की ओर से पक्की सराये स्थित बड़े इमामबाड़े में किया व्यमजलिस में तक़रीर करते हुए मौलाना नज़र अब्बास जैदी सैथल ने कहा रसूल अपनी बेटी शहजादी फातिमा ज़हरा के सम्मान में खड़े हो जाते थे। हर वो इंसान सम्मान के लायक है जिसने नबी की बेटी का सम्मान किया। हम नबी के उन सहाबियों का सम्मान करते है जिन्होंने नबी की बेटी का सम्मान किया। उन्होंने कहा इंसान का वजूद अल्लाह की अमानत है, जो दुनिया मे आता है पलटकर अल्लाह के पास जाता है। हर इंसान को मौत का मजा चखना है। कुरान में मौत का जिक्र है लेकिन जायके का नही है। कर्बला में इमाम हसन के बेटे हजरत कासिम ने मौत का जायका बताते हुए कहा मौत मेरे लिए शहद से भी ज्यादा मीठी है। मौलाना नजर अब्बास ने कहा अल्लाह ने शहजादी फातिमा ज़हरा को बहुत बड़ा मर्तबा दिया। जब शहजादी जालिम बादशाह के दरबार मे अपना हक लेने गई तो उन्हें उनका हक भी नहीं दिया गया। मजलिस में जाफ़र ईरानी, जहूर नक़वी, सफीर हैदर ने सोजख्वानी और अली मेहदी, जाफ़र ईरानी, सलमान रिज़वी, तालिब रिज़वी ने पेशख़्वानी की। मजलिस में मौलाना अनवारुल हसन जैदी, अल्हाज कमर अब्बास नक़वी करबलाई, हाजी अरशद मरगूब, नजमुल हसन, मुशीर हुसैन आबाद, तहाव्वर हुसैन, जीशान हुसैन, शावेज़ नक़वी, मुशीर हैदर, आदिल अख्तर गुड्डू, इमरान वारसी, तनवीर हसन, अदनान जाफरी, आतिफ़ एड., शब्बर अक़ील, सोनू नक़वी, शारिक सगीर शानू, सहित बड़ी संख्या में लोगों ने भाग लिया।

# देश को जोड़ने की क्षमता केवल हिन्दी में है - सिटी मजिस्ट्रेट

**-इस्लामिया इण्टर कालेज में हिन्दी दिवस समारोह मनाया गया**

**-साहित्यकारों की मनोहारी चित्र प्रदर्शनी ने मन मोहा**

**प्रातः काल एक्सप्रेस**

इटावा। एच एम एस इस्लामिया इण्टर कॉलेज के सभागार में हिन्दी दिवस समारोह के मुख्य अतिथि सिटी मजिस्ट्रेट राजेंद्र बहादुर ने कहा कि देश को जोड़ने की क्षमता केवल हिन्दी में है।उन्होंने कहा कि उत्तर से दक्षिण और पूरब से पश्चिम तक हिन्दी समझी जाती है वह भारतीय भाषाओं की सेतु का काम करती है।

उन्होंने इस बात पर पीड़ा जताई कि हमारे बच्चे उन्यासी को सेविंटी नाइन से समझते हैं।इस स्थिति को बदलने के लिए कार्य करना होगा। विशिष्ट अतिथि उत्तर प्रदेश शिक्षा सेवा आयोग की सदस्य डॉ सीमा शाक्य ने कहा कि हिन्दी संस्कारों की भाषा है। हमे अपने बच्चों को व्यवहारिक जीवन में हिंदी से निरंतर जोड़े रखने के लिए प्रयत्न करना चाहिए। राष्ट्रपति पुरस्कार प्राप्त साहित्यकार डॉ पदम सिंह यादव ने कहा कि हिन्दी को बढ़ावा लोगों के प्रयास से ही मिला है। समीक्षक साहित्य मनीषी डॉ रमाकांत राय ने कहा कि आज हिंदी अंतर्राष्ट्रीय स्तर पर मान्य भाषा है।नयुवा कवि रोहित चौधरी ने अपनी कविताओं से समां बांध दिया। प्रधानाचार्य गुफरान अहमद ने कहा कि इस्लामिया कॉलेज प्रति वर्ष हिंदी दिवस पर साहित्य मनीषियों को बुलाकर अपने बच्चों को लाभान्वित करता है। हिन्दी पूरे देश को एक सूत्र में पिरोने वाली भाषा है। जिला विधिक सेवा प्राधिकरण से प्राविधिक स्वयं सेवक वाचस्पति द्विवेदी, आनंद कुमार और अक्षरा तथा सेवा निवृत्त बैंक प्रबंधक प्रतिमा शंकर दीक्षित ने भी हिंदी को भारत की आत्मा बताया। कॉलेज प्रबंध समिति की सदस्य गौसिया फातिमा ने आभार प्रदर्शन में कहा कि हिन्दी सभी भारतीय भाषाओं के विकास की पक्षधर है, हिन्दी को सभी भारतीय भाषाएं प्रिय हैं। अतिथियों का स्वागत मुहम्मद अतीक, मुहम्मद जावेद खां, फरदीन खान, डॉ अरशद मलिक, मैराज अहमद, समीउद्दीन जुबैरी, उमैर आदिल, हुदा अलवी, फैज़ान वारिस वारसी आदि ने किया। संचालन हिन्दी प्रवक्ता डॉ कुश चतुर्वेदी ने किया। इस्लामिया इण्टर कॉलेज के बच्चों ने साहित्यकार चित्र प्रदर्शनी भी लगाई। सिटी मजिस्ट्रेट राजेंद्र बहादुर ने बच्चों की शानदार प्रस्तुति की प्रशंसा की। प्रदर्शनी में आदिकाल से आधुनिक काल तक के कवियों,साहित्यकारों के चित्र और वाक्य, कविताएं सलीके से लगाई गई।

# त्रिलोकपुर पुलिस ने 10 घंटे के भीतर बस्ती से सकुशल बरामद किया लापता 12 वर्षीय बालक, परिजनों को सौंपा

**प्रातःकाल एक्सप्रेस**

सिद्धार्थनगरः त्रिलोकपुर थाना पुलिस ने त्वरित कार्रवाई करते हुए घर से लापता हुए एक 12 वर्षीय बालक को महज 10 घंटे के भीतर पड़ोसी जनपद बस्ती से सकुशल बरामद कर उसके परिजनों के सुपुर्द कर दिया। अपने लाडले को सुरक्षित पाकर परिजनों की आंखें छलक आईं और उन्होंने पुलिस टीम की तत्परता की भूरि-भूरि प्रशंसा की।

वरिष्ठ पुलिस अधीक्षक डॉ. अभिषेक महाजन के आदेश, अपर पुलिस अधीक्षक प्रशांत कुमार प्रसाद के निर्देशन और क्षेत्राधिकारी डुमरियागंज बृजेश कुमार वर्मा के पर्यवेक्षण में यह सफलता हासिल हुई। त्रिलोकपुर थाना क्षेत्र के बड़हरा विशुनपुर निवासी श्रीमती सबिता गौतम पतने दिनेश गौतम ने थाने पर सूचना दी थी कि उनका 12 वर्षीय पुत्र अंकुश गौतम 13 सितंबर की रात करीब 8:50 बजे घर से बिना बताए कहीं चला गया है।

तहरीर मिलते ही थानाध्यक्ष अनूप कुमार मिश्र के नेतृत्व में पुलिस टीम तुरंत सक्रिय हुई और संभावित ठिकानों पर तलाश शुरू की। टीम के अथक प्रयासों के परिणामस्वरूप बालक अंकुश को 10 घंटे के भीतर जनपद बस्ती के सोनहा थाना क्षेत्र से सकुशल ढूंढ निकाला गया। आवश्यक विधिक औपचारिकताएं पूरी करने के बाद बच्चे को उसके परिजनों के हवाले कर दिया गया।

सराहनीय कार्य करने वाली पुलिस टीम में थानाध्यक्ष अनूप कुमार मिश्र, उपनिरीक्षक रुदल प्रसाद, आरक्षी सोनू शर्मा तथा आरक्षी हिमांशु सिंह शामिल रहे।




# मिशन शक्ति 5.0: ढेबरुआ पुलिस ने फातिमा गर्ल्स पब्लिक स्कूल में छात्राओं को सिखाए सुरक्षा के गुर, हेल्पलाइन नंबरों की दी जानकारी




**प्रातःकाल एक्सप्रेस**

सिद्धार्थनगरः 'मिशन शक्ति फेज 5.0' (द्वितीय चरण) अभियान के तहत ढेबरुआ थाना पुलिस की टीम ने क्षेत्र के ग्राम मदरहिया स्थित फातिमा गर्ल्स पब्लिक स्कूल में एक विशेष जागरूकता कार्यक्रम का आयोजन किया। इस दौरान छात्राओं को महिला संबंधी अपराधों, साइबर फ्रॉड से बचाव के तौर-तरीकों और उनके कानूनी अधिकारों के प्रति सजग किया गया।वरिष्ठ पुलिस अधीक्षक डॉ. अभिषेक महाजन के आदेश, अपर पुलिस अधीक्षक प्रशांत कुमार प्रसाद के निर्देशन, क्षेत्राधिकारी शोहरतगढ़ मयंक द्विवेदी के पर्यवेक्षण और थानाध्यक्ष चंद्रकांत पाण्डेय के नेतृत्व में मिशन शक्ति टीम विद्यालय पहुंची। पुलिस टीम ने छात्राओं को पंपलेट वितरित कर दहेज उत्पीड़न, पॉक्सो एक्ट और महिला सुरक्षा से जुड़े नए कानूनों की जानकारी दी। साथ ही छात्राओं को सतर्क रहने, किसी भी अप्रिय घटना पर आवाज उठाने और थानों में स्थापित 'मिशन शक्ति केंद्र' की मदद लेने के लिए प्रेरित किया गया।जागरूकता सत्र के दौरान बालिकाओं को आपातकालीन स्थितियों में तुरंत सहायता प्राप्त करने के लिए महत्वपूर्ण हेल्पलाइन नंबरों–1090 (वूमेन पावर लाइन), 181 (महिला हेल्पलाइन), 112 (पुलिस आपातकालीन सेवा), 1098 (चाइल्ड हेल्पलाइन), 1930 (साइबर क्राइम हेल्पलाइन), 1076 (मुख्यमंत्री हेल्पलाइन), 108 (एंबुलेंस), 101 (अग्निशमन) और 14567 (एल्डर हेल्पलाइन) के उपयोग के बारे में विस्तार से बताया गया।जागरूकता अभियान चलाने वाली टीम में उपनिरीक्षक महेंद्र कुमार, आरक्षी बृजेश गौतम, महिला आरक्षी लक्ष्मी और महिला आरक्षी अंजली वर्मा शामिल रहीं।

# नवागत ज्वाइंट मजिस्ट्रेट से अधिवक्ताओं और पत्रकारों ने की शिष्टाचार भेंट



**प्रातः काल एक्सप्रेस**

औरैया। अजीतमल तहसील में नवागत ज्वाइंट मजिस्ट्रेड विनोद कुमार मीणा के पदभार ग्रहण करने के अवसर पर सोमवार को बार एसोसिएशन तहसील अजीतमल एवं प्रेस क्लब के पत्रकारों ने शिष्टाचार भेंट कर स्वागत किया।

बार एसोसिएशन के अध्यक्ष शेष नारायण सक्सेना व महामंत्री पंकज कुमार चतुर्वेदी ने अभिनन्दन पत्र सौंपते कहा कि आपके कुशल नेतृत्व में तहसील प्रगति करेगी और जन समस्याओं का त्वरित समाधान होगा। साथ ही पत्रकारों ने भी शिष्टाचार भेंट की जिसमें प्रमुख रूप से रामजी पोरवाल, गुरदीप सिंह, रजनीश कुमार, विवेक मिश्रा देवेश सक्सेना शिवेंद्र सेंगर शामिल रहे। पत्रकारों ने तहसील क्षेत्र की जन-समस्याओं, पत्रकारिता के सहयोग और प्रशासन व प्रेस के बीच बेहतर समन्वय पर चर्चा की। ने सभी अधिवक्ताओं और पत्रकार साथियों का आभार व्यक्त करते हुए कहा कि प्रशासन सदैव जनता और प्रेस के सहयोग से कार्य करेगा।

# जनता अब विपक्ष की इस छलावे वाली राजनीति को समझ चुकी है:अनुप्रिया पटेल

**प्रातः काल एक्सप्रेस**



रॉबर्ट्सगंज/सोनभद्र। उत्तर प्रदेश में 2027 के विधानसभा और त्रिस्तरीय पंचायत चुनावों की आहट के साथ ही सियासी हलचल तेज हो गई है। रविवार को सोनभद्र स्थित डी आर ड्रीम बैंक्वेट (रॉबर्ट्सगंज) में अपना दल (एस) द्वारा आयोजित विशाल जिला स्तरीय कार्यकर्ता समागम में पार्टी ने अपना अब तक का सबसे बड़ा शक्ति प्रदर्शन किया।

मुख्य अतिथि के रूप में मंचासीन भारत सरकार की केंद्रीय राज्य मंत्री और अपना दल (एस) की राष्ट्रीय अध्यक्ष अनुप्रिया पटेल का कार्यकर्ताओं ने ढोल-नगाड़ों और गगनभेदी नारों के साथ ऐतिहासिक स्वागत किया।कार्यकर्ताओं के विशाल हुजूम को संबोधित करते हुए अनुप्रिया पटेल ने स्पष्ट किया कि 2027 का चुनाव पार्टी के लिए नया इतिहास रचने का समय है। उन्होंने कार्यकर्ताओं में जोश का संचार करते हुए कहाः 'अपना दल (एस) आज कागजों पर नहीं, बल्कि धरातल पर उत्तर प्रदेश की तीसरी सबसे बड़ी राजनीतिक शक्ति बन चुकी है। मंच पर मनचासी पदाधिकारीगण अंजनी पटेल जिलाध्यक्ष, रमाशंकर पटेल राष्ट्रीय महासचिव, राकेश यादव राष्ट्रीय सचिव, रामलखन पटेल पूर्व राज्यमंत्री, अभिषेक चौबे राष्ट्रीय अध्यक्ष विधि मंच, दिनेश बियार राष्ट्रीय कार्यकारिणी सदस्य, रेखा पटेल राष्ट्रीय कार्यकारिणी सदस्य, प्रभात पटेल राष्ट्रीय अध्यक्ष (सहकारिता मंच), ज्यूत नारायण पटेल राष्ट्रीय महासचिव (व्यापार मंच), दिव्यांशु सिंह पटेल राष्ट्रीय सचिव (युवा मंच), रमेश पटेल राष्ट्रीय रमेश पटेल राष्ट्रीय सचिव, सत्यनारायण पटेल निरंजन जायसवाल मौजूद थे।

# कानपुर बुंदेलखंड क्षेत्र से भाजपा क्षेत्रीय उपाध्यक्ष नेताओं ने स्वागत कर दी बधाई

**प्रातः काल एक्सप्रेस**

औरैया। जनपद के कस्बा अजीतमल स्थित पूर्व ब्लाक प्रमुख सोनू सेंगर के आवास पर कानपुर बुंदेलखंड क्षेत्र से भाजपा नेता भुवन प्रकाश गुप्ता को क्षेत्रीय उपाध्यक्ष बनाए भाजपा नेताओं ने पुष्पमाला एवं पगड़ी पहनाकर जोरदार स्वागत किया, सभी नेताओं ने 2027 के चुनाव को लेकर रणनीति बनाते मंथन किया, भारतीय किसान यूनियन आवर्त टिकट के जिला अध्यक्ष विवेक मिश्रा ने क्षेत्रीय समस्याओं को लेकर प्रशासक/जिला पंचायत अध्यक्ष कमल सिंह दोहरे को ज्ञापन सौंपते हुए मांग की है कि ग्राम चावरपुर से लेकर अजुआपुर तक मुख्यमार्ग पर जल भराव एवं जर्जर हालत के चलते निकालना दूभर हो गया है मार्ग को बनवाए जाने पर जोर



दिया, इस मौके पर शिव सिंह भारती, सदर विधायक का गुडि़या कठेरिया, मनु राजपूत, योगेंद्र केथवार, आसाराम कक्कू राजपूत, कमलेश अवस्थी, स्वदेश प्रकाश पोरवाल, उत्तम सिंह राजपूत, अरविंद सिंह सेंगर, हरपाल सिंह, दीक्षांत गुप्ता, शिवकुमार दिवाकर, जडेल सिंह कठेरिया, वीर सिंह पाल, ओपी गुप्ता, सोनू अधिकारी, हिमांशु दुबे, शिवम तिवारी आज लोग मौजूद रहे।

# जीआरपी ने 8 साल से फरार वारंटी चोर को किया गिरफ्तार



**प्रातः काल एक्सप्रेस**
**सुनील कुमार गुप्ता**

मीरजापुर । रेलवे में चोरी, जहरखुरानी और अन्य अपराधों पर लगाम कसने के लिए चलाए जा रहे विशेष अभियान के तहत थाना जीआरपी मिर्जापुर पुलिस को बड़ी सफलता मिली है। पुलिस ने आठ साल से फरार चल रहे एक वारंटी अभियुक्त को उसके घर से गिरफ्तार कर न्यायालय में पेश कर दिया। पुलिस महानिदेशक रेलवे प्रकाश डी, पुलिस महानिरीक्षक रेलवे एन. कोलांजी, पुलिस अधीक्षक रेलवे प्रशान्त वर्मा के दिशा-निर्देशन तथा पुलिस उपाधीक्षक रेलवे प्रयागराज अरुण कुमार पाठक के पर्यवेक्षण में यह कार्रवाई की गई। थानाध्यक्ष राजेश कुमार वर्मा के निर्देश पर उपनिरीक्षक राकेश कुमार की टीम ने हेड कांस्टेबल अजय कुमार यादव और कांस्टेबल कुलदीप कुमार के साथ मिलकर अभियुक्त को पकड़ा। गिरफ्तार अभियुक्त मासूम सिद्दकी (26), पुत्र सेराज अहमद, निवासी रतनगंज, थाना कोतवाली कटरा, जनपद मिर्जापुर है। उस पर थाना जीआरपी मिर्जापुर में मुकदमा संख्या 97/2018 धारा 380/411 भा.द.वि. दर्ज है। इसी मामले में न्यायालय एडीशनल चीफ जुडिशियल मजिस्ट्रेट कोर्ट नंबर-2 मिर्जापुर द्वारा जारी नॉन-बेलेबल वारंट (एनबीडब्लूयू) के आधार पर 14 सितंबर 2026 को दोपहर करीब 1:20 बजे उसके घर पर दबिश देकर गिरफ्तार किया गया। अभियुक्त घर पर ही मौजूद मिला। गिरफ्तारी की सूचना उसके पिता सेराज अहमद, माता गुलशन तथा अन्य परिजनों को मौके पर दी गई। इस दौरान सर्वोच्च न्यायालय और मानवाधिकार आयोग के दिशा-निर्देशों का पूर्ण पालन किया गया। पुलिस रिकॉर्ड के अनुसार अभियुक्त पर एक और मुकदमा भी दर्ज है–मुकदमा संख्या 194/2018 धारा 21/22 एनडीपीएस एक्ट। गिरफ्तारी के बाद उसे मुकदमा संख्या 97/2018 में चालान कर न्यायालय भेज दिया गया।

# अल्लाह ने शहजादी फातिमा ज़हरा को बहुत बड़ा मर्तबा दियाः मौलाना नज़र अब्बास

## रिटायर्ड शिक्षिका स्व. लईक़ा ख़ातून के चालीसवें पर हुई मजलिस

**प्रातः काल एक्सप्रेस**

इटावा। रिटायर्ड शिक्षिका स्व. लईक़ा ख़ातून निवासी घटिया अज़मत अली के चेहलुम की मजलिस का आयोजन ज़ुबैर हुसैन रिज़वी की ओर से पक्की सराये स्थित बड़े इमामबाड़े में किया। मजलिस में तक़रीर करते हुए मौलाना नज़र अब्बास जैदी सैथल ने कहा रसूल अपनी बेटी शहजादी फातिमा ज़हरा के सम्मान में खड़े हो जाते थे। हर वो इंसान सम्मान के लायक है जिसने नबी की बेटी का सम्मान किया। हम नबी के उन सहाबियों का सम्मान करते हैं जिन्होंने नबी की बेटी का सम्मान किया। उन्होंने कहा इंसान का वजूद अल्लाह की अमानत है, जो दुनिया में आता है पलटकर अल्लाह के पास जाता है। हर



इंसान को मौत का मजा चखना है। कुरान में मौत का जिक्र है लेकिन जायके का नही है। कर्बला में इमाम हसन के बेटे हजरत कासिम ने मौत का जायका बताते हुए कहा मौत मेरे लिए शहद से भी ज्यादा मीठी है। मौलाना नजर अब्बास ने कहा अल्लाह ने शहजादी फातिमा ज़हरा को बहुत बड़ा मर्तबा दिया। जब शहजादी जालिम बादशाह के दरबार मे अपना हक लेने गई तो उन्हें उनका हक भी नहीं दिया गया। मजलिस में जाफ़र ईरानी, जहूर नक़वी, सफीर हैदर ने सोजख्वानी और अली मेहदी, जाफ़र ईरानी, सलमान रिज़वी, तालिब रिज़वी ने पेशख़्वानी की। मजलिस में मौलाना अनवारुल हसन जैदी, अल्हाज कमर अब्बास नक़वी करबलाई, हाजी अरशद मरगूब, नजमुल हसन, मुशीर हुसैन आबाद, तहाव्वर हुसैन, जीशान हुसैन, शावेज़ नक़वी, मुशीर हैदर, आदिल अख्तर गुड्डू, इमरान वारसी, तनवीर हसन, अदनान जाफरी, आतिफ़ एड., शब्बर अक़ील, सोनू नक़वी, शारिक सगीर शानू, सहित बड़ी संख्या में लोगों ने भाग लिया।

# अयोध्या में मीरजापुर के 5 रक्तवीरों का बढ़ा मान, 'राष्ट्रीय सेवा रत्न सम्मान 2026' से हुए सम्मानित



**प्रातः काल एक्सप्रेस**
**सुनील कुमार गुप्ता**

मीरजापुर। उत्तर प्रदेश व विभिनन्‍ राज्यों से आए समाजसेवको का,प्रभु श्री राम की पावन नगरी अयोध्या में आयोजित तीन दिवसीय राष्ट्रीय रक्तदान महोत्सव में मीरजापुर के रक्तवीरों ने जिले का नाम रोशन किया है। 11 से 13 सितंबर तक चले इस महोत्सव का संयुक्त आयोजन राम कृष्ण सेवा फाउंडेशन, अयोध्या एवं मेजर ध्यानचंद खेल उत्थान समिति, उत्तर प्रदेश द्वारा किया गया। कार्यक्रम के दौरान मानव सेवा और रक्तदान के क्षेत्र में निरंतर उत्कृष्ट योगदान देने के लिए मीरजापुर के प्रमुख सामाजिक संगठन श्री साईं परिवार सेवा संगठन के संस्थापक अध्यक्ष शुभम कुमार गुप्त सहित 5 रक्तवीरों को प्रतिष्ठित 'रक्तवीर योद्धा राष्ट्रीय सेवा रतन्‍ सम्मान 2026' से नवाजा गया। सम्मानित हुए मीरजापुर के 5 रक्तवीर शुभम कुमार गुप्ता (संस्थापक अध्यक्ष, श्री साईं परिवार सेवा संगठन) अश्वनी पंडा,अमित गुप्ता,अभिषेक दुबे,अमित खंडेलवाल समारोह में संस्था के प्रमुख पदाधिकारी आलोक अग्रवाल और आकाश गुप्ता ने सभी रक्तवीरों को मंच पर अंगवस्त्र, प्रशस्ति पत्र तथा स्मृति चिह्न (मोमेंटो) भेंट कर सम्मानित किया। अतिथियों ने रक्तदाताओं के सेवा भाव की सराहना करते हुए कहा कि बिना किसी स्वार्थ के आपातकाल में जरूरतमंदों की जान बचाना ही सच्ची ईश्वर सेवा है। मीरजापुर की यह युवा टोली समाज के लिए प्रेरणास्रोत है। सम्मान प्राप्त करने के बाद शुभम कुमार गुप्ता ने इस उपलब्धि का श्रेय अपनी पूरी टीम और जिले के जागरूक रक्तदाताओं को समर्पित किया। इस अवसर पर देश भर से आए कई गणमान्य सामाजिक कार्यकर्ता व स्वयंसेवी उपस्थित रहे।

# इक़बाल माहिर व तशना कानपूरी ने शायरी मेयार को बुलन्दी बख्शी : इसरार नियाज़ी

## कवि सम्मेलन व मुशायरा में दिखी क़ौमी यकजहती और उर्दू ज़बान की मिठास : रौनक़ गुप्ता

**प्रातः काल एक्सप्रेस**

प्रयागराज। बज़्म ए अहबाब संस्था के संस्थापक स्व शाकिर हुसैन तशना कानपूरी की याद में करैली स्थित अदब घर में जहां कवियों शायरों ने अपनी रसधार पंक्तियों से श्रोताओं को मंत्रमुग्ध कर दिया वहीं अपनी उत्कृष्ट रचनाओं से हंसाया गुदगुदाया तो भारतीय सभ्यता और समाज को जागरुक भी किया।कवि सम्मेलन व मुशायरा में कौमी यकजहती की झलक भी देखने को मिली।मुख्य अतिथि सिविल डिफेंस के डिविजनल आफिसर रौनक गुप्ता का बज़्म ए अहबाब के संस्थापक सदस्य शाकिर हुसैन तशना के बेटे व वर्तमान अध्यक्ष अमजद हुसैन रावी ने बुके भेंट कर व शॉल ओढ़ाकर सम्मानित किया।इसरार नियाज़ी की अध्यक्षता व बख्तियार युसूफ के




संचालन में शायराना महफि़ल के उपरांत पांच लोगों को स्व तशना कानपूरी सम्मान से सम्मानित किया गया तो अन्य दस लोगों को बज़्म ए अहबाब संस्था का प्रशस्ति-पत्र देकर उनका उत्साह वर्धन किया गया।शायर असलम इलाहाबादी,पा७रमूद इलाहाबादी,वाकि़फि अंसारी,डॉ क़मर आब्दी, डॉ मोहम्मद शाहिद खान,असलम निज़ामी,सुनील दानिश, डॉ राहुल शुक्ला,राम लखन चौरसिया,शाहिद सफर,सुहैल अख्तर व कार्यक्रम आयोजक अमजद हुसैन रावी ने बेहतरीन अशआरो व उत्कृष्ट रचनाओं से श्रोताओं को बांधे रखा।रौनक गुप्ता ने कहा बड़ों का सानिध्य और उनका सम्मान करना ही हमें सभ्य समाज की पंक्ति में खड़ा करता है तब जाकर वह सम्मान हासिल करने के क़ाबिल होता है।अन्य सभी वक्ताओं ने इक़बाल माहिर व शाकिर हुसैन तशना की शायरी व उर्दू अदब के लिए किये योगदान की सराहना की। इसरार नियाज़ी ने कहा इक़बाल माहिर व तशना कानपूरी ने अपनी शायरी मेयार को जो बुलनदी बख्शी वह आज के दौर के शायरों के लिए मोतियों में पिरोकर बड़े ही सलीके से सम्हालने की ज़रुरत है।

आयोजक अमजद हुसैन रावी व सुहैल अख्तर ने आए हुए सभी मेहमानों का शुक्रिया अदा किया। कार्यक्रम में आसिफ उस्मानी,शहाब हनफी,मोईन हबीबी,असद कुरैशी, सैय्यद मोहम्मद अस्करी,असद हुसैन ताबी, महमूद खान, मोहम्मद शारिक़ आदि रहे।

# पति की दीर्घायु के लिए समया माता मंदिर में सुहागिनों ने किया पूजन

**प्रातः काल एक्सप्रेस**

प्रयागराज। हरितालिका तीज के पावन अवसर पर कटघर स्थित समया माता मंदिर में सोमवार को श्रद्धा और आस्था के साथ महिलाओं ने पूजा-अर्चना की। इस दौरान महिलाओं ने सोलह श्रृंगार कर माता रानी का विधिवत पूजन किया और अपने पति की दीर्घायु,सुख-समृद्धि तथा परिवार की.खुशहाली की कामना की। सुबह से ही मंदिर परिसर में सुहागिनों की भीड़ रही। महिलाओं ने माता रानी को श्रृंगार सामग्री अर्पित कर विधि-विधान से पूजा और आरती की। मान्यता है कि समया माता के दरबार में सच्चे मन से की गई प्रार्थना से मनोकामनाएं पूर्ण होती हैं। पूजन के बाद श्रद्धालुओं ने प्रसाद ग्रहण किया और परिवार की सुख-शांति एवं समृद्धि के लिए प्रार्थना की। पूजन में अनामिका चौधरी, पिंकी सोनकर, नेहा केसरी, रेखा श्रीवास्तव मौनी सोनकर, रुचि गुप्ता (पूर्व पार्षद), प्रज्ञा श्रीवास्तव जूही सोनकर, निधि केशरवानी, प्रियंका केसरी, मायादेवी, संध्या, महिमा, पुष्पा देवी, हर्षिता केसरी, प्रीति गुप्ता (पार्षद प्रत्याशी), शालिनी केसरी, सोनी जायसवाल और सुनीता जायसवाल सहित अन्य महिलाएं उपस्थित रहीं।



# ग्रापए तहसील ईकाई घोरावल की बैठक संपन्न



**प्रातः काल एक्सप्रेस**
**सुनील कुमार गुप्ता**

शाहगंज (सोनभद्र)। ग्रामीण पत्रकार एसोसिएशन घोरावल तहसील इकाई की आवश्यक बैठक श्री पैलेस खजूरी में सोमवार को संपनन्‍ हुई। बैठक में मुख्य अतिथि के रूप में जिला अध्यक्ष विनोद मिश्रा एवं अध्यक्ष के पद पर आसीन राजेंद्र कुमार अग्रवाल मौजूद रहे। बैठक में मुख्य रूप से आगामी दिसंबर माह में जिला सम्मेलन को सफल बनाने के लिए सभी पत्रकार भाइयों से अपील की गई। बैठक को संबोधित करते हुए बी एन यादव, राजेंद्र कुमार अग्रवाल, संतोष कुमार नागर, राम अनुज धर द्विवेदी, विवेकानंद मिश्र, सेराज हुसैन, सर्वेश श्रीवास्तव सभी लोगों में निष्पक्ष पत्रकारिता और इसमें आने वाली कठिनाइयों पर अपने-अपने विचारों को रखा ।अंत में सर्वसम्मति से जिला सम्मेलन को सफल बनाने के लिए सभी लोगों ने एकमत से सहयोग करने का आश्वासन दिया। ग्रामीण पत्रकार एसोसिएशन की बैठक में मुख्य रूप से रामनरेश शुक्ला, अविनाश सिंह, मनोज कुमार पटेल,सत्य प्रकाश मिश्र, राम रूप शुक्ला, तथा कार्यक्रम का संचालन तहसील अध्यक्ष रोहित कुमार त्रिपाठी द्वारा किया गया।

# भाजपा सरकार में मिला व्यापारियों को धोखा – मनीष जगन अग्रवाल

**प्रातःकाल एक्सप्रेस**




प्रयागराज। सपा व्यापार सभा का मंडलीय सम्मेलन कटघर स्थित जायसवाल धर्मशाला में संपनन्‍ हुआ। सम्मेलन में व्यापारियों ने व्यापारियों ने ठाना है, सपा सरकार बनाना है' के नारे के साथ 2027 में भाजपा को सत्ता से दूर करने का संकल्प लिया। मुख्य अतिथि राष्ट्रीय अध्यक्ष मनीष जगन अग्रवाल ने कहा कि भाजपा की डबल इंजन सरकार की नीतियों ने चंद पूंजीपतियों को लाभ पहुंचाकर लाखों छोटे उद्योग-धंधों को चौपट किया, रेहड़ी-पटरी दुकानदार उजाड़े गए। प्रदेश अध्यक्ष प्रदीप जायसवाल ने कहा कि सपा सरकार में इंस्पेक्टर राज, दलहन लाइसेंस, धारा 3/7 खत्म कर व्यापार कर में राहत और दुर्घटना बीमा जैसी योजनाएं लागू की गईं, जो भाजपा में बंद है। प्रदेश सचिव अजय चौरसिया ने कहा कि सपा सरकार में स्थानीय उत्पादों के लिए शुरू की गई क्लस्टर योजनाएं भाजपा में दम तोड़ रही हैं, सपा सरकार आने पर इन्हें पुनर्जीवित किया जाएगा।

इसी दौरान भाजपा नेता व पूर्व पार्षद विनय जायसवाल बाबा व सुभाष गुप्ता ने दर्जनों साथियों सहित भाजपा छोड़कर सपा ज्वाइन की। इस मौके पर महिमा गुप्ता, उमा जायसवाल, रामेश्वर दयालु गुप्ता, अखिलेश अग्रवाल, अखिलेश गुप्ता गुड्डू, सुरेश चंद्र जायसवाल जिलाध्यक्ष प्रतापगढ़, गौरव गुप्ता जिलाध्यक्ष फतेहपुर, संतोष केसरवानी जिलाध्यक्ष कौशाम्बी, कमलेश गुप्ता, अरविन्द केसरवानी, सुरेन्द्र केसरवानी, शिव शंकर वर्मा, प्रवीण केसरवानी, रितेश जायसवाल, अमित गुप्ता, हरि ओम शाहू, सैयद इफ्तेखार हुसैन महानगर अध्यक्ष, अनिल यादव जिलाध्यक्ष, रविन्द्र यादव एडवोकेट महासचिव, हाजी परवेज अहमद पूर्व विधायक, सत्य वीर मुनन, रवि गुप्ता, राजू पासी, शशांक त्रिपाठी, मो. शारिक, बबन दुबे, देवीलाल, मो. अजहर, महेन्द्र निषाद, दिलीप सोनी, संतोष यादव, प्रभात यादव, मो. गौस, मोईन हबीबी, सऊद अहमद, मो. हामिद, हाफिज, राजेश गुप्ता, राम बाबू आग्रहरी, यथान्स केसरवानी, सुएब खां, मंजू यादव, सुधा यादव, गुड्डी, आरती पाल, कंचन पासी, मीरा निषाद, राजेश साहू आदि मौजूद रहे।

# रामचरितमानस के पठन-पाठन से हिंदी का होगा विकास : हरगोविंद कुशवाहा

## हिंदी राष्ट्रीय एकता की सशक्त कड़ी, विकसित भारत में निभाएगी महत्वपूर्ण भूमिका : प्रो. मुकेश पाण्डेय

**प्रातः काल एक्सप्रेस**

झांसी। बुंदेलखंड विश्वविद्यालय के हिंदी विभाग की ओर से हिंदी दिवस के अवसर पर हिंदी सप्ताह-2026 का शुभारंभ साहित्यिक, सांस्कृतिक एवं वैचारिक कार्यक्रमों के साथ हुआ। 14 से 21 सितंबर तक चलने वाले सप्ताह के पहले दिन 'भारतीय संस्कृति एवं ज्ञान परंपरा के संबंध में हिंदी की भूमिका' विषय पर संगोष्ठी, भाषण प्रतियोगिता और पुस्तक विमोचन हुआ। अध्यक्षता कुलपति प्रो. (डॉ.) मुकेश पाण्डेय ने की, जबकि मुख्य अतिथि बौद्ध संस्थान के अध्यक्ष एवं दर्जा प्राप्त मंत्री डॉ. हरगोविंद कुशवाहा रहे।

कार्यक्रम का शुभारंभ सरस्वती पूजन एवं वंदना से हुआ। कुलपति और मुख्य अतिथि ने साहित्यकार निहाल चंद्र शिवहरे की पुस्तक 'हाइकु सरिता' का विमोचन किया। हिंदी विभागाध्यक्ष एवं कला संकायाध्यक्ष प्रो. पुनीत बिसारिया ने स्वागत करते हुए हिंदी सप्ताह की रूपरेखा प्रस्तुत की। मुख्य अतिथि डॉ. हरगोविंद कुशवाहा ने कहा कि हिंदी साहित्य ने भारतीय दर्शन, आध्यात्मिकता और जीवन मूल्यों को जन-जन तक पहुंचाने में महत्वपूर्ण भूमिका निभाई है। रामचरितमानस का उल्लेख करते हुए उन्होंने कहा कि इसके पठन-पाठन से हिंदी का विकास होगा। उन्होंने बुंदेलखंड की सांस्कृतिक एवं आध्यात्मिक परंपराओं और बेतवा नदी की विरासत पर भी प्रकाश डाला।



कुलपति प्रो. मुकेश पाण्डेय ने कहा कि हिंदी देश की विविध भाषाओं और संस्कृतियों को जोड़ने वाली सशक्त कड़ी है। हिंदी की भूमिका सरकारी कामकाज तक सीमित नहीं रही, बल्कि साहित्य, शिक्षा, पत्रकारिता, सिनेमा और जनसंचार के क्षेत्र में भी इसका प्रभाव बढ़ा है। उन्होंने कहा कि विकसित भारत-2047 के संकल्प में भारतीय भाषाओं की महत्वपूर्ण भूमिका होगी। कृत्रिम बुद्धिमत्ता के दौर में तकनीक के माध्यम से हिंदी और अन्य भारतीय भाषाओं में उपलब्ध ज्ञान को व्यापक स्तर तक पहुंचाया जा सकता है।

इस अवसर पर पननलाल असर, साहित्यकार विजय कुमार सैनी, निहाल चंद्र शिवहरे सहित रमा भारद्वाज, नंदिनी और किरण श्रीवास्तव का सम्मान किया गया। भाषण प्रतियोगिता में गार्गी जीत, वैष्णवी त्रिपाठी, नमन चतुर्वेदी, राजू वंशकार, दीपा यादव, पूजा अहिरवार, आजाद, अमित अहिरवार और दिव्या निगम सहित विद्यार्थियों एवं शोधार्थियों ने भाग लिया।

गायत्री परिवार की ओर से नारी जागरण एवं युवा निर्माण पर विचार रखे गए। रमा भारद्वाज और नंदिनी ने प्रेरक गीत प्रस्तुत किया। हिंदी सप्ताह के तहत 17 सितंबर को निबंध लेखन प्रतियोगिता के साथ कवि सम्मेलन तथा हिंदी-बुंदेली सिनेमा से जुड़े कार्यक्रम भी होंगे। संचालन डॉ. बिपिन कनौजिया ने किया तथा आभार डॉ. श्री हरि त्रिपाठी ने व्यक्त किया। कार्यक्रम में डॉ. डीके भट्ट, डॉ. नवीन पटेल, डॉ. राघवेंद्र दीक्षित, उमेश शुक्ला, डॉ. अभिषेक कुमार, डॉ. सुधा दीक्षित, डॉ. प्रेमलता सहित शिक्षक और विद्यार्थी मौजूद रहे।

# हिंदी में हो विश्वविद्यालय का अधिकाधिक शासकीय कार्य : कुलपति

## हिंदी दिवस समारोह में मातृभाषा के प्रति गौरव और हिंदी के प्रयोग को बढ़ावा देने का आह्वान



झांसी। रानी लक्ष्मीबाई केंद्रीय कृषि विश्वविद्यालय में सोमवार को कुलपति डॉ. अशोक कुमार सिंह की अध्यक्षता में हिंदी दिवस समारोह आयोजित किया गया। मुख्य अतिथि डॉ. नीति शास्त्री तथा विशिष्ट अतिथि एवं राजभाषा कार्यान्वयन समिति के अध्यक्ष डॉ. एसके चतुर्वेदी रहे।कुलपति डॉ. अशोक कुमार सिंह ने कहा कि विश्वविद्यालय के सभी विभागों, अधिकारियों एवं कर्मचारियों को शासकीय कार्यों और पत्राचार में हिंदी के अधिकाधिक प्रयोग को प्राथमिकता देनी चाहिए। हिंदी हमारी भावनाओं, संस्कृति और जनसरोकारों से जुड़ी भाषा है। उन्होंने कहा कि विश्वविद्यालय किसानों को कृषि संबंधी उपयोगी जानकारी हिंदी में उपलब्ध कराने के लिए निरंतर प्रयास कर रहा है।मुख्य अतिथि डॉ. नीति शास्त्री ने कहा कि हिंदी के उत्थान और विकास के लिए सभी को मिलकर प्रयास करना होगा। हिंदी जन-जन की भाषा और अभिव्यक्ति का सशक्त माध्यम है। उन्होंने कहा कि हिंदी दिवस केवल 14 सितंबर तक सीमित न रहे, बल्कि दैनिक व्यवहार और कार्यों में हिंदी का प्रयोग बढ़ाया जाए।डॉ. एसके चतुर्वेदी ने कहा कि हिंदी दिवस मनाने का उद्देश्य हिंदी को व्यवहार एवं कार्य की भाषा बनाना है। विश्वविद्यालय में विभिन्न राज्यों से विद्यार्थी और शिक्षक आते हैं, ऐसे में हिंदी संवाद का प्रभावी माध्यम बन सकती है। उन्होंने सभी भारतीय भाषाओं के सम्मान पर भी जोर दिया।राजभाषा कार्यान्वयन समिति के सचिव डॉ. राकेश चौधरी ने बताया कि 14 से 28 सितंबर तक हिंदी पखवाड़ा आयोजित किया जा रहा है। इस दौरान विभिन्न प्रतियोगिताएं एवं कार्यक्रम होंगे। समारोह में विश्वविद्यालय के वैज्ञानिकों एवं शिक्षकों ने हिंदी की भावनाओं और विविध विषयों पर काव्य पाठ भी प्रस्तुत किया।कार्यक्रम में निदेशक शिक्षा डॉ. अनिल कुमार, कुलसचिव डॉ. एसएस कुशवाह सहित विभागाध्यक्ष, वैज्ञानिक, शिक्षक, अधिकारी एवं कर्मचारी उपस्थित रहे। संचालन डॉ. प्रियंका शर्मा ने किया तथा आभार सहायक कुलसचिव डॉ. विमलेन्दु सिन्हा ने व्यक्त किया।

# पैंट्रीकारों में खानपान सेवाओं की जांच, 27 पेटी अनधिकृत पानी जब्त

**प्रातः काल एक्सप्रेस**

झांसी। रेलवे बोर्ड के निर्देश एवं मंडल रेल प्रबंधक अनिरुद्ध कुमार के मार्गदर्शन में वरिष्ठ मंडल वाणिज्य प्रबंधक अमन वर्मा के नेतृत्व में 14 सितंबर को वीरांगना लक्ष्मीबाई झांसी रेलवे स्टेशन पर ट्रेनों की पैंट्रीकारों में खानपान सेवाओं की जांच के लिए सरप्राइज फोर्ट्रेस चेक अभियान चलाया गया।अभियान के दौरान स्टेशन से गुजरने वाली पैंट्रीकार युक्त ट्रेनों में स्वच्छता, कर्मचारियों की व्यक्तिगत स्वच्छता, वर्दी, हैंड ग्लव्स, हेड गियर, खाद्य सामग्री के भंडारण, तैयार भोजन की स्वच्छता, कीट नियंत्रण व्यवस्था तथा रेल नीर की उपलब्धता की जांच की गई।गाड़ी संख्या 12617 मंगला एक्सप्रेस में 27 पेटी अनधिकृत पानी पाया गया, जिसे जब्त कर लिया गया। वहीं 20104 गोरखपुर-लोकमान्य तिलक एक्सप्रेस में चाय के कप निर्धारित मानकों के अनुरूप नहीं पाए गए। कपों को जब्त कर जांच के लिए भेजा गया। चेकिंग के दौरान चार अनधिकृत व्यक्तियों को पकड़ा गया, जिन्हें आगे की कार्रवाई के लिए आरपीएफ के सुपुर्द किया गया।अभियान में मनोज तिवारी, अवधेश दुबे, अशोक रायकवार, राजेश यादव, वैभव महेश्वरी, रमाकांत यादव, मनोज कुमार, प्रथम सिंह, जितेन्द्र कुमार, आकाश गुप्ता, सौरभ सिंह आदि शामिल रहे।

रेलवे ने यात्रियों से अपील की है कि खान-पान सामग्री केवल अधिकृत विक्रेताओं से खरीदें और बिल अवश्य प्राप्त करें। निर्धारित दरों व मानकों का पालन सुनिश्चित करने के लिए ऐसे अभियान आगे भी जारी रहेंगे।

# इंजीनियर्स डे पर तकनीकी नवाचार और खेल गतिविधियों की धूम

**प्रातः काल एक्सप्रेस**

झांसी। इंजीनियर्स डे के उपलक्ष्य में बुंदेलखंड विश्वविद्यालय के इंजीनियरिंग एवं तकनीक संस्थान (आईईटी) में तकनीकी नवाचार, स्वास्थ्य जागरूकता, व्यावहारिक कौशल और खेल भावना को बढ़ावा देने के लिए विभिन्न प्रतियोगिताएं आयोजित की गईं। कार्यक्रम का शुभारंभ कुलपति प्रो. मुकेश पाण्डेय ने प्रो. एम.एम. सिंह की उपस्थिति में रिबन काटकर किया। इस दौरान आईईटी निदेशक प्रो. डीके भट्ट भी मौजूद रहे।मैकेनिकल इंजीनियरिंग विभाग में तकनीकी पोस्टर प्रेजेंटेशन में विद्यार्थियों ने डीएनए डेटा स्टोरेज, मशीन लर्निंग, ऑर्गन्स-ऑन-चिप और डिजिटल हाईवे जैसे आधुनिक विषयों पर पोस्टर प्रस्तुत किए। इलेक्ट्रॉनिक्स एवं कम्युनिकेशन इंजीनियरिंग विभाग की सर्किट मेकिंग प्रतियोगिता 3.0 में विद्यार्थियों ने सर्किट डिजाइन एवं समस्या समाधान क्षमता का प्रदर्शन किया।बायोमेडिकल इंजीनियरिंग विभाग की ओर से स्वास्थ्य जांच शिविर में ब्लड प्रेशर, ब्लड ग्लूकोज, बीएमआई और ब्लड ग्रुप की जांच की गई। वहीं फूड टेक्नोलॉजी विभाग के इनोबाइट 3.0 में विद्यार्थियों ने नवीन खाद्य उत्पाद तैयार कर अपनी रचनात्मकता और उद्यमिता का प्रदर्शन किया।समारोह के तहत शतरंज और कैरम प्रतियोगिताएं भी हुईं, जिनमें विद्यार्थियों ने एकाग्रता और खेल भावना दिखाई। विजेताओं को 15 सितंबर को आयोजित कार्यक्रम में पुरस्कृत किया जाएगा। आयोजन में विभिन्न विभागों के शिक्षक एवं विद्यार्थी उपस्थित रहे। अंत में संयोजक डॉ. अतुल मकरारिया ने सभी के प्रति आभार व्यक्त किया।

# भारतीय एकता सद्भावना मिशन के पदाधिकारियों ने एसएसपी से की शिष्टाचार भेंट

**प्रातः काल एक्सप्रेस**

झांसी। भारतीय एकता सद्भावना मिशन के पदाधिकारियों ने वरिष्ठ पुलिस अधीक्षक झांसी से शिष्टाचार भेंट कर विभिन्न विषयों पर संवाद किया। संगठन के पदाधिकारियों ने एसएसपी को गुलदस्ता भेंट कर उनका स्वागत किया।इस दौरान संगठन के बुंदेलखंड अध्यक्ष जनाब अनीस सकलैनी, जिला अध्यक्ष माबूद अली, वरिष्ठ उपाध्यक्ष प्रभु दयाल, महानगर अध्यक्ष ललित कोरी, जिला उपाध्यक्ष शमीम सिद्दीकी, जिला मीडिया प्रभारी एवं प्रवक्ता अनिल कुमार तथा समाजसेवी केदार राय उपस्थित रहे।संगठन के पदाधिकारियों ने कहा कि भारतीय एकता सद्भावना मिशन मानव मूल्यों की रक्षा, सामाजिक सद्भाव और आपसी भाईचारे को मजबूत करने के लिए निरंतर कार्य करता रहेगा। उन्होंने कहा कि जनहित और मानव मूल्यों से जुड़े विषयों को लेकर संगठन के प्रतिनिधि समय-समय पर प्रशासन एवं पुलिस अधिकारियों से संवाद करते रहेंगे।पदाधिकारियों ने वरिष्ठ पुलिस अधीक्षक द्वारा अपने व्यस्त समय में संगठन के प्रतिनिधियों से संवाद करने के लिए आभार व्यक्त किया।

# 76वें गणेश महोत्सव के लिए निकली भव्य कलश शोभायात्रा, जयकारों से गूंजा शहर

**प्रातः काल एक्सप्रेस**



झाँसी। गणेश सत्संग भवन में आयोजित होने जा रहे 76वें गणेश महोत्सव के उपलक्ष्य में आज भव्य कलश शोभायात्रा निकाली गई। शोभायात्रा बुंदेलखंड कॉलेज चौराहे से प्रारंभ होकर खंडेराव गेट स्थित गणेश सत्संग भवन पहुंची। रास्ते भर श्रद्धालुओं ने गणपति बप्पा के जयकारे लगाए, जिससे पूरा वातावरण भक्तिमय बना रहा।

मुख्य संचालक सीताराम कुशवाहा एवं संयोजक डॉ. सुदर्शन शिवहरे के संयोजन में निकली शोभायात्रा में भगवान गणेश की विशाल प्रतिमा विशेष आकर्षण का केंद्र रही। आकर्षक विद्युत सज्जा और विशेष रोशनी से सजी शोभायात्रा ने मार्ग में लोगों का ध्यान अपनी ओर खींचा। बड़ी संख्या में श्रद्धालु धार्मिक उत्साह के साथ शोभायात्रा में शामिल हुए। शोभायात्रा में मुख्य अतिथि समाजसेवी डॉ. संदीप सरावगी एवं सदर विधायक रवि शर्मा सहित देवी सिंह पहलवान, राजू कुशवाहा, ऋषि कुशवाहा, डॉ. मनमोहन मनु, महेश चंद्र कुशवाहा, मोहन कुशवाहा, बाबूजी कुशवाहा, इंजीनियर प्रेम कुमार प्रजापति, योगेश श्रीवास्तव, नितिन कुशवाहा, दीपक कुशवाहा, मनु कुशवाहा, फूलवती, रंजना सहित बड़ी संख्या में भक्तगण मौजूद रहे।

इस अवसर पर संदीप सरावगी ने कहा कि गणेश महोत्सव हमारी धार्मिक और सांस्कृतिक परंपराओं का महत्वपूर्ण हिस्सा है। ऐसे आयोजनों से समाज में आपसी भाईचारा, एकता और सद्भाव की भावना मजबूत होती है। वहीं विधायक रवि शर्मा ने गणेश महोत्सव की शुभकामनाएं देते हुए कहा कि भगवान गणेश विघ्नहर्ता हैं और उनकी आराधना से समाज में सकारात्मक ऊर्जा एवं संस्कारों का संचार होता है।

शोभायात्रा के दौरान भक्तगण 'गणपति बप्पा मोरया' और भगवान गणेश के जयकारों में पूरी तरह डूबे नजर आए। धार्मिक उल्लास और भक्ति से सराबोर माहौल के बीच शोभायात्रा का गणेश सत्संग भवन पहुंचने पर श्रद्धापूर्वक स्वागत किया गया। महोत्सव को लेकर श्रद्धालुओं में विशेष उत्साह देखने को मिला।

# रक्सा में ग्राम सभा व एनएच-27 की जमीन पर अवैध कब्जे का आरोप

## राजस्व जांच में दर्ज भूमि से अधिक क्षेत्र में निर्माण मिलने का दावा, डीएम से कार्रवाई की मांग

**प्रातः काल एक्सप्रेस**

झांसी। रक्सा थाना क्षेत्र के मौजा रक्सा में गाटा संख्या 439/438 एवं 956 में ग्राम सभा और राष्ट्रीय राजमार्ग (एनएच-27) की भूमि पर कथित अवैध कब्जे व निर्माण का मामला सामने आया है। खोड़न अठोंदना निवासी मनीष पुत्र जसरथ यादव ने जिलाधिकारी को प्रार्थना पत्र देकर निर्माण कार्य तत्काल रुकवाने तथा अतिक्रमण की जांच कर कार्रवाई की मांग की है।प्रार्थी के मुताबिक इस मामले में 29 अगस्त को आईजीआरएस के माध्यम से शिकायत दर्ज कराई गई थी। शिकायत के क्रम में 12 सितंबर को लेखपाल रक्सा एवं संबंधित कानूनगो ने पुलिस बल की मौजूदगी में मौके का स्थलीय एवं अभिलेखीय निरीक्षण किया।



प्रार्थी द्वारा प्रस्तुत लेखपाल रिपोर्ट के अनुसार गाटा संख्या 956 के उत्तर में ग्राम सभा का नाला और दक्षिण दिशा में राष्ट्रीय राजमार्ग स्थित है। रिपोर्ट में मौके पर प्रदीप मिश्रा द्वारा अपने नाम दर्ज भूमि से अधिक क्षेत्रफल में कब्जा कर निर्माण किए जाने की बात दर्ज होने का दावा किया गया है।

बताया गया कि राजस्व टीम ने ग्राम सभा एवं राष्ट्रीय राजमार्ग की भूमि का सीमांकन होने तक निर्माण कार्य रोकने की आवश्यकता जताई है। मौके पर तैयार स्पॉट मेमो में प्रार्थी, विपक्षी पक्ष तथा ग्राम प्रधान की मौजूदगी में स्थलीय एवं अभिलेखीय मिलान किए जाने और हस्ताक्षर लिए जाने का भी उल्लेख है।प्रार्थी का आरोप है कि पूर्व में भी गाटा संख्या 956 एवं सनिनहित गाटा संख्या 439/438 का मापन कराया जा चुका है, जिसमें स्वीकृत क्षेत्रफल से अधिक भूमि पर कब्जे और निर्माण की स्थिति सामने आई थी। उसने जिलाधिकारी से मांग की है कि विवादित भूमि का तत्काल सीमांकन कराकर यदि अतिक्रमण पाया जाए तो उसे हटाया जाए तथा संबंधित लोगों के विरुद्ध नियमानुसार पुलिस कार्रवाई की जाए।

# आत्मा की कमी से मुक्ति ही मोक्ष हैः विशाश्री माताजी

**प्रातः काल एक्सप्रेस**

झांसी। अतिशय क्षेत्र करगुवांजी में चल रहे 48 दिवसीय 1008 भक्तामर महा मण्डल आराधना विधान के तेतालीसवें दिन सोमवार को गणिनी आर्यिका 105 विशाश्री माताजी ने ईश्वर की दिव्य ध्वनि (वाणी) पर व्याख्यान देते हुए कहा कि ईश्वर की दिव्य ध्वनि (वाणी) मन को हरण करने वाली है। उनकी वाणी किसी को दुख देने वाली नहीं होती । ईश्वर की वाणी तो वेदों की वाणी है, जैन आगम के अनुसार ईश्वर की वाणी ही जिनवाणी है, वह सभी को शीतलता प्रदान करती है जो इसे आत्मसात कर अपने जीवन में उतार लेता है, उसे मोक्ष का मार्ग प्राप्त हो जाता है। उन्होंने कहा कि मोक्ष ऊपर नहीं है वह तो धरती पर ही है जितने भी तीर्थकरों का जब जब निर्वाण हुआ उन्हें भी इसी भूमि पर उस मोक्ष की प्राप्ति हुई और वे सिद्धिलोक में विराजमान हो गये। वे कहती है कि आत्मा की कर्मों से मुक्ति ही मोक्ष है अर्थात सभी कर्मों का क्षय जब हो जाता है तब आत्मा को मुक्ति मिलती है। उन्होंने कहा कि मनुष्य को वाणी बोलते बोलते अनंत काल हो गये फिर भी दिव्य नहीं बन पायी।अतः अपनी वाणी में मधुरता और? शीतलता लाये और? ऐसा बोले जो सभी को प्रिय लगे। उन्होंने कहा कि गाय बैल भैंस, घोड़ा, चिडि़या कबूतर आदि सभी बोलते हैं पर उनकी भाषा हम समझ नहीं सकते उनकी तो केवल आवाज आती है। इससे पूर्व सोमवार के



पुण्यार्जक श्रीमती संध्या डा.उदय जैन, श्रीमती संगीता विजय जैन पचकुंइया, इंजीनियर ईसा जैन, इंजीनियर मयंक जैन,डा.ज्योति डा.नमन जैन, प्रियंका जैन पायलेट एवं समस्त जैन परिवार झांसी रहे, जिन्होंने शांतिधारा का सौभाग्य प्राप्त किया, माताजी को शास्त्र भेंटकर पाद प्रक्षालन किया एवं पं विनोद? जैन? बबीना के मार्गदर्शन में समस्त धार्मिक क्रियायें सम्पनन कराते हुए अर्घ समर्पित किये।

तदुपरांत पुण्यार्जक परिवारों को शाल,माला एवं पगड़ी पहनाकर दिगम्बर जैन पंचायत समिति के पदाधिकारियों ने सम्मानित किया।संचालन पंचायत समिति के महामंत्री कमल जैन लोकपथ एवं करगुवांजी मंत्री एड.शिरोमणी जैन ने संयुक्त रूप से किया।अंत में विधि सलाहकार अशोक जैन ने सभी का आभार व्यक्त किया। इस मौके पर विकास जैन, इंजीनियर उमेशचंद्र जैन, वीरेंद्र जैन? नेडा,शशांक जैन,श्रीमती रानी भागचंद जैन, श्रीमती प्रीति शिरोमणि जैन, नरेन्द्र जैन, नारायण बाग मौजूद? रहे।

# आईटीआई में प्रवेश लेकर लौट रहे छात्र को ट्रैक्टर ने रौंदा,मौत

**प्रातः काल एक्सप्रेस**

जसवंतनगर।थाना क्षेत्र के राष्ट्रीय राजमार्ग पर इटावा से आगरा जाने वाली सड़क पर लक्ष्मी ढाबा के पास सोमवार को एक दर्दनाक सड़क हादसे में तेज रफ्तार अनियंत्रित ट्रैक्टर ने आगे चल रही बाइक को पीछे से जोरदार टक्कर मार दी। हादसे में 22 वर्षीय होनहार छात्र की मौत हो गई। जिससे खुशी का माहौल मातम में बदल गया।मृतक की पहचान प्रदीप कुमार पुत्र मुकेश शाक्य निवासी खुशहालपुर भिडौरा जनपद मैनपुरी के रूप में हुई है। टक्कर इतनी जबरदस्त थी कि बाइक सवार सड़क पर गिरकर गंभीर रूप से घायल हो गया। सूचना पर पहुंची पुलिस ने एंबुलेंस से उसे सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र जसवंतनगर भिजवाया।जहां डॉ. वीरेंद्र और डॉ. विकास ने उसे मृत घोषित कर दिया।सूचना पर अस्पताल पहुंचे परिजनों में कोहराम मच गया।बताया गया है कि मृतक तीन भाइयों में मझला था और पढ़ाई में बेहद होनहार था। उसका चयन आईटीआई इटावा में हुआ था।सोमवार सुबह ही उसने आईटीआई कॉलेज में प्रवेश लिया था और बाइक से घर लौट रहा था। रास्ते में यह हादसा हो गया।भाई संजीव ने रोते हुए बताया कि एडमिशन के बाद प्रदीप ने फोन पर खुश होकर कहा था कि अब हम लोगों के दिन बहुरने वाले हैं।वह खुशी में माता-पिता के लिए मिठाई का डिब्बा भी लेकर आ रहा था जो पुलिस को मोटरसाइकिल के साथ बरामद हुआ।बताते है कि पिता बेहद गरीब हैं और दूसरों के खेतों में मजदूरी कर परिवार का पालन-पोषण करते हैं।पुलिस ने शव को कब्जे में लेकर पोस्टमार्टम के लिए भेजा है।थानाध्यक्ष कमल भाटी ने बताया कि हादसा करने वाले ट्रैक्टर को कब्जे में ले लिया गया है।चालक ट्रैक्टर छोड़कर फरार हो गया है जिसकी तलाश की जा रही है।

# पंचायत सहायकों ने किया कार्य बहिष्कार,सौंपा ज्ञापन

**प्रातः काल एक्सप्रेस**

जसवंतनगर।लंबित मांगों के समाधान को लेकर विकास खंड के पंचायत सहायकों ने सोमवार से कार्य बहिष्कार शुरू कर दिया। प्रदेश संगठन के आह्वान पर पंचायत सहायकों ने खंड विकास अधिकारी को संबोधित ज्ञापन एडीओ कृषि बलबीर सिंह को सौंपा।पंचायत सहायकों ने कहा कि लंबे समय से मांगों को लेकर गुहार लगाई जा रही है लेकिन कोई संतोषजनक कार्रवाई नहीं हुई है। जब तक समाधान नहीं होगा कार्य बहिष्कार जारी रहेगा।इस दौरान अंकित सिंह, सतीश कुमार, शिवम बाबू, सचिन, असित कुमार, अंशुल, रिषभ राजपूत, अनुराग, अंजली, जूली सहित कई पंचायत सहायक मौजूद रहे।

# इकदिल में बिजली लाइन की चपेट में आया टेंट पोल, तीन घायल

**प्रातः काल एक्सप्रेस**

इकदिल। कस्बे में सोमवार सुबह दुकान की ओपनिंग के लिए सामियाना लगाते समय बड़ा हादसा हो गया। टेंट का लोहे का पोल ऊपर से गुजर रही 11 हजार वोल्ट की बिजली लाइन से छू गया। करंट की चपेट में आने से 15 वर्षीय प्रांजल त्रिपाठी पुत्र उपेंद्र त्रिपाठी निवासी पक्का बाग, इटावा समेत टेंट कर्मचारी कुणाल और रिशु घायल हो गए।अचानक करंट उतरने से मौके पर अफरा-तफरी मच गई। हादसे के बाद परिजन घायलों को उपचार के लिए निजी अस्पताल लेकर पहुंचे, जहां उनका इलाज कराया गया।स्थानीय लोगों के अनुसार बिजली लाइन काफी नीचे होने के कारण टेंट का लोहे का पोल उसके संपर्क में आ गया। लोगों ने बिजली लाइन को ऊंचा कराने की मांग उठाई है, ताकि भविष्य में इस तरह के हादसों की पुनरावृत्ति न हो।उपखंड अधिकारी प्रेमचंद्र ने बताया कि जिस स्थान पर हादसा हुआ, वहां पहले गड्ढा था। दुकान बनने के बाद गड्ढे को भर दिया गया, जिससे जमीन का स्तर ऊंचा हो गया और बिजली के तार अपेक्षाकृत नीचे हो गए। उन्होंने बताया कि लाइन को जल्द दुरुस्त कराया जाएगा।

# सेवाश्रम की बैठक में रामनाथ आयोजन समिति के चेयरमैन रघुकुल विधानसभा अध्यक्ष बने

**प्रातः काल एक्सप्रेस**

इकदिल 14 सितंबर । सेवाश्रम की एक बैठक श्री खाटू श्याम जी मंदिर इकदिल इटावा में संपन्न हुई बैठक की अध्यक्षता सेवाश्रम प्रमुख चौधरी अमित त्रिपाठी एडवोकेट ने तथा संचलन शिव शंकर शाक्य ने किया। बैठक में मंदिर निर्माण की समीक्षा और आगामी कार्यक्रमों के लिए विस्तृत चर्चा हुई बुढ़वा मंगल पर रामचरित मानस के अखंड पाठ के आयोजन का प्रस्ताव सर्वसम्मति से पारित हुआ बैठक में सर्वसम्मति से सेवाश्रम के वरिष्ठ कार्यकर्ता रामनाथ राजपूत को खाटू श्याम जी आयोजन समिति का चेयरमैन और रघुकुल भूषण उर्फ पिंटू सविता को इटावा विधानसभा का अध्यक्ष नियुक्त किया गया बैठक में सेवाश्रम जिला उपाध्यक्ष रामदास बाथम रामस्वरूप दिवाकर जिला मंत्री संजीव दुबे शशि बाला एडवोकेट सेवाश्रम कोषाध्यक्ष प्राची जिला संगठन मंत्री वकील सिंह पाल गोपाल बाथम सर्वेश दीक्षित कुलदीप सिंह आदि ने नवनियुक्त पदाधिकारियों का फूल मालाओं से स्वागत कर नारे लगाए।

# एडीएम एवं एसपी सिटी ने की मेला गुघाल की तैयारियों की समीक्षा

## 21 सितंबर से 15 अक्टूबर तक आयोजित होगा मेला

**प्रातःकाल एक्सप्रेस**
जिला प्रभारी अशोक शर्मा



सहारनपुर। जिला मजिस्ट्रेट अरविंद कुमार चौहान के निर्देशानुसार अपर जिलाधिकारी प्रशासन संतोष बहादुर सिंह की अध्यक्षता एवं पुलिस अधीक्षक नगर व्योम बिंदल की उपस्थिति में कलेक्ट्रेट स्थित नवीन सभागार में आगामी मेला गुघाल की तैयारियों तथा शांति एवं कानून व्यवस्था बनाये रखने हेतु समीक्षा बैठक आहूत की गयी। बैठक में एडीएम ने मेला परिसर में सीसीटीवी कैमरे, बिजली, पेयजल, मजबूत बैरिकेटिंग, साफ सफाई की बेहतर व्यवस्था करने के निर्देश दिए। उन्होने कहा कि संस्कृति एवं राष्ट्रीयता को बढाने वाले कार्यक्रम आयोजित ' किए जाएं।

संतोष बहादुर सिंह ने कहा कि सभी विभाग सौंपी गयी जिम्मेदारियों का भली प्रकार से निर्वहन करना सुनिश्चित करें। मजिस्ट्रेट एवं पुलिस की डयूटी संयुक्त रूप से लगाई जाए। स्वास्थ्य व्यवस्था हेतु एंबुलेंस एवं चिकित्सकों की उपलब्धता सुनिश्चित कराई जाए। मौसम के अनुसार नाले एवं नालियों की साफ. सफाई के साथ ही फॉगिंग एवं एंटी लार्वा का छिड़काव सुनिश्चित किया जाए। मेला परिसर में पब्लिक एड्रेस सिस्टम लगाए जाएं। उन्होंने कहा कि पार्किंग की उचित व्यवस्था की जाए। सुविधाओं एवं समस्याओं के निस्तारण के लिए कन्ट्रोल रूम की स्थापना की जाए। मेले में सुरक्षा के दृष्टिगत पर्याप्त पुलिस बल की तैनाती की जाए। खाद्य पदार्थों की जांच की जाए एवं प्रसाद के विक्रेताओं को स्वास्थ्य के दृष्टिगत प्रसाद को ढककर रखने के निर्देश दिए। खाद्य पदार्थ बनाने वाले स्टालों को टीन शेड से सुरक्षित किया जाए तथा एक निश्चित स्थान पर लगाया जाए जिससे अग्नि सुरक्षा व्यवस्था बनाई रखी जा सके। सभी खाद्य दुकानों पर रेट लिस्ट चस्पा हो। यातायात व्यवस्था बेहतर रखी जाए। मेले में लगने वाली दुकानों को उचित स्थानों पर लगवाया जाए। बिजली के तार लटके न हों तथा नियमानुसार विद्युत कनेक्शन दिए जाएं। पीडब्लूयूडी द्वारा झूलों का तकनीकी परीक्षण करना सुनिश्चित किया जाए तथा कोई भी स्ट्रक्चर बिना अनुमति के न लगाया जाए। अगिन्शमन विभाग को सुरक्षा के तहत प्रयाप्त मात्रा में आकस्मिक स्थिति में अगिन्शमन वाहनों की व्यवस्था रखने के निर्देश दिए। बैठक में अपर नगर आयुक्त प्रदीप कुमार, नगर मजिस्ट्रेट कुलदीप सिंह सहित वरिष्ठ अधिकारीगण उपस्थित रहे।

# सहारनपुर अग्निशमन सेवा को मिली अत्याधुनिक सौगात

## 18,000 लीटर क्षमता वाले नए फायर टेंडर से बढ़ी जनपद की अग्निशमन क्षमता

**प्रातःकाल एक्सप्रेस**
**जिला प्रभारी अशोक शर्मा**



सहारनपुर। वरिष्ठ पुलिस अधीक्षक अभिनन्दन सिंह, मुख्य अगिन्शमन अधिकारी प्रताप सिंह तथा अन्य पुलिस अधिकारियों द्वारा नवीन फायर टेंडर को हरी झंडी दिखाकर रवाना किया गया। जनपद सहारनपुर की अगिन्शमन एवं आपदा प्रबंधन व्यवस्था को और अधिक सुदृढ़ एवं आधुनिक बनाने की दिशा में महत्वपूर्ण कदम उठाते हुए जनपद को एक नया अत्याधुनिक फायर टेंडर उपलब्ध कराया गया है। 18,000 लीटर जल क्षमता वाले इस अत्याधुनिक फायर टेंडर की अगिन्शमन प्रणाली लगभग 3,200 लीटर प्रति मिनट पानी प्रक्षेपित करने की क्षमता रखती है। उच्च क्षमता वाले इस फायर टेंडर के उपलब्ध होने से बड़े अगिन्कांडों के दौरान आग पर त्वरित एवं प्रभावी ढंग से काबू पाने में अगिन्शमन विभाग को महत्वपूर्ण सहायता मिलेगी। जनपद सहारनपुर में बड़ी संख्या में औद्योगिक क्षेत्र एवं लकड़ी के बड़े-बड़े कारखाने हैं, जहां आगजनी की घटनाओं की संभावना बनी रहती है। ऐसी परिस्थितियों में उच्च क्षमता वाले फायर टेंडर की उपलब्धता से जनपद की अगिन्शमन क्षमता में उल्लेखनीय वृद्धि होगी तथा आपातकालीन परिस्थितियों में राहत एवं बचाव कार्य और अधिक प्रभावी ढंग से किया जा सकेगा।

नवीन एवं आधुनिक अगिन्शमन उपकरण उपलब्ध होने से मुख्य अगिन्शमन अधिकारी एवं पूरी फायर सर्विस टीम की कार्यक्षमता एवं दक्षता में और वृद्धि होगी, साथ ही अगिन्शमन कर्मियों का मनोबल भी मजबूत होगा।

जनपद की अगिन्शमन व्यवस्था को लगातार आधुनिक एवं सुदृढ़ बनाने के लिए भविष्य में भी मुख्यालय स्तर से नवीनतम उपकरण एवं संसाधन उपलब्ध कराने के प्रयास जारी रहेंगे, ताकि किसी भी आपातकालीन परिस्थिति में जन-धन की सुरक्षा को सर्वोच्च प्राथमिकता देते हुए त्वरित कार्रवाई सुनिश्चित की जा सके। आधुनिक संसाधन बेहतर तैयारी त्वरित कार्रवाई सुरक्षित सहारनपुर हमारी प्राथमिकता।

## चिलकाना सड़क दुर्घटना में एक व्यक्ति की मौत तीन घायल घायलों को इलाज हेतु अस्पताल भीजवाया गया

**प्रातःकाल एक्सप्रेस**

सहारनपुर। चिलकाना सड़क दुर्घटना में एक व्यक्ति की मौत तीन घायल घायलों को इलाज हेतु अस्पताल भिजवाया। मिली जानकारी के अनुसार चिलकाना की और से पठेड की और जा रही एक कार जिसका नंबर ल्ज 12" 8028 जो तेज गति से आ रही थी अचानक तेज रफ्तार से कच्चा पक्का मोड़ के पास अनियंत्रित होकर 10 फीट नीचे खाई में गिर गई प्रत्यक्षदर्शीयो व पीछे से आ रही डायल 100 के अनुसार गाड़ी की गति इतनी तेज थी कि वह नियंत्रित नहीं हो पाई और कई पलटे खाकर खाई में गिर गई खाई में गिरी कार से चार व्यक्तियों को घायल अवस्था में पुलिस व राहगीरों की मदद से निकाल कर अस्पताल भिजवाया गया जहां चिकित्सक ने चालक शुभम पुत्र रामशरण उम्र लगभग 26 वर्ष निवासी मोहम्मदपुर कंधेला थाना फतेहपुर को मृत घोषित किया पुलिस के द्वारा मृतक के परिजनों को बुलाया गया मौके पर पहुंचे परिजनों में मृतक के पिता व भाई अस्पताल पहुंचे जहां पर उन्होंने पोस्टमार्टम व किसी भी प्रकार की कानूनी कार्यवाही से मना किया पुलिस द्वारा शव का पंचनामा कर शव व कार को उनके परिजनों के सुपुर्द कर दिया।

# फतेहपुर पुलिस व स्वाट टीम को मिली बड़ी सफलता, डकैती का खुलासा, 5 बदमाश गिरफ्तार

**प्रातःकाल एक्सप्रेस**



सहारनपुर। थाना फतेहपुर एवं स्वाट टीम ने डकैती की घटना का सफल अनावरण करते हुए 5 शातिर अभियुक्तों को गिरफ्तार किया है। कब्जे से लूटे गए 35,500 रुपये नकद, 8 मोबाइल फोन, 2 तमंचे मय 4 जिंदा कारतूस 315 बोर, 3 चाकू, 2 मोटरसाइकिल, 2 फर्जी नंबर प्लेट और 1 सफेद धातु का ब्रेसलेट बरामद हुआ। घटना का विवरण दिनांक 06.09.2026 को वादी इल्ताफ पुत्र जाहिद निवासी गागलहेड़ी ने तहरीर दी थी कि 3-4 अज्ञात व्क्तियों ने दो बाइक पर आकर उसकी गाड़ी रुकवाकर मारपीट कर रुपये व 3 मोबाइल लूट लिए। इस पर थाना फतेहपुर पर मु.अ.सं. 363/26 धारा 309(4) ँए में मुकदमा दर्ज किया गया, बाद में धारा 310(2) की वृद्धि हुई। पुलिस कार्रवाई – वरिष्ठ पुलिस अधीक्षक के निर्देश पर पुलिस अधीक्षक ग्रामीण व सीओ सदर के पर्यवेक्षण में प्रभारी निरीक्षक फतेहपुर प्रमोद कुमार सिंह व स्वाट टीम ने दिल्ली-देहरादून एक्सप्रेसवे की बड़कला से टोल प्लाजा जाने वाली सर्विस लेन पर चेकिंग के दौरान 5 अभियुक्तों को गिरफ्तार किया –1. समीर पुत्र अब्दुल हमीद, दानिश कॉलोनी रसूलपुर, कोतवाली देहात2. सनव्वर पुत्र इलियास, दानिश कॉलोनी रसूलपुर, कोतवाली देहात3. अनस पुत्र यूनुस, मोहल्ला छीपियान, कोतवाली नगर4. रिहान पुत्र इनाम, मांडेबांस, थाना गागलहेड़ी5. प्रिंस पुत्र सूरजपाल, बड्डूली चौकी सीड़की, थाना नागल

बरामदगी के आधार पर मुकदमे में धारा 317(3)/345(3)/336(2)/317(5) ँए व 3/4/25 आर्म्स एक्ट की वृद्धि की गई। सभी को न्यायालय के समक्ष पेश किया जाएगा।

# नशा तस्करों पर कड़ी कार्रवाई, 300 ग्राम चरस के साथ 2 तस्कर गिरफ्तार

**प्रातःकाल एक्सप्रेस**

सहारनपुर। डीआईजी सहारनपुर परिक्षेत्र द्वारा नशे के अवैध कारोबार पर रोक के लिए चलाए जा रहे ङ'ऑपरेशन सवेरा - नशे के अंधकार से जीवन के उजाले की ओर'ङ अभियान के तहत थाना बेहट पुलिस को बड़ी सफलता मिली। एसएसपी सहारनपुर के निर्देशन, एसपी ग्रामीण व सीओ बेहट के पर्यवेक्षण में प्रभारी निरीक्षक जितेन्द्र सिंह दीक्षित के नेतृत्व में पुलिस टीम ने मुखबिर की सूचना पर चैकिंग के दौरान गन्देवड़ चिलकाना मार्ग से भोजपुर जाने वाले कच्चे रास्ते से 2 नशा तस्करों को गिरफ्तार किया –

1. शौकीन पुत्र मतलूब निवासी ग्राम लोधीपुर, थाना बेहट

2. विशाल पुत्र नेमचन्द निवासी ग्राम मिल्को, थाना बेहटकब्जे से कुल 300 ग्राम अवैध चरस (150-150 ग्राम) बरामद हुई। थाना बेहट पर मु.अ.सं. 382/2026 धारा 8/20 ञ्झ्ए एक्ट पंजीकृत किया गया। पुलिस द्वारा फॉरवर्ड और बैकवर्ड लिंक की जांच की जा रही है।



## थाना सदर बाजार पुलिस द्वारा 01 वारण्टी अभियुक्त को किया गया गिरफ्तार

**प्रातकाल एक्सप्रेस**

सहारनपुर। वरिष्ठ पुलिस अधीक्षक, सहारनपुर के निर्देशन में अपराध की रोकथाम व वांछित/ वारण्टी/शातिर अपराधियो की गिरफ्तारी हेतु चलाये जा रहे अभियान के अनुपालन में पुलिस अधीक्षक नगर एवं सहायक पुलिस अधीक्षक/क्षेत्राधिकारी नगर द्वितीय के निकट पर्यवेक्षण में तथा प्रभारी निरीक्षक नेमचन्द सिंह के कुशल नेतृत्व में थाना सदर बाजार पुलिस द्वारा 01 वारण्टी अभि0 संदीप पुत्र सुमेरचन्द निवासी खुजनावर माजरी थाना फतेहपुर जनपद सहारनपुर (सम्बन्धित वाद संख्या/एस0टी0संख्या 1203/21 धारा 363/366/376 भादवि व पोक्सो एक्ट, माननीय एडीजे 15 पोक्सो कोर्ट जिला सहारनपुर) को कस्बा छूटमलपुर से गिरफ्तार किया गया। गिरफ्तार अभियुक्त के विरुद्ध अन्य आवश्यक विधिक कार्यवाही कर समय से न्यायालय के समक्ष पेश किया जा रहा है।

## नागल थाने में किसानों को मिला न्याय, थाना प्रभारी राधेश्याम यादव ने सुनी फरियाद

### आरोपी सिपाही मोहित मलिक को थाने से हटाया विभाग की जांच शुरू

**प्रातःकाल एक्सप्रेस**

सहारनपुर। थाना नागल में ठेकेदार के साथ मारपीट के मामले में आज सुबह किसानों का गुस्सा देखने को मिला। भारतीय किसान यूनियन तोमर के युवा जिलाध्यक्ष सौरभ त्यागी के आह्वान पर आज सुबह 10 बजे बड़ी संख्या में किसान थाना परिसर में एकत्र हुए। नागल थाना प्रभारी राधेश्याम यादव ने किसानों को टेबल पर बैठाकर बड़े ही शांतिपूर्ण तरीके से उनकी पूरी बात सुनी। युवा जिलाध्यक्ष सौरभ त्यागी ने पूरी घटना की जानकारी थाना प्रभारी को दी। किसानों की बात सुनने के बाद थाना प्रभारी राधेश्याम यादव ने तत्काल न्याय करते हुए आरोपी सिपाही मोहित मलिक को थाने से हटाने की कार्रवाई कर दी। थाना प्रभारी के इस फैसले के बाद किसानों में खुशी की लहर है। मौके पर मौजूद किसानों ने कहा कि थाना प्रभारी राधेश्याम यादव जैसे न्यायप्रिय अधिकारी ही खाकी का सम्मान बढ़ाते हैं, वहीं युवा जिलाध्यक्ष सौरभ त्यागी ने एक बार फिर साबित कर दिया कि वो हर गरीब, मजदूर और किसान की आवाज बनकर खड़े हैं। कार्रवाई के बाद धरना शांतिपूर्ण तरीके से समाप्त हो गया।

## वरिष्ठ पुलिस अधीक्षक, सहारनपुर द्वारा जनसुनवाई में आमजन की समस्याओं पर त्वरित कार्रवाई

**प्रातःकाल एक्सप्रेस**

सहारनपुर। पुलिस कार्यालय में वरिष्ठ पुलिस अधीक्षक, सहारनपुर द्वारा जनसुनवाई कार्यक्रम आयोजित किया गया। इस दौरान दूर-दराज क्षेत्रों से अपनी समस्याओं एवं शिकायतों को लेकर पहुंचे आमजन की समस्याओं को गंभीरता, संवेदनशीलता एवं धैर्यपूर्वक सुना गया। जनसुनवाई के दौरान फरियादियों से उनकी समस्याओं के संबंध में विस्तृत जानकारी प्राप्त करते हुए संबंधित अधिकारियों को प्रत्येक प्रकरण का तत्काल संज्ञान लेकर निष्पक्ष, पारदर्शी एवं समयबद्ध निस्तारण सुनिश्चित करने के निर्देश दिए गए। उपस्थित नागरिकों को उनकी शिकायतों के त्वरित एवं न्यायसंगत समाधान का आश्वासन प्रदान किया गया तथा उन्हें विश्वास दिलाया गया कि सहारनपुर पुलिस आमजन की सुरक्षा, सम्मान एवं समस्याओं के समाधान के लिए सदैव प्रतिबद्ध है।

# चिलकाना में महिला से कुंडल झपटने की घटना पर फरहाद आलम ने उठाए कानून-व्यवस्था पर सवाल

**प्रातःकाल एक्सप्रेस**



सहारनपुर। चिलकाना थाना क्षेत्र में बाजार से घर लौट रही एक महिला के कान से सोने के कुंडल झपटने का मामला सामने आया है। बाइक सवार दो अज्ञात युवक वारदात को अंजाम देकर मौके से फरार हो गए। घटना के बाद समाजवादी पार्टी के वरिष्ठ नेता फरहाद आलम गाडा ने भाजपा सरकार और स्थानीय प्रशासन पर कानून-व्यवस्था को लेकर सवाल उठाए हैं। फरहाद आलम ने कहा कि एक ओर उत्तर प्रदेश की योगी सरकार महिला सुरक्षा को लेकर दावे करती है, वहीं दूसरी ओर दिनदहाड़े महिलाओं के साथ इस तरह की घटनाएं पुलिस व्यवस्था पर गंभीर सवाल खड़े करती हैं। उन्होंने पुलिस प्रशासन से सीसीटीवी फुटेज और अन्य माध्यमों से आरोपियों की पहचान कर जल्द गिरफ्तारी की मांग की। साथ ही क्षेत्र में महिलाओं की सुरक्षा के लिए प्रभावी व्यवस्था किए जाने की भी मांग की। बताया गया है कि गांव दासा माजरा निवासी विशु पुत्र विक्रम सिंह ने थाना चिलकाना में तहरीर देकर बताया कि उसकी बहन और मां रामवती सहारनपुर से सामान लेकर घर लौट रही थीं। ऑटो रिक्शा से उतरकर जब वे पैदल घर की ओर जा रही थीं, तभी बाइक सवार दो अज्ञात युवकों ने उनके कान से कुंडल झपट लिए और बाइक से फरार हो गए। पुलिस से घटना का खुलासा करते हुए आरोपियों की जल्द गिरफ्तारी की मांग की गई है।

## तेलीपुरा में खड़ी बाइक चोरी, मुकदमा दर्ज

**प्रातः काल एक्सप्रेस**

चिलकाना। थाना पुलिस क्षेत्र में वाहन चोरी की घटनाओं पर अंकुश नहीं लग पा रहा है। लगातार हो रही चोरी की घटनाओं से क्षेत्रवासियों में असुरक्षा का माहौल बना हुआ है। हाल ही में चोरी हुई दो बाइकों का भी पुलिस अभी तक पता नहीं लगा सकी है। इसी बीच रविवार सुबह अज्ञात चोर एक और बाइक चोरी कर ले गए। गांव पटना उर्फ नयाबांस निवासी विनोद पुत्र ध्यान सिंह ने थाना चिलकाना में तहरीर देकर बताया कि रविवार सुबह वह अपनी हीरो स्प्लेंडर प्लस बाइक संख्या यूपी 11 सीवाई 3752 से चिलकाना-तेलीपुरा मार्ग पर गया था। उसने अपनी बाइक ग्राम तेलीपुरा स्थित देशी शराब के ठेके के पास खड़ी की थी। कुछ देर बाद वापस लौटने पर बाइक वहां से गायब मिली। पीड़ि.ित ने आसपास काफी तलाश की, लेकिन बाइक का कोई सुराग नहीं लगा। इसके बाद उसने अज्ञात चोरों के खिलाफ तहरीर देकर बाइक बरामद कराने की मांग की। पुलिस ने तहरीर के आधार पर मुकदमा दर्ज कर मामले की जांच शुरू कर दी है।

# पठेड में गोगा जाहरवीर मेले का विधायक मुकेश चौधरी ने फीता कटाकर किया शुभारंभ

**प्रातः काल एक्सप्रेस**



चिलकाना। क्षेत्र के ग्राम पठेड में जाहरवीर गोगा जी के तीन दिवसीय मेले का उद्घाटन छेत्रिय विधायक मुकेश चौधरी ने फीता काटकर किया। उद्घाटन समारोह में पहुंचे भाजपा विधायक मुकेश चौधरी ने कहा कि उत्तरप्रदेश सरकार द्वारा विभिनन्न मंदिरो के सौंदर्यकरण के लिए नकुड़ विधानसभा मे करोडो रूपये स्वीकृत करा उनका सौंदर्यकरण कराने का काम किया है। उन्होंने बताया की मेले हमारी सनातन संस्कृति की पहचान है जो सांस्कृतिक सामाजिक परंपराओं को जोड़ते है इसको हमे बचाकर रखना है मेलो के आयोजनो से आपसी भाईचारा और सदभाव बढ़ता है। इस दौरान नवनियुक्त क्षेत्रीय उपाध्यक्ष बिजेंद्र कश्यप, नाथीराम कश्यप, रघुवीर सिंह, महावीर सिंह ,साधुराम ,राजेंद्र सैनी, नकली राम भगत ,व भाजपा मंडल अध्यक्ष मुकेश शर्मा, सभासद विनय कश्यप, हरीश चेयरमैन, अजय धीमान, ग्राम प्रधान तबरेज़ अंसारी, रविन्द्र चौधरी, सोनू सैनी, सुबोध कुमार, शाकिर रॉव, प्रशांत चौधरी, विजय सैनी, राजेंद्र उपाध्याय, दीपक कश्यप, मोहकम सिंह आदि क्षेत्रवासी व गणमान्य लोग उपस्थित रहे।

## जनगणना-2027: द्वितीय चरण की तैयारियां तेज, डीएम के निर्देश पर समीक्षा बैठक

**प्रातःकाल एक्सप्रेस**

सहारनपुर। जिलाधिकारी अरविंद कुमार चौहान के निर्देश पर एडीएम वित्त एवं राजस्व सलिल कुमार पटेल की अध्यक्षता में जनगणना-2027 के द्वितीय चरण (जनसंख्या गणना) की तैयारियों को लेकर समीक्षा बैठक हुई।एडीएम ने कहा कि जनगणना केवल आंकड़े जुटाने की प्रक्रिया नहीं, बल्कि देश के सामाजिक-जनसांख्यिकीय स्वरूप का प्रामाणिक आधार है। सभी अधिकारियों, प्रगणकों और पर्यवेक्षकों को कार्य पूरी गंभीरता, संवेदनशीलता और जिम्मेदारी से करने के निर्देश दिए। फील्ड की समस्याओं को तुरंत उच्च अधिकारियों को बताने को कहा।समय-सारिणी-20 सितंबर तकः गणना ब्लॉकों का गठन एवं जनपद स्तरीय प्रशिक्षण- 10 अक्टूबर तकः फील्ड ट्रेनर्स की नियुक्ति- 31 अक्टूबर तकः ब्लॉकों का आवंटन- 16 से 30 नवंबरः स्व-गणना- 1 दिसंबर 2026 से 4 जनवरी 2027ः घर-घर जनगणना- 5 से 9 जनवरीः पुनरीक्षण कार्यहेल्पलाइनः जिला जनगणना हेल्पलाइन 0132-2723344 व टोल फ्री 1855 बैठक में समस्त एसडीएम, तहसीलदार, डीआईओएस, बीएसए, डीपीआरओ, खंड शिक्षा अधिकारी सहित जनगणना से जुड़े अधिकारी मौजूद रहे।



लोग अनपढ़ गंवार कहते थे.... बिग बॉस में ट्रोल होने पर

# शहनाज गिल

## का छलका दर्द, वेट लॉस पर की बात

बिग बॉस 13 में अपने देसी अंदाज और बेबाकी से सभी का दिल जीतने वाली एक्ट्रेस शहनाज गिल को शुरुआत में काफी विरोध का भी सामना करना पड़ा था. कभी उन्हें अपने पंजाबी डिक्शन की वजह से ट्रोल्स का सामना करना पड़ा तो कभी उन्हें बॉडी शेमिंग का भी सामना करना पड़ा. वे बिग बॉस में पंजाब की कटरीना कैफ की पहचान के साथ आई थीं और आज उनकी खुद की पहचान है. एक्ट्रेस बेहतर कर रही हैं और काफी पॉपुलर भी हो चुकी हैं. लेकिन इस दौरान उन्होंने अपने पुराने दिनों को याद किया है जब उन्हें ट्रोल्स का सामना करना पड़ता था.शहनाज गिल ने बताया है कि उन्हें उनके करियर की शुरुआत में काफी ट्रोल किया गया. बिग बॉस के घर में ही उन्हें कई दफा बॉडी शेमिंग का सामना करना पड़ा और लोगों ने उन्हें अनपढ़-गंवार तक कहा. अब एक पॉडकास्ट के दौरान शहनाज गिल ने अपने संघर्ष के उस दौर को याद किया है.



शहनाज गिल ने इंटरैक्शन के दौरान कहा- मुझे बिग बॉस में वाकई में खूब ट्रोल किया जाता था. मुझे मेरी बॉडी और मेरी भाषा की वजह से ट्रोल किया जाता था जो बाद में मेरी मजबूती बना. मुझे अनपढ़-गंवार कहा जाता था. मेरे में एक पंजाबी टच था. लेकिन जब मैं बिग बॉस से बाहर आई तो मैंने ये साबित किया कि थोड़ा सा वजन गिराना कोई बड़ी बात नहीं है. अगर दिल से कहूं तो कभी-कभी जब मेरा वजन बढ़ जाता है तो मुझे प्राउड फील होता है. मुझे ये ठीक लगता है. मुझे लगता है कि अगर मेरा 4-5 किलो वजन बढ़ भी गया है तो ये ठीक है. वजन घटने में बदलाव होता है तो लोग देखते भी हैं और प्रतिक्रियाएं भी देते हैं. अगर आप अपनी बॉडी के साथ कम्फर्टेबल हैं और आपको अच्छा महसूस होता है तो ठीक है.

**शहनाज ने वेटलॉस पर क्या कहा ?**

शहनाज ने आगे कहा- मुझे नहीं पता कि हर शख्स को ऐसा क्यों लगता है कि आवरग्लास फिगर जरूरी है. हर शख्स अलग होता है. अगर किसी ने ये ट्रेंड शुरू कर दिया कि मोटा शरीर बेहतर होता है तो वो ट्रेंड चल पड़ेगा. लेकिन इसके लिए किसी को शुरुआत करनी होगी. इश्कनामा फिल्म के दौरान डायरेक्टर ने मुझसे कहा कि मुझे अपना वजन थोड़ा बढ़ाना होगा ताकि मेरा चेहरा भरा लगे. जब मैं अपनी फिल्में देखती हूं तो मैं थोड़ा गोलू-मोलू लगती हूं. मैं खुद से ही कहती हूं कि मैं कितनी अच्छी लग रही. जब मैं वजन घटा लेती हूं तो लोग कहते हैं कि तुमने अपना वजन क्यों घटा लिया ये अच्छा नहीं लगता है.

## सलमान खान ने बजाया 'खतरे का सायरन', काजी बने असली रॉकस्टार, उदिति-रीति को मिली चेतावनी!




'बिग बॉस 20' के पहले ही हफ्ते का पारा सातवें आसमान पर पहुंच गया और वीकेंड के पहले ही 'वार' में सलमान खान ने ये साफ कर दिया कि इस घर में सिर्फ सांस लेने से काम नहीं चलेगा, बल्कि अपनी मौजूदगी दर्ज करानी पड़ेगी. एक तरफ जहां होस्ट सलमान ने अपने स्वैग और डांस के साथ मंच संभाला, वहीं दूसरी तरफ घरवालों की सुस्ती, झूठी दोस्ती और अंदर मची कलह का कच्चा-चिट्ठा खोलकर रख दिया.

वीकेंड का वार शुरू होने से ठीक पहले घर के भीतर तनाव साफ महसूस किया जा रहा था. कैप्टन यंग डीएसए और टीवी एक्ट्रेस कनिका मान के बीच एक बार फिर तीखी नोंकझोंक देखने को मिली, जब यंग ने कनिका को दिन में सोने पर टोका. कनिका भी पीछे हटने के मूड में नहीं थीं और तुरंत भिड़ गईं. उधर दूसरी तरफ खाने की खाली थाली उठाकर न रखने को लेकर गुल्लू (कुशाल तंवर) और गेमर स्काउट के बीच ठन गई. बात जब बहस से आगे बढ़ी तो उदिति सिंह को बीच में आकर सबको समझाना पड़ा कि कोई भी लड़ाई में निजी या पारिवारिक बातों को न घसीटे.

**डाइनिंग टेबल पर डिब्बा रखने को लेकर गाली-गलौज**

हफ्ते का सबसे गंदा झगड़ा देखने को मिला अमन गांधी और आसिफ खान के बीच. डाइनिंग टेबल पर रखे एक डिब्बे को लेकर शुरू हुई बात इतनी बिगड़ी कि दोनों कंटेस्टेंट्स अपनी सीमाएं लांघ गए. अमन ने आसिफ को 'गंवार' और 'मक्खन' कहकर उकसाया, तो आसिफ का पारा चढ़ गया. दोनों के बीच जमकर अपशब्दों का आदान-प्रदान भी हुआ. गुस्से में लाल-पीले आसिफ ने अमन को सीधी धमकी देते हुए कहा,बाहर मिल, तब बताऊंगा! मामला इतना बढ़ गया था कि दोनों के बीच हाथ चलने की नौबत आ गई, लेकिन बाकी घरवालों ने बीच-बचाव कर जैसे-तैसे दोनों को अलग किया.

**सलमान की नसीहत और काजी तौकीर का 'रॉकस्टार' स्वैग**

मंच संभालते ही सलमान खान ने कंटेस्टेंट्स से सीधा संवाद शुरू किया. उन्होंने माही विज से परिवार और बच्चों की याद को लेकर बात की, तो वहीं आम्रपाली दुबे से पूछा कि क्या घर में उनकी तरफ से कोई कमी रह गई है. कनिका मान को गेम के लिए सही दिशा दिखाते हुए सलमान ने कहा कि वो जो कर रही हैं, उसी धार के साथ आगे बढ़ें.

## अनुराग कश्यप की बच्चों के सिनेमा में वापसी, 'लिटिल थॉमस' की रिलीज डेट का ऐलान




बॉलीवुड के मशहूर फिल्ममेकर अनुराग कश्यप एक बार फिर बच्चों के लिए फिल्म लेकर आ रहे हैं. ये फिल्म अनुराग कश्यप की साल 2007 में आई एनिमेटेड फिल्म 'रिटर्न ऑफ हनुमान' के बाद बच्चों के सिनेमा में उनकी वापसी है. उनकी नई फिल्म 'लिटिल थॉमस' में एक्टर गुलशन देवैया और रसिका दुग्गल मुख्य भूमिका में नजर आएंगे. कौशल ओझा के निर्देशन में बनी इस फिल्म की रिलीज डेट सामने आ गई है. फिल्म जल्द ही सिनेमाघरों में दस्तक देगी. ये एक प्यारी और दिल छू लेने वाली कहानी है, जो सिर्फ बच्चे ही नहीं, बल्कि बड़ों को भी पसंद आ सकती है.गुलशन देवैया और रसिका दुग्गल की फिल्म 'लिटिल थॉमस' 23 अक्टूबर को रिलीज होने के लिए पूरी तरह तैयार है. डायरेक्टर कौशल ओझा की इस फिल्म को लुमिनोसो पिक्चर्स, सिविक स्टूडियोज, गुड बैड फिल्म्स, रंजन सिंह की फ्लिप फिल्म्स और अनुराग कश्यप ने मिलकर बनाया है, जिसमें चाइल्ड आर्टिस्ट हृदयांश पारेख ने लिटिल थॉमस का रोल निभाया है.

**क्या है फिल्म की कहानी ?**

'लिटिल थॉमस' 90 दशक के गोवा के छोटे बच्चे की कहानी है, जो अपने माता पिता का इकलौता बेटा है. उसकी सबसे बड़ी इच्छा है कि उसका एक छोटा भाई हो. एक दिन थॉमस को पता चलता है कि छोटा भाई पाने के लिए उसके माता पिता को एक दूसरे को किस करना होगा. लेकिन उसके माता पिता हमेशा आपस में लड़ते रहते हैं और एक दूसरे को किस करने के लिए तैयार नहीं होते. ऐसे में थॉमस अपने माता पिता को मनाने की कोशिश करता है. वह उन्हें फिर से एक दूसरे के करीब लाने का जिम्मा उठाता है. फिल्म की कहानी इसी मासूम बच्चे की कोशिशों और उसके मजेदार कारनामों के इर्द गिर्द घूमती है.

**'लिटिल थॉमस' की टीम ने कही ये बात**

फिल्म के बारे में बात करते हुए रसिका दुग्गल ने कहा, ये एक ऐसी फिल्म है जो बिना फालतू तामझाम के अपनी कहानी को लिए कमिटेड है. आजकल बच्चों के लिए ऐसी फिल्में बहुत कम बन रही हैं, खासकर ऐसी फिल्में जो उन्हें नीचा न दिखाएं. मुझे लगता है कि 'लिटिल थॉमस' इस कमी को बहुत ही खूबसूरती से पूरा करती है यह बच्चों की फिल्म है, लेकिन ऐसी फिल्म है जिसका आनंद वयस्क भी उतना ही ले सकते हैं.



# प्रीति जिंटा

## को पर्दे पर खुद को देखना लगता है अजीब, नहीं देखतीं हैं अपनी फिल्में

बॉलीवुड की जानी मानी एक्ट्रेस प्रीति जिंटा जल्द ही कुणाल खेमू की फिल्म वाइब में नजर आने वाली हैं. बॉलीवुड में वापसी के बाद ये उनकी दूसरी फिल्म है. हालांकि उन्होंने अपने करीब 30 साल के करियर में कई हिट फिल्में की हैं. वहीं हाल ही में दिए एक इंटरव्यू में प्रीति ने बताया कि उन्हें खुद को पर्दे पर देखना अजीब लगता है, इसलिए वो अपनी ही फिल्में नहीं देखती हैं.

प्रीति जिंटा ने हिंदुस्तान टाइम्स के साथ बातचीत में फिल्म वाइब और अपने काम को लेकर एक्सपिरिएंस शेयर किया, जिसमें उन्होंने कहा, मैं पर्दे पर खुद को कभी परख नहीं पाती. मैं खुद को पर्दे पर नहीं देखती. फिल्म खत्म होने के बाद मैं उसे नहीं देखती. मुझे फिल्म देखते हुए बहुत अजीब लगता है. ऐसा नहीं है कि मैं देखना नहीं चाहती, लेकिन मैं देख नहीं पाती. मुझे यह बहुत अटपटा लगता है. मैं अक्सर सोचती हूं, 'मैं इसे और बेहतर कर सकती थी'.




**वाइब में एक्शन करती नजर आएंगी प्रीति**

फिल्म वाइब में प्रीति जिंटा एक सुपर जासूस मैडम एच का किरदार निभा रही हैं, जो दो अनजान लोगों को एक सीक्रेट मिशन में शामिल करती है. इन दोनों किरदारों को कुणाल खेमू और स्पर्श श्रीवास्तव निभा रहे हैं. इस फिल्म में अपने स्टंट खुद करने के बारे में बात करते हुए प्रीति ने कहा, यह हमेशा एक समझौता होता है. मैं सीढ़ियों से गिर रही हूं. लेकिन मैं इनमें से ज्यादातर स्टंट खुद करना चाहती थी, लेकिन होता ये है कि इसमें बहुत सारी तकनीकी पेचीदगियां होती हैं. इसके लिए किसी को पैसे दिए जाते हैं और आप उनसे उनका काम नहीं छीन सकते, लेकिन पूरी एक्शन टीम को सलाम. आप जो कुछ भी देखते हैं. वो उनकी कड़ी मेहनत का नतीजा है. हम तो बस सामने हैं और हां, मुझे लात पड़ी, घूंसे पड़े. मैंने कभी सोचा भी नहीं था कि ऐसा होगा. जब आप सब कुछ फिल्म में देखते हैं, तो ये कहीं ज्यादा एक्साइटेड होता है. जब आप इसे खुद करते हैं, तो यह बहुत तकनीकी होता है.

**कब रिलीज होगी वाइब ?**

कुणाल खेमू की फिल्म वाइब में प्रीति जिंटा के साथ वंशिका धीर, दिनेश लाल यादव और यशपाल शर्मा भी हैं. वहीं फिल्म में शर्मिला टैगोर कैमियो रोल में नजर आएंगी. ये फिल्म कुणाल खेमू और चिराग निहलानी के प्रोडक्शन बैनर ड्रोंगो फिल्म्स के तहत अमेजन एमजीएम स्टूडियोज के साथ बनाई गई है. फिल्म 18 सितंबर को सिनेमाघरों में रिलीज होगी.

## रेलवे पुलिस ने सुलझाई दो लाख की चोरी, दो गिरफ्तार

**एजेंसी**

**नई दिल्ली।** नई दिल्ली रेलवे स्टेशन पर यात्री के बैग से दो लाख रुपये नकद और चांदी की अंगूठियां चोरी करने के मामले को रेलवे पुलिस ने सुलझाते हुए दो आरोपितों को गिरफ्तार किया है। आरोपितों के कब्जे से चोरी की रकम में से 1.51 लाख रुपये नकद बरामद किए गए हैं। पुलिस बाकी सामान और रकम बरामद करने के लिए पूछताछ कर रही है। पुलिस के मुताबिक, 3 सितंबर को नई दिल्ली रेलवे स्टेशन थाना पुलिस को चोरी की शिकायत मिली थी। पीड़ित के बैग में दो लाख रुपये नकद, तीन चांदी की अंगूठियां, आधार कार्ड, राशन कार्ड समेत अन्य दस्तावेज और कपड़े थे। शिकायत के आधार पर ई-एफआईआर दर्ज कर जांच शुरू की गई। जांच के दौरान घटनास्थल और आसपास लगे सीसीटीवी कैमरों की फुटेज खंगाली। फुटेज में एक संदिग्ध चोरी के बैग को ले जाते हुए दिखाई दिया। उसकी पहचान अश्वनी कुमार (33) के रूप में हुई। इसके बाद पुलिस ने सीसीटीवी फुटेज और अन्य सुरागों के आधार पर उसके साथी दिलीप राठौर (36) की भी पहचान की। दोनों को नई दिल्ली रेलवे स्टेशन के एजी साइड स्थित टैक्सी स्टैंड के पास से गिरफ्तार कर लिया गया। तलाशी के दौरान अश्वनी कुमार के पास से 88 हजार रुपये और दिलीप राठौर के पास से 63,500 रुपये बरामद हुए। कुल 1,51,500 रुपये पुलिस ने कब्जे में लिए हैं।

## हिंदी दिवस पर इजरायल ने भारत को दी बधाई, राजदूत रूवेन अजार ने हिंदी बोलकर दी शुभकामनाएं

**एजेंसी**

**नई दिल्ली।** भारत में इजरायल के राजदूत रूवेन अजार ने हिंदी दिवस के अवसर पर सभी भारतवासियों को शुभकामनाएं दीं। खास बात यह रही कि राजदूत रूवेन अजार ने यह बधाई संदेश हिंदी में दिया। राजदूत रूवेन अजार ने सोशल मीडिया प्लेटफॉर्म 'एक्स' पर पोस्ट में बधाई संदेश का वीडियो साझा किया। इस पोस्ट में उन्होंने लिखा, ''हिंदी और हिब्रू, यह दो प्राचीन भाषाएं, जो आज भी जीवंत हैं। हिंदी दिवस के अवसर पर इजरायल की ओर से आप सभी को हार्दिक शुभकामनाएं।'' वीडियो संदेश में उन्होंने कहा, ''नमस्ते, मैं रूवेन अजार, भारत में इजरायल का राजदूत हूं। मैं दो वर्ष पहले भारत आया था और तभी से मैंने हिन्दी सीखनी शुरू कर दी थी। आज दो साल बाद हिंदी दिवस के अवसर पर मैं आप सभी को हार्दिक शुभकामनाएं देता हूं।'' इजरायल हमेशा ही भारत को अपना अच्छा दोस्त बताता है। भारत में होने वाले तमाम त्योहारों के मौके पर इजरायल खुद को शामिल कर अपनी अच्छी प्रतिक्रिया देता है। इससे पहले भी रक्षाबंधन के मौके पर भी इजरायली दूतावास में राखी का त्योहार मनाया गया था। उस मौके पर इजरायली दूतावास में राजनीतिक सलाहकार और युवा राजनयिक नित्तई बेन-हाइम को भारतीय बहनों ने राखी बांधी थी।

## दिल्ली में लंपी स्किन रोग नियंत्रण में, केंद्र ने की समीक्षा, 45 हजार से अधिक मवेशियों का टीकाकरण

**नई दिल्ली।** केंद्र सरकार ने राष्ट्रीय राजधानी क्षेत्र दिल्ली में मवेशियों में फैलने वाले लंपी स्किन रोग (एलएसडी) की वर्तमान स्थिति, टीकाकरण कवरेज, निगरानी और रोकथाम उपायों की रविवार को उच्चस्तरीय समीक्षा की। दिल्ली में वर्तमान में इस बीमारी के 584 सक्रिय मामले हैं लेकिन स्थिति पूरी तरह नियंत्रण में है और प्रभावित मवेशियों में संक्रमण की गंभीरता काफी कम तथा ठीक होने की दर बेहतर है। अबतक किसी भी मवेशी की मौत की सूचना नहीं है। केंद्रीय मत्स्यपालन, पशुपालन एवं डेयरी मंत्रालय के मुताबिक, पशुपालन और डेयरी विभाग (डीएएचडी) के पशुपालन आयुक्त डॉ. नवीना बी महेश्वरप्पा ने दिल्ली के पशुपालन अधिकारियों के साथ बैठक कर रोग नियंत्रण उपायों की समीक्षा की। उन्होंने बीमारी की रोकथाम के लिए निरंतर टीकाकरण, सक्रिय निगरानी और समय पर नियंत्रण उपायों को लागू करने पर जोर दिया। मंत्रालय के अनुसार, दिल्ली में सामने आए 584 सक्रिय मामले मुख्य रूप से बिना टीकाकरण वाले और कमजोर मवेशियों में पाए गए हैं, जिनमें कुपोषण या पहले से अन्य बीमारियों से ग्रस्त पशु शामिल हैं। राजधानी में बीमारी से बचाव के लिए वर्ष 2026 के दौरान अब तक 45,950 से अधिक मवेशियों का टीकाकरण किया जा चुका है और यह अभियान लगातार जारी है।

## भारत और पराग्वे ने 65 साल के राजनयिक संबंधों पर सहयोग बढ़ाने की जताई प्रतिबद्धता

**नई दिल्ली।** भारत और पराग्वे के बीच राजनयिक संबंधों की स्थापना के 65 वर्ष पूरे होने के अवसर पर दोनों देशों ने अब तक की प्रगति को रेखांकित करते हुए आपसी सहयोग को और मजबूत करने की प्रतिबद्धता दोहराई है। विदेश मंत्रालय ने कहा कि भारत और पराग्वे राजनयिक संबंधों की स्थापना की 65वीं वर्षगांठ मना रहे हैं। यह अवसर छह दशक से अधिक समय से जारी मित्रता, आपसी सम्मान और समझ को दर्शाता है। दोनों देशों के बीच लगातार संवाद और अपने लोगों को करीब लाने की साझा प्रतिबद्धता के चलते द्विपक्षीय संबंध लगातार मजबूत हुए हैं। विदेश मंत्रालय ने कहा, 'दोनों सरकारें अब तक हासिल की गई प्रगति को रेखांकित करती हैं और साझा हित वाले रणनीतिक क्षेत्रों में सहयोग को और गहरा करने की अपनी इच्छा दोहराती हैं। साथ ही, आर्थिक और व्यापारिक आदान-प्रदान बढ़ाने के उद्देश्य से नई पहलों को बढ़ावा देने पर भी जोर दिया गया है। '

दोनों देशों ने इस संबंध को सहयोग, समृद्धि और पारस्परिक लाभ के एक नए चरण में ले जाने की प्रतिबद्धता जताई है।

# अभाविप का घोषणा पत्र जारी

### अभाविप का घोषणा पत्र जारी, आवास, भागीदारी, विश्वास और परिणाम पर केंद्रित

**एजेंसी**

**नई दिल्ली।** अखिल भारतीय विद्यार्थी परिषद (अभाविप) ने दिल्ली विश्वविद्यालय छात्रसंघ चुनाव के निमित्त अपना घोषणापत्र जारी कर दिया है। इस वर्ष अभाविप का घोषणापत्र 'अ-आवास, भा-भागीदारी, वि-विश्वास, प-परिणाम' के चार व्यापक आधारों पर केंद्रित है, जिसमें सुरक्षित एवं सुलभ विद्यार्थी आवास, महिला सुरक्षा, विश्वविद्यालय की निर्णय प्रक्रिया में विद्यार्थियों की प्रभावी भागीदारी, बेहतर शैक्षणिक व्यवस्था तथा रोजगार के अवसरों को प्रमुखता दी गई है। अध्यक्ष पद पर यश डबास, उपाध्यक्ष पद पर ईशू मौर्य, सचिव पद पर रिया छाबड़ी एवं संयुक्त सचिव पद पर लक्ष्यराज सिंह अभाविप के प्रत्याशी हैं। अभाविप के पूरे पैनल का मतदान क्रमांक 7-3-3-3 है और प्रत्याशी विद्यार्थियों के बीच लगातार संपर्क एवं संवाद कर रहे हैं। अभाविप पैनल से अध्यक्ष पद के प्रत्याशी यश डबास ने कहा, घोषणापत्र का अ-आवास, भा-भागीदारी, वि-विश्वास और प-परिणाम विद्यार्थियों की रोजमर्रा की जरूरतों और उनकी आकांक्षाओं से




जुड़े हमारे काम की दिशा को स्पष्ट करता है। जहां एक ओर बाकी संगठन आपसी मतभेदों और आंतरिक खींचतान में उलझे हुए हैं, वहीं अभाविप के प्रत्याशी एकजुट होकर विद्यार्थियों के मुद्दों को लेकर उनके बीच पहुंच रहे हैं। सुरक्षित आवास से लेकर महिला सुरक्षा, विश्वविद्यालय की निर्णय प्रक्रिया में विद्यार्थियों की भागीदारी, बेहतर शैक्षणिक व्यवस्था और रोजगार के अवसरों तक, हमारा प्रयास हर उस विषय पर काम करने का है जो विद्यार्थी के वर्तमान और भविष्य से जुड़ा है। सत्य निकेतन हादसे के बाद सुरक्षित विद्यार्थी आवास के लिए अभाविप ने लगातार आवाज उठाई है और आगे भी इस दिशा में मजबूती से काम करेगी। उपाध्यक्ष पद के प्रत्याशी ईशू मौर्य ने कहा कि विश्वविद्यालय से जुड़े निर्णयों में विद्यार्थियों की आवाज को उचित स्थान मिलना जरूरी है। अभाविप विद्यार्थियों के प्रभावी प्रतिनिधित्व के साथ दिव्यांग विद्यार्थियों के लिए सुगम परिसर, समान अवसर और शैक्षणिक एवं सह-पाठ्यक्रम गतिविधियों में बेहतर भागीदारी के लिए काम करेगी। हमारा प्रयास रहेगा कि विद्यार्थियों की समस्याएं सुनी जाएं और उनके समाधान के लिए प्रभावी व्यवस्था बने। सचिव पद की प्रत्याशी रिया छाबड़ी ने कहा कि महिला सुरक्षा एक सुरक्षित विश्वविद्यालय की बुनियादी आवश्यकता है। छात्राओं के लिए बेहतर प्रकाश व्यवस्था, सुरक्षा गश्त, पिंक बूथ, कॉमन रूम और सैनिटरी नैपकिन जैसी आवश्यक सुविधाओं के साथ स्वास्थ्य केंद्रों में स्त्री-रोग विशेषज्ञ की उपलब्धता सुनिश्चित करना जरूरी है। साथ ही शिकायतों के समाधान की प्रभावी व्यवस्था हो, ताकि हर छात्रा बिना किसी भय के अपनी पढ़ाई और अपने लक्ष्य पर ध्यान दे सके। संयुक्त सचिव पद के प्रत्याशी लक्ष्य राज सिंह ने कहा कि विद्यार्थियों को ऐसी शैक्षणिक व्यवस्था मिलनी चाहिए, जिसमें उनकी मेहनत का परिणाम समय पर मिले और आगे बढ़ने के पर्याप्त अवसर भी उपलब्ध हों। समयबद्ध परिणाम और पारदर्शी परीक्षा व्यवस्था के साथ रोज ङ्कस्क्कभाविप दिल्ली प्रांत के प्रदेश सचिव सार्थक शर्मा ने कहा कि अक्चभाविप पूरी सकारात्मकता के साथ दिल्ली विश्वविद्यालय के विद्यार्थियों के बीच पहुंच रही है और उनके मुद्दों1श्वकल्प के साथ आगे बढ़ रहा है।

## पुलिस अधिकारियों ने थाना दिवस में 2333 शिकायतें सुनीं

**जनसुनवाई में संयुक्त पुलिस आयुक्त से लेकर सहायक पुलिस आयुक्त स्तर तक के वरिष्ठ अधिकारी अलग-अलग थानों में पहुंचे।**

**एजेंसी**

**नई दिल्ली।** ब्रिक्स सम्मेलन के लिए दिल्ली में सुरक्षा व्यवस्था मजबूत करने के साथ ही दिल्ली पुलिस ने थानों में जनसुनवाई का सिलसिला भी जारी रखा। राजधानी के सभी छह पुलिस रेंज के थानों में आयोजित 'थाना दिवस-जनसुनवाई' में पुलिस अधिकारियों ने लोगों की शिकायतें सुनीं। इस दौरान कुल 2333 शिकायतों और समस्याओं पर सुनवाई की गई। जनसुनवाई में संयुक्त पुलिस आयुक्त से लेकर सहायक पुलिस आयुक्त स्तर तक के वरिष्ठ अधिकारी अलग-अलग थानों में पहुंचे। अधिकारियों ने लोगों से सीधे बातचीत कर उनकी समस्याएं सुनीं और शिकायतों के निस्तारण की प्रगति की भी निगरानी की। पुलिस अधिकारियों की मौजूदगी से लोगों को अपनी समस्या सीधे वरिष्ठ अधिकारियों तक पहुंचाने का मौका मिला। दिल्ली पुलिस के मुताबिक, 'थाना दिवस-जनसुनवाई' की शुरुआत जून में उपराज्यपाल सरदार तरनजीत सिंह संधू के निर्देश पर की गई थी। इसका उद्देश्य पुलिस और आम लोगों के बीच सीधा संवाद बढ़ाना, पुलिस सेवाओं को लोगों के लिए आसानी से उपलब्ध कराना और शिकायतों का जल्द एवं प्रभावी निस्तारण सुनिश्चित करना है। इस पहल के तहत प्रत्येक सुबह 10 बजे से दोपहर 2 बजे तक थानों में जनसुनवाई आयोजित की जाती है। पुलिस का कहना है कि वरिष्ठ अधिकारियों की सीधे थानों में मौजूदगी से




शिकायतों की निगरानी बेहतर तरीके से हो रही है और लोगों को अपनी समस्याओं के लिए पुलिस के वरिष्ठ अधिकारियों तक पहुंचने का सीधा मंच मिल रहा है। दिल्ली पुलिस आयुक्त अनुराग कुमार के नेतृत्व में चल रही इस पहल को नागरिक केंद्रित पुलिसिंग की दिशा में अहम कदम माना जा रहा है। ब्रिक्स सम्मेलन के मद्देनजर राजधानी में सुरक्षा व्यवस्था को लेकर पुलिस बल की बड़ी तैनाती और लगातार सुरक्षा समीक्षा के बीच भी थानों में जनसुनवाई जारी रखना पुलिस की प्राथमिकताओं में नागरिक शिकायतों के निस्तारण को दर्शाता है।


## भारत-वियतनाम ने क्षेत्रीय सुरक्षा के लिए समुद्री व रक्षा सहयोग की प्रतिबद्धता दोहराई

**एजेंसी**

**नई दिल्ली।** ब्रिक्स शिखर सम्मेलन के दौरान भारत और वियतनाम के प्रधानमंत्रियों के बीच हुई हालिया उच्चस्तरीय द्विपक्षीय बैठक के बाद रक्षा सचिव राजेश कुमार सिंह ने रविवार को नई दिल्ली में वियतनाम के राष्ट्रीय रक्षा उपमंत्री वरिष्ठ लेफ्टिनेंट जनरल गुयेन टूओंग थांग के साथ बैठक की।

इस दौरान दोनों देशों के बीच मैत्रीपूर्ण संबंधों को मजबूत करने, क्षेत्रीय सुरक्षा को बढ़ावा देने तथा द्विपक्षीय 'विस्तृत व्यापक रणनीतिक साझेदारी' को और गहरा करने पर विशेष जोर दिया गया।

बातचीत में संयुक्त गतिविधियों को गति देने, प्रौद्योगिकी के आदान-प्रदान और रक्षा उद्योग में सहयोग बढ़ाने पर विशेष जोर दिया गया। दोनों पक्षों ने समुद्री व रक्षा संबंधों को मजबूत करने की अपनी साझा प्रतिबद्धता दोहराई, ताकि क्षेत्र में शांतिपूर्ण, स्थिर और नियम-आधारित सुरक्षा व्यवस्था सुनिश्चित की जा सके। भारत और वियतनाम ने सुरक्षा से जुड़े जटिल मुद्दों से निपटने के लिए बहुपक्षीय मंचों पर आपसी समन्वय को महत्वपूर्ण बताया। दोनों पक्षों ने विशेष रूप से आसियान रक्षा



मंत्रियों की बैठक-प्लस (एडीएमएम-प्लस) के तहत सक्रिय भागीदारी के महत्व पर जोर दिया।

दोनों पक्षों ने आसियान के नेतृत्व वाले तंत्र के माध्यम से व्यावहारिक रक्षा सहयोग को बढ़ावा देने की अपनी साझा प्रतिबद्धता दोहराई। उन्होंने इस बात पर सहमति जताई कि 'आसियान रक्षा मंत्रियों की बैठक-प्लस' के विशेषज्ञ कार्य समूह जैसे सहयोगी मंच हिंद-प्रशांत क्षेत्र में स्थिरता बनाए रखने और सामूहिक सुरक्षा ढांचे को मजबूत करने में महत्वपूर्ण भूमिका निभाते हैं। दोनों पक्ष 'एयरो इंडिया-2027' के दौरान भारत में अगली 'रक्षा नीति वार्ता' आयोजित करने पर भी सहमत हुए।

## सीआरबी एवं सीईओ ने डीएफसीसीआईएल कार्यालय का दौरा किया

### वॉर रूम और इलेक्ट्रॉनिक इंटरलॉकिंग ट्रेनिंग सेटअप का उद्घाटन

**एजेंसी**

**नई दिल्ली।** रेलवे बोर्ड के चेयरमैन एवं मुख्य कार्यकारी अधिकारी (सीआरबी एवं सीईओ) सतीश कुमार ने सेक्टर-145 स्थित डेडिकेटेड फ्रेट कॉरिडोर कॉरपोरेशन ऑफ इंडिया लिमिटेड (डीएफसीसीआईएल) के कॉरपोरेट कार्यालय का दौरा किया। उन्होंने केंद्रीय नियंत्रण प्रणाली, रेलवे ट्रैक, परिचालन व्यवस्था और सुरक्षा से जुड़े पहलुओं की समीक्षा की। उन्होंने डीएफसीसीआईएल ट्रैक पर चलने वाली प्रत्येक मालगाड़ी की कंप्यूटरीकृत निगरानी व्यवस्था का भी जायजा लिया।

उन्होंने कमियों की शुरुआती स्तर पर पहचान कर तत्काल समाधान करने के निर्देश दिए। दौरे के दौरान सतीश कुमार ने वॉर रूम का उद्घाटन किया। उन्होंने मालगाड़ियों की 24 घंटे निगरानी के लिए ट्रैक की कमियों की पहचान करने वाला समर्पित डैशबोर्ड विकसित करने को कहा। उन्होंने विजिलेंस कंट्रोल डिवाइस की प्रभावशीलता की समीक्षा और आवश्यक तकनीकी सुधार करने के निर्देश दिए। स्टेशनों पर कैमरों, सिग्नल एक्सचेंज सिस्टम और अन्य आधुनिक तकनीकों के इस्तेमाल की निरंतर निगरानी पर भी जोर दिया। सतीश कुमार ने ट्रेन



परिचालन में आने वाली तकनीकी कमियों, मशीन विजन निरीक्षण प्रणाली और हॉट एक्सल बॉक्स डिटेक्टर से जुड़ी व्यवस्थाओं की समीक्षा की। हॉट एक्सल बॉक्स डिटेक्टर से जुड़ी समस्याओं के समाधान के लिए मूल कारण की पहचान, विस्तृत विश्लेषण और स्थायी सुधार लागू करने की तीन-स्तरीय प्रक्रिया अपनाने पर जोर दिया। ट्रेन के पटरी से उतरने और आग लगने की घटनाओं की विस्तृत जांच तथा उनके निष्कर्षों की नियमित समीक्षा के निर्देश भी दिए गए। कैटल रन ओवर की घटनाओं में कमी को सकारात्मक विकास बताया गया। मल्टी-मोडल लॉजिस्टिक्स हब के जरिए नए माल यातायात को बढ़ावा देने और जेएनपीटी में कंटेनर आवाजाही को संतुलित करने पर भी चर्चा हुई।

## गांधी नगर में छत से गिरकर युवक की मौत

**एजेंसी**

**नई दिल्ली।** पूर्वी दिल्ली के गांधी नगर थाना क्षेत्र की नामदेव गली में रविवार तड़के छत से गिरने के बाद 30 वर्षीय युवक की मौत हो गई। मृतक की पहचान दीपक के रूप में हुई है। पुलिस यह पता लगाने में जुटी है कि युवक छत से गलती से गिरा या उसे किसी ने धक्का दिया। मामले की जांच के लिए क्राइम और फॉरेंसिक टीम ने मौके से साक्ष्य जुटाए हैं। पुलिस के अनुसार, सुबह करीब 5:20 बजे सूचना मिली कि नामदेव गली में सड़क पर एक व्यक्ति घायल अवस्था में पड़ा है। सूचना मिलते ही गांधी नगर थाना पुलिस मौके पर पहुंची। जांच में पता चला कि युवक छत से गिरा था। उसकी हालत गंभीर थी।

मौके पर क्राइम टीम और फॉरेंसिक विशेषज्ञों को बुलाया गया। टीम ने घटनास्थल का निरीक्षण कर जरूरी साक्ष्य जुटाए। पुलिस आसपास लगे सीसीटीवी कैमरों की फुटेज भी खंगाल रही है, ताकि घटना से पहले युवक की गतिविधियों और उसके साथ मौजूद लोगों के बारे में जानकारी मिल सके। पुलिस अधिकारियों के मुताबिक, फिलहाल यह स्पष्ट नहीं है कि दीपक खुद छत से गिरा या उसे किसी ने धक्का दिया। दोनों पहलुओं को ध्यान में रखकर जांच की जा रही है। शव को पोस्टमार्टम के लिए भेज दिया गया है।

पोस्टमार्टम रिपोर्ट से भी मौत की परिस्थितियों को स्पष्ट करने में मदद मिलेगी। पुलिस के मुताबिक, दीपक मूल रूप से बिहार के किशनगंज पिपला का रहने वाला था। मामले में आसपास के लोगों से भी पूछताछ की जा रही है। जांच पूरी होने के बाद ही घटना की सही वजह सामने आएगी।

## दिल्ली मेट्रो के अर्पण केंद्रों में 41 टन से अधिक पुराने कपड़े हुए जाम, 27 हजार के उत्पादों की हुई बिक्री

**एजेंसी**

**नई दिल्ली।** दिल्ली मेट्रो के दस अर्पण केंद्रों में लोगों 41 टन से अधिक पुराने कपड़े जाम किए और पुराने कपड़ों से तैयार उत्पादों की बिक्री करके इन केंद्रों ने 27,036 रुपये की कमाई दर्ज की है। मुख्यमंत्री रेखा गुप्ता ने रविवार को विज्ञप्ति जारी करते हुए कहा कि दिल्ली मेट्रो रेल निगम के अर्पण केंद्र पुराने कपड़ों के उचित निपटान की समस्या का व्यावहारिक समाधान तो दे ही रहे हैं, साथ ही उन्हें पुनः उपयोग और रीसाइक्लिंग के माध्यम से उपयोगी उत्पादों में बदलने की दिशा में महत्वपूर्ण भूमिका निभा रहे हैं। उन्होंने कहा कि 31 अगस्त तक 10 अर्पण केंद्रों पर कुल 3,940 लोगों ने 41,181.59 किलोग्राम कपड़े जमा कराए। इनमें डॉ. बाबा साहेब अंबेडकर अस्पताल केंद्र पर सबसे अधिक 9,861.40 किलोग्राम, जबकि शालीमार बाग केंद्र पर 9,761.03 किलोग्राम कपड़े जमा हुए। पंजाबी बाग पश्चिम में 6,534.98 किलोग्राम और शाहदरा में 6,386.08 किलोग्राम कपड़ों का संग्रह हुआ। इसके अलावा मयूर विहार-1 में 5,189.40 किलोग्राम, हौज खास में 1,680.70 किलोग्राम, द्वारका-ककरोला में 689.40




किलोग्राम, मालवीय नगर में 467.40 किलोग्राम, लाजपत नगर में 395.70 किलोग्राम और मोहन एस्टेट में 215.50 किलोग्राम कपड़े जमा हुए। पांच केंद्र 3 अगस्त को शुरू किए गए थे, जबकि अन्य केंद्र 12 और 17 अगस्त को चालू हुए।

मुख्यमंत्री ने बताया कि अर्पण केंद्रों पर जमा कपड़ों को अलग-अलग श्रेणियों में बांटकर उनके उपयोग के अनुसार आगे भेजा जा रहा है। प्राप्त सामग्री का एक हिस्सा पुनः उपयोग और अपसाइक्लिंग के लिए अलग किया गया, जबकि बड़ी मात्रा को रीसाइक्लिंग के लिए भेजा गया। लगभग 4,266 किलोग्राम सामग्री को पुनः उपयोग/अपसाइक्लिंग और 29,424 किलोग्राम को रीसाइक्लिंग के लिए अलग किए जाने की जानकारी दी गई है।

उन्होंने कहा कि इन कपड़ों से स्वयं सहायता समूहों द्वारा रग, फोल्डर, की-रिंग, पाउच, बैग और तोरण जैसे उपयोगी उत्पाद तैयार किए जा रहे हैं। अर्पण केंद्रों पर इन उत्पादों को प्रदर्शित भी किया गया है। इस तरह लोगों द्वारा दिए गए पुराने कपड़े सीधे बेकार सामग्री बनने के बजाय नए उपयोगी उत्पादों का रूप ले रहे हैं। मुख्यमंत्री ने बताया कि पुराने कपड़ों से तैयार उत्पादों की बिक्री भी इन केंद्रों पर की जा रही है। दस अर्पण केंद्रों से कुल 27,036 रुपये की बिक्री दर्ज की गई है। इस पहल का एक महत्वपूर्ण पहलू यह है कि पुराने कपड़ों को केवल संग्रहित नहीं किया जा रहा, बल्कि उन्हें उपयोगी उत्पादों में बदलकर उनकी बिक्री भी की जा रही है। इससे पुराने कपड़ों के बेहतर उपयोग की दिशा में एक व्यावहारिक व्यवस्था तैयार होती दिखाई देती है। अर्पण केंद्रों की पहुंच बढ़ाने के लिए अब 10 और केंद्र खोलने का प्रस्ताव है। ये केंद्र जनवरी 2027 में प्रस्तावित हैं। इनमें मॉडल टाउन, आईएनए, आईपी एक्सटेंशन, पश्चिम विहार पश्चिम, राजेंद्र प्लेस, जनकपुरी पश्चिम, राजौरी गार्डन, ग्रेटर कैलाश, द्वारका सेक्टर-10 और छतरपुर मेट्रो स्टेशन शामिल हैं। मुख्यमंत्री ने कहा कि अर्पण केंद्र पुराने कपड़ों के उचित निपटान की समस्या का व्यावहारिक समाधान देने के साथ-साथ उन्हें पुनः उपयोग और रीसाइक्लिंग के माध्यम से उपयोगी उत्पादों में बदलने की दिशा में महत्वपूर्ण पहल हैं। दिल्लीवासियों की भागीदारी से इस व्यवस्था को और व्यापक बनाया जा सकता है।

## अवैध शराब के विरुद्ध दिल्ली आबकारी विभाग की बड़ी कार्रवाई

### *पांच माह में 725 एफआईआर और 730 गिरफ्तार*

**एजेंसी**

**नई दिल्ली।** दिल्ली में अवैध शराब की बिक्री और तस्करी पर रोक लगाने के लिए दिल्ली के आबकारी विभाग ने प्रवर्तन कार्रवाई तेज कर दी है। विभाग ने अप्रैल से अगस्त तक अवैध शराब की बिक्री और परिवहन के मामलों में 725 एफआईआर दर्ज कर 730 लोगों को गिरफ्तार किया है। इस दौरान अवैध शराब लेकर जा रहे 197 वाहनों को जब्त किया गया है। मुख्यमंत्री रेखा गुप्ता ने एक बयान में कहा कि सरकार अवैध शराब के कारोबार के प्रति जीरो टॉलरेंस की नीति पर काम कर रही है। इसी उद्देश्य से दिल्ली सरकार एक प्रभावी आबकारी नीति भी तैयार कर रही है। आबकारी विभाग के अनुसार दिल्ली की भौगोलिक सीमाएं पड़ोसी राज्यों से जुड़ी होने के कारण यहां करीब 70 छोटे-बड़े प्रवेश मार्ग हैं। इन मार्गों के जरिए अवैध शराब की तस्करी की संभावना बनी रहती है। इसे देखते हुए विभाग की प्रवर्तन शाखा लगातार निगरानी रखती है और अवैध शराब की बिक्री या परिवहन में शामिल लोगों के खिलाफ कानूनी कार्रवाई करती है। वित्त वर्ष 2025-26 में अप्रैल से अगस्त की समान अवधि के दौरान विभाग ने 315 एफआईआर दर्ज की थीं और 312



लोगों को गिरफ्तार किया था। इस अवधि में 112 वाहन जब्त किए गए थे तथा करीब एक लाख बोतल अवैध शराब बरामद की गई थी। इस वर्ष इसी अवधि में प्रवर्तन गतिविधियों में उल्लेखनीय वृद्धि हुई है। वित्त वर्ष 2026-27 में अप्रैल से अगस्त 2026 तक अवैध शराब की बिक्री और परिवहन के मामलों में 725 एफआईआर दर्ज कर 730 लोगों को गिरफ्तार किया है।

इस दौरान अवैध शराब लेकर जा रहे 197 वाहनों को जब्त करने के साथ करीब 2.20 लाख बोतल अवैध शराब भी बरामद की गई हैं। लाइसेंस प्राप्त परिसरों में नियमों के उल्लंघन के मामलों में भी कार्रवाई की जा रही है। ऐसे मामलों में सात एफआईआर दर्ज कर संबंधित बार को सील और नियमों का उल्लंघन करने वालों पर जुर्माना लगाने सहित अन्य वैधानिक कार्रवाई भी की गई है। आबकारी विभाग के मुताबिक, दिल्ली में आने वाले त्योहारी सीजन को देखते हुए प्रवर्तन गतिविधियों को और बढ़ाया जाएगा। विभाग का उद्देश्य अवैध शराब के कारोबार में शामिल तत्वों के खिलाफ सख्त कार्रवाई करने के साथ-साथ दिल्ली में वैध माध्यमों से शराब की उपलब्धता सुनिश्चित करना है। इसके लिए सरकारी निगमों द्वारा संचालित खुदरा दुकानों तथा होटल, क्लब और रेस्तरां जैसे 'ऑन-प्रिमाइसेस' बिक्री केंद्रों के माध्यम से बॉन्डेड शराब की आपूर्ति सुनिश्चित की जाएगी।

मुख्यमंत्री ने कहा कि दिल्ली सरकार अवैध शराब के कारोबार के प्रति जीरो टॉलरेंस की नीति पर काम कर रही है। सरकार एक नई आबकारी नीति पर भी काम कर रही है, जिसका उद्देश्य सार्वजनिक सुरक्षा को मजबूत करना, शराब के कारोबार का ज़िम्मेदार नियमन, गुणवत्ता सुनिश्चित करने के अलावा सरकार के लिए राजस्व भी बढ़ाना है। उन्होंने कहा कि त्योहारों के दौरान दिल्लीवासियों को किसी तरह की असुविधा न हो, इसके लिए वैध शराब की पर्याप्त उपलब्धता सुनिश्चित करने के साथ अवैध शराब की बिक्री और तस्करी पर प्रभावी अंकुश लगाना सरकार की प्राथमिकता है। कानून का उल्लंघन करने वालों के खिलाफ सख्त कार्रवाई जारी रहेगी।

## ब्रिक्स सम्मेलन में वैश्विक सुधार और ग्लोबल साउथ के प्रतिनिधित्व पर जोर

**एजेंसी**

**नई दिल्ली।** भारत की अध्यक्षता में ब्रिक्स शिखर सम्मेलन दो दिनों की गहन चर्चाओं और बैठकों के बाद सम्पन्न हो गया। सम्मेलन में वैश्विक सुधार और ग्लोबल साउथ को प्रतिनिधित्व देने पर जोर रहा। इस दौरान भारत के इस केंद्रीय प्रस्ताव पर व्यापक सहमति बनी कि ब्रिक्स को केवल घोषणात्मक होने के बजाय व्यावहारिक, कार्रवाई योग्य और जन-केंद्रित होना चाहिए। इसके अलावा ब्रिक्स में स्पष्ट शब्दों में आतंकवाद की निंदा की गई और स्वास्थ्य, खाद्य सुरक्षा, ऊर्जा, डिजिटल सार्वजनिक अवसंरचना और आपदा से निपटने की क्षमता जैसे क्षेत्रों में सहयोग पक्का किया गया। भारत ने अपनी ब्रिक्स अध्यक्षता का उपयोग भागीदारी को सीमित करने के बजाय व्यापक बनाने के लिए किया। भारत की अध्यक्षता परिणामों पर केंद्रित रही। शिखर सम्मेलन ने चार प्राथमिकता स्तंभों में परिणामों के महत्वपूर्ण पैकेज को मंजूरी दी। विभिन्न विषयगत क्षेत्रों में 50 से अधिक ठोस परिणाम समाने आए। ब्रिक्स में दुर्लभ खनिजों को भी सहयोग का महत्वपूर्ण क्षेत्र माना गया। विदेश मंत्रालय का कहना है कि ब्रिक्स शिखर सम्मेलन के दौरान हुई चर्चा में ग्लोबल साउथ को केंद्र में रखकर विचार विमर्श किया गया। इसी को प्रधानमंत्री ने अपने हस्तक्षेप में कहा 'हमें ग्लोबल साउथ की उम्मीद के बारे में बहुत अच्छी तरह से पता होना चाहिए और तभी हम उन उम्मीदों को पूरा करने के लिए उन्हें वैश्विक मंच पर असरदार तरीके से बता सकते हैं।' ब्रिक्स शिखर वार्ता के समापन के बाद विदेश मंत्रालय की ओर से रविवार को प्रेस वार्ता आयोजित की गई। इसमें मंत्रालय में सचिव (आर्थिक संबंध) और ब्रिक्स के शेरपा सुधाकर दलेला, विदेश मंत्रालय के प्रवक्ता रणधीर जायसवाल और मल्टीलेटरल इकोनामिक रिलेशंस के जॉइंट सेक्र टरी शंभू हक्की मौजूद रहे। शेरपा सुधाकर ने बताया कि समावेशी विकास पर प्रधानमंत्री के केंद्रीय संदेश में कहा गया कि ब्रिक्स में विकसित समाधान केवल ब्रिक्स तक ही सीमित नहीं रहने चाहिए। इन्हें वैश्विक दक्षिण की आवश्यकताओं के अनुरूप ढालना और सुलभ बनाना आवश्यक है। उन्होंने इस बात पर जोर दिया कि ब्रिक्स के तीसरे दशक में प्रवेश करने के साथ ही, दुनिया उससे न केवल विचारों और प्रतिबद्धताओं की, बल्कि ठोस परिणामों की भी अपेक्षा करती है।